RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 302
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




भारत का लक्ष्य एक दूसरे का हाथ पकड़कर साथ चलनाः राजनाथ

राष्ट्रीय-9

# लगातार बरसात से बेहाल दिल्ली-एनसीआर, थमी रफ्तार

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय राजधानी में** बृहस्पतिवार को कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिससे दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद समेत आसपास के इलाकों में जलभराव, गड्ढे और बसों के खराब होने से सड़कों पर वाहन रेंगते रहे। इसके चलते गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। लोगों को मिनटों का सफर घंटों में करना पड़ा। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शहर में और अधिक बारिश होने और 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया और शुक्रवार तक के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

ऑरेंज अलर्ट का मतलब भारी बारिश और रेल, सड़क तथा हवाई परिवहन सेवाओं के संभावित व्यवधान से है। गुरुवार को लगातार दूसरा दिन था जब राजधानी में नौकरीपेशा और काम पर जाने वाले लोगों को अपने काम पर जाने में यातायात जाम का सामना करना पड़ा। साथ ही निचले इलाकों में जलभराव में भी फंसना पड़ा। बुधवार देर रात से हो रही मूसलाधार बारिश के अलावा, प्रमुख सड़कों पर बसों के खराब होने से गुरुवार को सुबह और शाम को व्यस्त समय में ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। खानपुर इलाके में चल रहे मेट्रो निर्माण कार्य के चलते स्थिति और खराब कर दिया है। वहीं प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में नागरिक विमानन पर दूसरे एशिया-प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे। नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम मेंआयोजित सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के कारण लुटियंस दिल्ली के आसपास यातायात प्रभावित रहा। इस बीच कुछ रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को स्थानीय लोगों से कॉलोनियों से बाहर निकलते समय सतर्क रहने की



नई दिल्ली में झमाझम बारिश और खानपुर मेट्रो के काम के चलते पंचशील से शेख सराय रोड तक लंबा जाम लग गया और यातायात प्रभावित रहा। रंजन डिमरी/पायनियर

चेतावनी जारी करनी पड़ी। इससे यातायात की स्थिति विकट बनी रही। दक्षिणी दिल्ली में सैनिक फार्म वेलफेयर एसोसिएशन ने अपने सोशल मीडिया ग्रुप पर अलर्ट और अपडेट जारी किए हैं, खास तौर पर मेट्रो के काम और बारिश के कारण क्षेत्र में व्यवधान के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में शहर के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग में 16 मिमी, आयानगर में 15.7 मिमी, दिल्ली विश्वविद्यालय में पांच मिमी, लोदी रोड में 16 मिमी, नरेला में 1.5 मिमी, पालम में नौ मिमी, रिज में 11 मिमी, पीतमपुरा में 13 मिमी और मयूर विहार के सलवान पब्लिक स्कूल में 13 मिमी बारिश दर्ज की गई। इंडिया गेट, जनपथ रोड, आर के पुरम, कालिंदी कुंज, गाजीपुर, इंदिरापुरम, लक्ष्मी नगर, द्वारका, कनॉट प्लेस, नोएडा, सफदरजंग, उत्तम नगर, ईस्ट ऑफ कैलाश और रोहिणी सहित दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई।

इस साल मार्च में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा उद्घाटन किए गए मोती नगर फ्लाईओवर पर कई जगहों पर पानी भर गया और गड्ढे हो गए। लोक निर्माण विभाग के पंप भी काम नहीं कर रहे थे, जिससे यात्रियों को भारी जाम में फंसना पड़ा। मुंड़का, धौला कुआं, मोती बाग, महरौली-बदरपुर रोड, लाजपत नगर, करोल बाग, पंजाबी बाग, खानपुर, आईटीओ, जहांगीरपुरी, सफदरजंग, कश्मीरी गेट आईएसबीटी और ओखला एस्टेट सहित अन्य इलाकों में बारिश के बाद पानी भर गया, जिससे यातायात धीमा हो गया और वाहनों को एक से डेढ़ फुट तक पानी से गुजरना पड़ा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुलिस ने बताया कि सड़क पर एक बड़े गड्ढे के कारण उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन के टी पॉइंट से पंखा रोड की ओर जाने वाले कैरिजवे में ओल्ड पंखा रोड पर यातायात प्रभावित हुआ है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एक्स पर कहा मुकरबा चौक से आजादपुर चौक की ओर जाने वाले दोनों कैरिजवे पर जीटीके डिपो के पास जलभराव के कारण यातायात प्रभावित है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बताया कि खानपुर टी पॉइंट से महरौली की ओर जाने वाले एमबी रोड पर गड्ढों और जलभराव के कारण यातायात प्रभावित है। इसी तरह, रोहतक रोड पर गड्ढों और जलभराव के कारण यातायात जाम हो गया। नजफगढ़ रोड पर नवादा से उत्तम नगर की ओर जाने वाले कैरिजवे पर बीएसईएस द्वारा किए जा रहे काम के कारण ( शेष पृष्ठ 9 )

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** आबकारी नीति मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जमानत और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तारी को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट आज (शुक्रवार) को अपना फैसला सुनाएगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 13 सितंबर की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले में फैसला सुनाएगी। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की अध्यक्षता वाली पीठ ने 5 सितंबर को याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल ने जमानत से इनकार करने और केंद्रीय एजेंसी द्वारा दायर भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को गिरफ्तार किया था। आबकारी नीति घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया, के कविता, विजय नायर और कई अन्य आरोपियों को अदालतों ने जमानत दे दी है। आप संयोजक ने दिल्ली



उच्च न्यायालय के 5 अगस्त के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है, जिसमें भ्रष्टाचार के मामले में उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखा गया था। केजरीवाल ने तर्क दिया कि उनकी गिरफ्तारी एक रणनीतिक कदम था। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने तर्क दिया कि संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल की जमानत के बाद हुई गिरफ्तारी, सीबीआई की ओर से लगभग दो साल तक कार्रवाई नहीं करने के बाद गिरफ्तारी अप्रत्याशित थी। उच्च न्यायालय ने कहा था कि सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद प्रासंगिक साक्ष्य एकत्र करने के बाद केजरीवाल के खिलाफ सबूतों का चक्र बंद हो गया था और यह नहीं कहा जा सकता कि यह बिना किसी उचित कारण या अवैध था। उच्च न्यायालय ने उन्हें मामले में जमानत की याचिका के साथ निचली अदालत का दरवाजा खटखटाने की स्वतंत्रता भी दी थी। मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है, जिसे अब रद्द कर दिया गया है।

# प्रधानमंत्री पहुंचे सीजेआई के घर, भाजपा आई बचाव में



नई दिल्ली में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर 'गणपति पूजन' में भाग लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फोटो : पीटीआई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के गणेश पूजा समारोह में प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर शामिल होने पर अब विवाद खड़ा हो गया है। पीएम के पूजा में शामिल होने पर विपक्ष के कई नेताओं और उच्चतम न्यायालय के कुछ वकीलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। इस पर भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उनकी प्रतिक्रियाओं को लापरवाही भरा बताया और कहा कि शीर्ष अदालत पर निराधार आक्षेप लगाना एक खतरनाक मिसाल पेश करता है। भाजपा ने कांग्रेस को उस समय की याद दिलाई जब वर्ष 2009 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने तत्कालीन सीजेआई केजी बालकृष्णन को इफ्तार पार्टी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। इस समारोह से संबंधित एक वीडियो में चंद्रचूड़ और उनकी पत्नी कल्पना दास अपने घर पर मोदी का स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सीजेआई के आवास पर मोदी के पूजा में शामिल होने पर विपक्ष के कई नेताओं और उच्चतम न्यायालय के कुछ वकीलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। एक्स पर पीएम मोदी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, भगवान श्री गणेश हम सभी को सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में हैरानी जताई कि सीजेआई के आवास पर एक धार्मिक आयोजन में प्रधानमंत्री के भाग लेने पर भी कुछ लोग राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह इफ्तार पार्टी का आयोजन करते थे तो क्या उसमें प्रधान न्यायाधीश नहीं आते थे। उन्होंने कहा, जब इफ्तार पार्टी में चीफ जस्टिस और प्रधानमंत्री बैठ सकते हैं, गुफ्तगू कर सकते हैं, एक टेबल पर बैठकर जब दोनों की बात हो सकती है। वह भी एक त्यौहार है यह भी एक त्यौहार है। दोनों त्योहारों के बीच यह अंतर क्यों।

पात्रा ने कहा कि यह आपत्ति दोनों के मिलने से नहीं है बल्कि गणपति पूजा से है। उन्होंने कहा, कुछ मूर्खतापूर्ण, बिके हुए, तथाकथित धर्मनिरपेक्ष हैं जो इस तरह की शिष्टाचार मुलाकातों पर आपत्ति करते हैं। लेकिन इस महान लोकतंत्र की परिपक्वता इतनी व्यापक है जो इस प्रकार की अपरिपक्व और बचकानी बातों को अस्वीकार करता है।

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया पर बालकृष्णन के साथ सिंह की हंसी की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, न्यायपालिका सुरक्षित है। पूनावाला ने अपने पोस्ट में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए हुए कहा, प्रधान मंत्री मोदी वर्तमान सीजेआई हाउस में गणेश पूजा में शामिल हुए, हे भगवान न्यायपालिका से समझौता कर लिया गया। शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने कहा, गणपति उत्सव मनाया जा रहा है और लोग एक-दूसरे के घर आते जाते हैं। मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि प्रधानमंत्री किसी के घर गए हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कई स्थानों और महाराष्ट्र सदन में भी गणपति उत्सव मनाया जा रहा है। वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत से समझौता किया है। उन्होंने कहा, मुख्य न्यायाधीश की स्वतंत्रता पर से सारा भरोसा उठ गया। उन्होंने कहा, एससीबीए (सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन) को कार्यपालिका से सीजेआई की स्वतंत्रता से सार्वजनिक रूप से किए गए समझौते की निंदा करनी चाहिए। ( शेष पृष्ठ 9 )



बर्लिन में हम्बोल्ट फोरम के बाहर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सांची स्तूप के पूर्वी द्वार की प्रतिकृति का दौरा किया। पीटीआई

## अग्रिम क्षेत्रों का सैन्यीकरण चीन के साथ बड़ा मुद्दा : विदेश मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्वी लद्दाख में** वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पिछले चार वर्षों से तनाव बना हुआ है। इस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि चीन के साथ सीमा विवादों का लगभग 75 प्रतिशत समाधान हो गया है, लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर सैन्यीकरण का बढ़ना है। उनकी यह टिप्पणी मई 2020 में चीन द्वारा लद्दाख में एलएसी को बदलने की कोशिश की पृष्ठभूमि में आई है, जिसके कारण 15 जून को गलवान घाटी में दोनों सेनाओं के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस झड़प में कमांडिंग ऑफिसर सहित 20 भारतीय सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे और 40 से अधिक चीनी सैनिक भी मारे गए थे।

सीमा विवाद के बारे में मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तार से बताते हुए जयशंकर ने यह भी कहा कि गलवान घाटी में हुई झड़पों ने भारत-चीन संबंधों की संपूर्णता को प्रभावित किया है। सीमा पर हिंसा होने के बाद यह नहीं कहा जा सकता कि बाकी संबंध इससे अछूते हैं। उन्होंने यह बातें जिनेवा में एक थिंक टैंक में एक संवाद सत्र के दौरान कही।

विदेश मंत्री ने कहा कि समस्या का समाधान खोजने के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही है। उन्होंने जिनेवा सेंटर फॉर सिक्योरिटी पॉलिसी में कहा, अभी बातचीत चल रही हैं। हमने कुछ प्रगति की है। मोटे तौर पर कह सकते हैं कि लगभग 75 प्रतिशत सीमा विवाद की समस्याएं सुलझ गई हैं। एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, उन्हें अभी भी कुछ काम करने हैं। लेकिन एक बड़ा मुद्दा यह है कि हम दोनों ने सेनाओं को एक दूसरे के करीब ला दिया है और इस लिहाज से सीमा का सैन्यीकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें इससे निपटना होगा। झड़प के बाद, दोनों देशों के रिश्ते प्रभावित हुए हैं। क्योंकि आप सीमा पर हिंसा होने के बाद यह नहीं कह सकते कि बाकी रिश्ते इससे अछूते हैं। विदेश मंत्री ने संकेत दिया कि अगर विवाद का समाधान हो जाता है तो रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। जयशंकर ने कहा, उन्हें उम्मीद है कि अगर पीछे हटने का कोई हल निकलता है और शांति और सौहार्द की वापसी होती है, तो हम अन्य संभावनाओं पर ( शेष पृष्ठ 9 )

## भारतीय मूल के इजराइली सैनिक की वेस्ट बैंक के पास मौत

**एजेंसी।** यरूशलम

**भारतीय मूल** के इजराइली सैनिक की पश्चिमी तट पर बेत एल बस्ती के निकट वाहन से टक्कर मारकर किए गए हमले में मौत हो गई। यह सैनिक बेनी मेनाशे समुदाय का था। समुदाय के लोगों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इजराइली सेना ने कहा कि स्टाफ सार्जेंट गेरी गिदोन हंघल (24)केफिर ब्रिगेड की नहशोन बटालियन में सैनिक थे। वह नोफ हागालिल के निवासी थे। समुदाय के सदस्यों ने एजेंसी को बताया कि बुधवार को आसफ जंक्शन के निकट हुई युवक की मृत्यु की खबर से वो



सदमे में हैं। घटनास्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि फलस्तीनी लाइसेंस प्लेट वाला एक ट्रक रुकने से पहले व्यस्त राजमार्ग पर तीव्र गति से एक बस पड़ाव के पास स्थित इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) की चौकी से टकराता है। इजराइली सुरक्षा सूत्रों ने संदिग्ध का नाम 58 वर्षीय हायिल धाइफल्लाह बताया है, जो मध्य पश्चिमी तट के शहर रफत का निवासी है। उन्होंने बताया कि सार्जेंट हंघल का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को किया जाएगा। हंघल 2020 में भारत के पूर्वोत्तर भाग से इजराइल में आकर बस गए थे। बताया जाता है कि वर्तमान युद्ध के दौरान बेनी मेनाशे समुदाय के करीब ( शेष पृष्ठ 9 )

# वरिष्ठ माकपा नेता सीताराम येचुरी ने एम्स में ली अंतिम सांस

**कुमार चेल्लप्पन।** कोच्चि

**मार्क्ससवादी** कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी (72 वर्ष) का बृहस्पतिवार को राजधानी दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में असमय निधन से पार्टी अनाथ हो गई है। माकपा में गिने-चुने सभ्य चेहरों में से एक येचुरी के स्थान पर किसी दूसरे उपयुक्त नेता की जगह लेना पार्टी के कामरेडों के लिए आसान काम नहीं होगा। उनके मृदु व्यवहार, सहज सुलभता और मिलनसार स्वभाव के कारण उनके प्रतिद्वंद्वी भी उनका सम्मान करते थे। वह लंबे समय से बीमार थे। अस्पताल और पार्टी के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सीताराम येचुरी को पहली बार उस समय असहज स्थिति में तब देखा गया था जब केरल में 2016 के विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद माकपा द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता की थी। जिसमें येचुरी ने दुखी भाव से घोषणा की थी कि पिनाराई विजयन राज्य के मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि व्यापक रूप से यह माना जा रहा था कि वीएस अच्युतानंदन को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा, लेकिन चेन्नई के एक प्रकाशन गृह के मालिक समेत पार्टी के बड़े लोगों के मन में कुछ और ही चल रहा था और उन्होंने विजयन की ताजपोशी सुनिश्चित की। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान राज्य में कहीं भी विजयन के पोस्टर या तस्वीरें नहीं लगाई गईं। यह पूरी तरह से अच्युतानंदन का शो था, क्योंकि 93 वर्षीय वयोवृद्ध राजनेता ने अपने विशिष्ट भाषणों और कांग्रेस पर



12 अगस्त 1952- 12 सितंबर 2024

तीखे हमले से राज्य में तूफान खड़ा कर दिया था। यद्यपि 93 वर्ष के वीएस, जिन्हें केरल की राजनीति के दिग्गज के रूप में मित्र और शत्रु दोनों ही संबोधित करते थे, का मानना था कि उनमें राज्य को अगले पांच वर्षों तक नेतृत्व करने के लिए पर्याप्त शक्ति और ऊर्जा है।

सीताराम येचुरी, जो विजयन के पूंजीपति मित्रों के घोर आलोचक थे, चाहते थे कि यह पद वीएस को दिया जाए। लेकिन पार्टी को दूर से नियंत्रित करने वाले व्यक्तियों के समूह ने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम की घोषणा करने का काम येचुरी पर छोड़ते हुए विजयन को चुना। एक अनुशासित साथी के रूप में, येचुरी के पास कोई और विकल्प नहीं था और प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके गिरे हुए चेहरे को कोई कभी नहीं भूल सकता। केंद्र में एनडीए सरकार की घोर आलोचना करने के बावजूद, येचुरी वाजपेयी सरकार (1998-2004) द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के बारे में निजी बातचीत में खुलकर बात करते थे। जब भारत ने मई 1998 में पोखरण में परमाणु विस्फोट का परीक्षण किया, तो अमेरिका, पाकिस्तान और चीन में हंगामा मच गया था। अमेरिका ने तो भारत को दोहरी प्रौद्योगिकी सौदों से ब्लैकलिस्ट कर दिया और भारतीय वैज्ञानिकों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर किसी भी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई। पोखरण में किए गए परमाणु विस्फोटों के तुरंत बाद पाकिस्तान ने भी इसी तरह के विस्फोट किए, जिससे उपमहाद्वीप परमाणु बम युद्ध के लिए उपजाऊ जमीन बन गया। येचुरी, जो उस समय पोलित ब्यूरो के सदस्य थे, एक प्रेस वार्ता को संबोधित करने के लिए चेन्नई आए थे। येचुरी ने उस समय कहा था, पाकिस्तान ने इतने कम समय में परमाणु बम बनाया और विस्फोट किया, केवल भारत की वजह से। इस समय भारत को प्रयोग करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। वे अपने रुख पर अड़े रहे कि पाकिस्तान के परमाणु बनने के लिए भारत जिम्मेदार है। प्रेसवार्ता के बाद, उनसे जब एकांत में बातचीत के दौरान मैंने उनसे पूछा कि कोई देश दस दिनों के भीतर परमाणु बम कैसे बना सकता है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय मीडिया कह रहा था कि पाकिस्तान लीबिया और कुछ पश्चिमी एशियाई देशों द्वारा दी गई वित्तीय सहायता से एक इस्लामिक बम बना रहा है। मुस्कुराते हुए येचुरी ने अपने जवाब से मुझे वास्तव में आश्चर्यचकित कर दिया। ( शेष पृष्ठ 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024



# आइडिया को स्टार्टअप में बदलेगा बिजनेस ब्लास्टर

- शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा, दिल्ली सरकार के स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कार्यक्रम जल्द होगा लान्च
- 40 करोड़ रुपये की सीड मनी से 2.45 लाख छात्र होंगे लाभान्वित, 40,000 से ज़्यादा स्टार्ट-अप को मिलेगा बल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रेस वार्ता के दौरान दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी

दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने पिछले 2 वर्षों की उपलब्धि को देखते हुए अपने सभी स्कूलों में 2024-25 शैक्षणिक सत्र के लिए लगातार तीसरे साल बिजनेस ब्लास्टर कार्यक्रम की घोषणा की है। इस कार्यक्रम के लिए 40 करोड़ रुपये की शुरुआती धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से लगभग 2,45,000 छात्रों के आकर्षित होने की उम्मीद है, जिन्हें अपने नवीन विचारों को स्टार्टअप में बदलने का अवसर मिलेगा।

आतिशी ने कहा, शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए बिजनेस ब्लास्टर्स कार्यक्रम जल्द ही शुरू किया जाएगा। सरकार ने इसके लिए 40 करोड़ रुपए की प्रारंभिक राशि आवंटित की है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत लगभग 40,000 विचारों और स्टार्टअप ने काम करना शुरू कर दिया है, जिनमें इत्र, चॉकलेट, पर्यावरण अनुकूल उत्पाद और प्रौद्योगिकी शामिल हैं।

मंत्री ने कहा, यह कार्यक्रम पिछले वर्ष की सफलता को दोहराएगा जब दिल्ली सरकार के स्कूली छात्रों ने न केवल अपना स्टार्टअप शुरू किया था, बल्कि दूसरों को रोजगार भी प्रदान किया था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी सरकारी स्कूल के छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने से पहले ही नौकरी देने वाले बन जाएंगे।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, आज के दौरान में भारत में बेरोज़गारी की समस्या सबसे बड़ी है। आज भारत के युवाओं की बेरोज़गारी 42फीसदी पर पहुंच गई है। बेरोज़गारी के आँकड़े में भारत दुनिया के टॉप 3 देशों में आता है। मेकेंजी के 2022 के रिपोर्ट के अनुसार भारत को यदि अपने सभी युवा जनसंख्या को नौकरी देनी है तो 2030 तक भारत में 90 मिलियन(9 करोड़) नॉन-एग्रीकल्चर नौकरियों की ज़रूरत है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, हमारा पूरा शिक्षा तंत्र आज युवाओं को सिर्फ़ नौकरी की लंबी लाइनों में खड़ा होने के लिए तैयार कर रहा है। वही दूसरी तरफ़ दिल्ली सरकार का ये प्रयास है कि, दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था से जो युवा निकलकर आए वो नौकरी ढूंढने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बने।

उन्होंने कहा कि, इसी के तहत पिछले 3 साल से दिल्ली सरकार के स्कूलों में बिज़नेस ब्लास्टर्स कार्यक्रम चल रहा है। इसके तहत 11वीं-12वीं के बच्चों की सीड मनी दी जाती है। स्टूडेंट्स खुद समूह में अपने स्टार्ट-अप्स की शुरुआत करते है। और टॉप 150 स्टार्ट-अप्स को पब्लिक इन्वेस्टमेंट के लिए खोला जाता है।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कुछ स्टूडेंट स्टार्ट-अप्स के विषय के साझा करते हुए कहा कि, एक स्टार्ट-अप आरकेई मोल्ड्स जो बोतलों के लिए मोल्ड बनाने का काम करती है। आज के दिन के ये स्टूडेंट स्टार्ट-अप 20 लोगों को रोज़गार दे रहा है और हर महीने ये स्टार्ट-अप 13.5 लाख रुपये कमा रहा है। एक अन्य स्टूडेंट स्टार्ट-अप एके लॉजिस्टिक्स जो अब एक रजिस्टर्ड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। 12वीं पास करने के बाद स्टूडेंट्स ने ट्रांसपोर्टेशन के अपने इस बिज़नेस में 50 लोगों को रोज़गार दे रहे है। कस्टमाइज्ड चॉकलेट बनाने वाले स्टूडेंट स्टार्ट-अप 'डार्क चॉकोबिट्स' 40 महिलाओं को रोज़गार दे रहा है। एक अन्य स्टूडेंट स्टार्ट-अप 'डिस्पोजल वाला' 20 लोगों को तो 'पढ़ाई-वढाई' स्टार्ट-अप 10 लोगों को रोज़गार दे रहा है।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, अगर 12वीं की पढ़ाई कर स्कूल से निकले बच्चे हमारे देश के युवाओं को रोज़गार दे सकते है तो यदि हर बच्चे को सही शिक्षा और सही मौक़ा दिया जाए तो देश भर में लाखों रोज़गार पैदा किया जा सकते है।

आतिश ने कहा कि, मुझे आज ये घोषणा करते हुए ख़ुशी है कि, इस साल 2024-25 में भी बिज़नेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम की शुरुआत दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों में की जा रही है। इस साल केजरीवाल सरकार अपने स्टूडेंट्स को 40 करोड़ रुपये की सीड मनी देगी। अबतक 2.45 लाख स्टूडेंट्स इस साल बिज़नेस ब्लास्टर्स में अपने 40,000 से ज़्यादा बिज़नेस आइडियाज के साथ भाग ले रहे है।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, मुझे पूरा भरोसा है कि, जिस तरह पिछले सालों में बिज़नेस ब्लास्टर्स के तहत हमारे स्टूडेंट्स ने न सिर्फ़ शानदार स्टार्ट-अप्स तैयार किए और लोगों को रोज़गार दिया, उसी तरह इस साल भी बिज़नेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम के तहत हमारे बच्चे नौकरी ढूँढने वाले नहीं बल्कि अपनी पढ़ाई ख़त्म करने से पहले ही नौकरी देने वाले बनेंगे।

# केजरीवाल के रिहाई की उम्मीद: राघव

**आबकारी नीति मामला**

- उच्चतम न्यायालय आज सुना सकती है मुख्यमंत्री की जमानत अर्जी पर फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आप के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने कहा है कि उन्हें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत को लेकर उम्मीद है और वे उच्चतम न्यायालय के फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

चड्ढा ने पांच अक्टूबर को विधानसभा चुनावों में आप को चुनने के लिए मतदाताओं से अपील भी की। वह बृहस्पतिवार को हरियाणा में थे। चड्ढा ने बताया, हमें बहुत उम्मीद है। हम कल (शुक्रवार) का इंतजार कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय आबकारी नीति घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो याचिकाओं पर शुक्रवार को फैसला सुनाएगा। केजरीवाल ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में अपनी गिरफ्तारी तथा जमानत से इनकार किए जाने को चुनौती देते हुए दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं।

सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर 13 सितंबर को अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ दोनों याचिकाओं पर फैसला सुनाएगी। पीठ में न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइंया भी शामिल हैं सीबीआई ने इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख को 26 जून को गिरफ्तार किया था। उन्होंने उच्च न्यायालय के पांच अगस्त के उस आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया था, जिसमें उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के इस मामले में उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखा था।

उच्च न्यायालय ने कहा था कि सीबीआई द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद अब उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं और संबंधित साक्ष्यों को देखकर यह नहीं कहा जा सकता है कि गिरफ्तारी अकारण या अवैध थी। उच्च न्यायालय ने उन्हें जमानत संबंधी याचिका पर निचली अदालत से संपर्क करने की भी अनुमति दी थी। यह मामला दिल्ली सरकार की आबकारी नीति 2021-22 के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है।

इस नीति को बाद में निरस्त कर दिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में धनशोधन का एक अलग मामला दर्ज किया था। सीबीआई और ईडी के अनुसार, आबकारी नीति में संशोधन करके अनियमितताएं की गईं और लाइसेंसधारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। शीर्ष अदालत ने 12 जुलाई को धनशोधन के मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी थी। शीर्ष अदालत ने धनशोधन (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तारी की आवश्यकता और अनिवार्यता के पहलू पर तीन सवालों के संदर्भ में गहन विचार के लिए इसे एक बड़ी पीठ (पांच-सदस्यीय संविधान पीठ) को भेज दिया। ईडी ने धनशोधन के मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

भ्रष्टाचार मामले में अपनी याचिका पर पांच सितंबर को सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने सीबीआई की उस दलील का जोरदार विरोध किया था कि उन्हें जमानत के लिए सबसे पहले निचली अदालत जाना चाहिए।

# दिल्ली के 24 अस्पतालों के निर्माण कार्यों में वित्तीय अनियमितता: विजेंद्र

- उपराज्यपाल से मिले विजेंद्र गुप्ता, मिला कार्रवाई का आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


उपराज्यपाल को गुलदस्ता भेंट करते नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता।

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 24 अस्पतालों में हुए निर्माण कार्यों में की गई वित्तीय अनियमिताओं का आरोप लगाते हुए उपराज्यपाल से शिकायत की है।

उपराज्यपाल ने शिकायत पर उन्हें उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी सरकार के तथाकथित विश्व-स्तरीय स्वास्थ्य मॉडल को कोरा झूठ और आडंबर बताते हुए इसे भ्रष्टाचार का केंद्र बताया है। उपराज्यपाल से मिलकर उन्होंने इसमें आम आदमी पार्टी के नेताओं की संलिप्तता की जांच करने का अनुरोध किया है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 5,590 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत 24 अस्पताल परियोजनाओं में से कई अभी तक अधूरी पड़ी हैं, जिस कारण इनकी लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि 1,125 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सात आईसीयू अस्पतालों के निर्माण में भारी वित्तीय अनियमितताएं बरती गईं और करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार किया गया।

उन्होंने कहा कि आज तीन साल बीत जाने के बावजूद इन अस्पतालों का निर्माण कार्य 50 फीसदी ही हुआ है, जिससे इनकी निर्माण लागत में दुगनी से ज्यादा बढ़ोत्तरी हो गई है। इसी तरह 94 पॉलीक्लिनिक के निर्माण के बारे में गुप्ता ने खुलासा किया कि 94 में से केवल 52 पॉलीक्लिनिक ही बनाए गए हैं। इसके बावजूद, इन 52 पोलीक्लीनिक्स की निर्माण लागत अप्रत्याशित रूप से 168.58 करोड़ रुपये से बढ़कर 220 करोड़ रुपये हो गई है, और इनमें से अधिकांश पॉलीक्लिनिक अब खाली पड़े हैं।

## प्रधानमंत्री ने दिया बुजुर्गों को तोहफा: बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 साल से ऊपर की उम्र के बुजुर्गों को शामिल करके उन्हें नायाब तोहफा दिया है।

इस महत्वपूर्ण फैसले से 6 करोड़ परिवारों को बुजुर्गों की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से राहत मिलेगी। बिधूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनावों से पूर्व जनता से यह वादा किया था और उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं में इसे शामिल करते हुए यह निर्णय लागू करा दिया है।

अब बुजुर्ग बढ़ती उम्र में अपने परिवार पर किसी तरह का बोझ नहीं रहेंगे क्योंकि इस उम्र में स्वास्थ्य चिंताएं बढ़ जाती हैं। खासतौर पर जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, वे बुजुर्ग बोझ समझे जाने लग जाते हैं। अब उन्हें किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। जिस परिवार में भी बुजुर्ग हैं, उन्हें इस सुविधा का लाभ मिलेगा।

बिधूड़ी ने साथ ही केजरीवाल सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि वह राजधानी में आयुष्मान भारत योजना लागू न करके जनता को उनके अधिकार से वंचित किए हुए है।

# डॉ. बीआर अंबेडकर आदर्श विद्यालय को राहत

- उपराज्यपाल ने बेदखली और सीलिंग के आदेश को किया खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

गांधी हरिजन सेवक समाज - डॉ. बीआर अंबेडकर आदर्श विद्यालय को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने संकट से उबारते हुए 650 दलित बच्चों वाले इस स्कूल को बड़ी राहत दी है।

स्कूल की जमीन आम आदमी पार्टी की सरकार ने वापस ले ली थी और बाद में एमसीडी ने स्कूल को सील कर दिया था। आरोप है कि इस स्कूल को आप विधायक अजय दत्त के कहने पर सील कर दिया गया था और जमीन जब्त कर ली गई थी। विद्यालय को पिछले 20 वर्षों से उत्पीड़न का सामना कर रहा था, इतना ही नहीं तत्कालीन स्थानीय विधायक और स्पीकर भी इसके पीछे पड़े थे। मामले की जानकारी होने पर उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने ड्यूसिब को फटकार लगाई और कहा कि उसने कठोर और राजनीतिक रूप से पूर्व-नियोजित निर्णय लिया है।

उपराज्यपाल ने अपने आदेश में लिखा- ऐसा लगता है कि काफी समय से इस स्कूल के संचालन के खिलाफ कुछ निहित स्वार्थी लोग काफी समय से लगे थे। उपराज्यपाल ने बेदखली और सीलिंग के आदेश को खारिज करते हुए, अधिकारियों से कहा कि वे किसी भी तरह की राजनीतिक से प्रभावित हुए बिना, कानून के अनुसार सख्ती से काम करें।

दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने गांधी हरिजन सेवक समाज - डॉ. बीआर अंबेडकर आदर्श विद्यालय को बड़ी राहत दी है।

अपीलीय अदालत के रूप में उन्होंने, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (ड्यूसिब) के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें समाज और स्कूल को आवंटित भूमि को खाली करने का निर्देश और अतिक्रमण की अनुमति देने जैसे विवादित आरोपों पर उसे बेदखली का नोटिस दिया था। उन्होंने ड्यूसिब के आदेश के बाद, एमसीडी द्वारा स्कूल को सील करने के फैसले को भी खारिज कर दिया है। ड्यूसिब ने 17.05.2024 के अपने आदेश में, 1964 में गांधी हरिजन सेवक समाज द्वारा, दक्षिण दिल्ली के दक्षिणपुरी में कब्जा की गई संपत्ति, जिस पर 1993 से डॉ. बीआर अंबेडकर आदर्श विद्यालय चल रहा है, को 30 दिनों के भीतर खाली करने को कहा था।

इस स्कूल में 650 छात्र हैं, जिनमें से अधिकांश दलित समुदाय और अन्य कमजोर वर्गों से आते हैं, और 27 कर्मचारी हैं, जो स्कूल को सील किए जाने के बाद से परेशान हैं।

ड्यूसिब ने क्षेत्र के विधायक अजय दत्त की शिकायत के आधार पर, समाज/स्कूल को नोटिस जारी किया था और स्कूल को सील करने और उसकी जमीन जब्त करने का अंतिम फैसला सुनाया था। इस संबंध में यह फैसला ड्यूसिब अधिकारियों और विधायक के बीच हुई बैठक के कुछ दिनों के भीतर लिया था।

## बुजुर्ग के खाते से लाखों उड़ाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सेंध लगाकर बुजुर्ग के खाते से साढ़े छह लाख रुपए उड़ाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान वैभव श्रीवास्तव और रजनीश वर्मा के रूप मे हुई है। पीड़ित जसपाल सिंह एक बैंक की एप्लीकेशन का इस्तेमाल कर रहे थे। अचानक किसी ने उनके खाते में सेंध लगाकर साढ़े छह लाख रुपये उड़ा लिए। पुलिस ने वैभव को दबोच लिया गया। उसके खाते में ही रकम ट्रांसफर हुई थी। वैभव ने बताया कि उसने रजनीश के कहने पर बैंक खाता खोलकर उसका नियंत्रण रजनीश को सौंप दिया था। रजनीश ने बैंक खाता आगे दूसरे लोगों को दे दिया।



# रेजीडेंट डॉक्टरों के लिए सुधारेंगे व्यवस्था: भारद्वाज

- स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, सुरक्षा को देखते हुए परिसर में लगेंगे सीसीटीवी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मौलाना आजाद के रेजीडेंट डॉक्टरों से मुलाकात की।

दिल्ली सरकार के सरकारी अस्पताल में रेजीडेंट चिकित्सकों के लिए बेहतर व्यवस्था और सुविधा का वादा स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को किया।

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में प्रशिक्षण ले रहे मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के रेजीडेंट डॉक्टरों से की मुलाकात की और डॉक्टरों से अस्पताल में मिल रहे प्रशिक्षण, सरकारी सुविधाओं तथा अन्य इंतजाम के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रेजिडेंट डॉक्टरों को दिल्ली सरकार की ओर से और स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर बेहद सजग है। मुलाकात के दौरान मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल में बने क्लासरूम का निरीक्षण किया और डॉक्टर के बैठने के लिए बेहतर कुर्सियों व टेबलों के इंतजाम के साथ प्रशिक्षण के लिए जरूरी सामानों को जल्द से उपलब्ध कराने को कहा।

कुछ रेजिडेंट डॉक्टरों ने अस्पताल में कुछ जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने का भी अनुरोध भारद्वाज ने अस्पताल प्रशासन को कहा कि जहां सीसीटीवी कैमरा नहीं लगे हैं वहां इसे लगवाया जाए और खराब कैमरों को ठीक कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने हॉस्टल के खाने की गुणवत्ता और शौचालय की खराब स्थिति की शिकायत अस्पताल प्रशासन के अधिकारियों को ठीक कराने को कहा।

# कोचिंग सेंटर में मौत मामले हाईकोर्ट ने सीबीआई से जलभराव का कारण पूछा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सीबीआई से पूछा कि 27 जुलाई को ओल्ड राजेंद्र नगर में भारी जलभराव का क्या कारण था, जहां सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में डूबने से मौत हो गई।

बेसमेंट के सह-मालिकों- परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह- ने पिछले महीने इस आधार पर जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था कि वे केवल उस बेसमेंट के मालिक हैं, जिसे कोचिंग सेंटर को किराए पर दिया गया था और इसलिए, दुर्भाग्यपूर्ण घटना में उनकी कोई भूमिका नहीं है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने जेल में बंद बेसमेंट के सह-मालिकों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूछा, उस दिन जलभराव का क्या कारण था। दिल्ली में भारी बारिश हुई। अदालत ने सीबीआई से इलाके में जलभराव का कारण, घटना के दिन हुई बारिश की मात्रा के साथ-साथ सड़क के पानी को अवरुद्ध करने के लिए कोचिंग सेंटर के प्रवेश द्वार पर भारी गेट लगाने के पहलू पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। ओल्ड राजेंद्र नगर में बारिश में तीन छात्र डूब गए थे।

# सुविधा: मेट्रो में बार-बार नहीं नहीं खरीदना होगा टोकन

- डीएमआरसी ने सुविधा बढ़ाने के लिए मल्टीपल जर्नी क्यूआर टिकट की शुरुआत की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




मेट्रो में यात्रियों का सफर आसान बनाने के लिए दिल्ली मेट्रो ने एक नई सुविधा शुरू की है। जिसमें यात्रियों को हर दिन क्यूआर टिकट खरीदने से छुटकारा मिल जाएगा और सिर्फ एक क्यूआर टिकट से वे मल्टीपल जर्नी कर सकेंगे।

डीएमआरसी ने इस फीचर को मल्टीपल जर्नी क्यूआर टिकट (एमजेक्यूआरटी) का नाम दिया है डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक, डॉ. विकास कुमार ने बृहस्पतिवार को मेट्रो भवन में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में इस नई सुविधा का उद्घाटन किया। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अनुसार, एमजेक्यूआरटी एक क्रांतिकारी डिजिटल पहल है, जो भारत में पहली बार क्यूआर आधारित बहु-यात्रा उत्पाद के रूप में पेश किया जा रहा है। दिल्ली सारथी (मोमेंटम 2.0) पर विशेष रूप से उपलब्ध डीएमआरसी के दिल्ली मेट्रो सारथी ऐप पर विशेष रूप से उपलब्ध एमजेक्यूआरटी यात्रियों को दिल्ली मेट्रो पर कई यात्राओं के लिए एक सहज और निर्बाध यात्रा की सहूलियत प्रदान करता है। यह सुविधा ऐप उपयोगकर्ताओं के लिए शुक्रवार से होगी उपलब्ध यात्री किराया भुगतान और रिचार्ज सहित अपनी यात्रा संबंधी सभी जानकारी ऐप पर सीधे ले सकेंगे। एमजेक्यूआरटी का लाभ उठाने के लिए, उपयोगकर्ताओं को दिल्ली सारथी (मोमेंटम 2.0) ऐप पर पंजीकरण करना होगा और 150 रु. की प्रारंभिक राशि से शुरुआत करनी होगी, जिसका उपयोग मेट्रो यात्रा के लिए किया जा सकता है। एमजेक्यूआरटी के लिए कोई सुरक्षा जमा राशि आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता यूपीआई, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड जैसे डिजिटल भुगतान से 50 रु. के गुणकों में आसानी से धनराशि जोड़ सकते हैं, जिसमें अधिकतम शेष राशि 3,000 रु. है। एमजेक्यूआरटी का उपयोग करके यात्रा करने के लिए न्यूनतम 60 रु. की शेष राशि आवश्यक है।

एमजेक्यूआरटी यात्रियों को व्यस्त समय (सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक) के दौरान 10 फीसदी की छूट और व्यस्त समय के अलावा अन्य समय के दौरान 20फीसदी की छूट प्रदान करता है। एमजेक्यूआरटी वर्तमान में उपयोग में आने वाले पारंपरिक स्मार्ट कार्ड के लिए पर्यावरण अनुकूल और किफायती विकल्प के रूप में कार्य करता है।

मोबाइल डिवाइस की चोरी, हानि या क्षति के मामले में, शेष राशि बरकरार रहेगी और यात्री किसी अन्य डिवाइस पर लॉग इन करके एमजेक्यूआरटी का उपयोग जारी रख सकते हैं। डीएमआरसी द्वारा शुरू किया गया ईज ऑफ बुकिंग कार्यक्रम टिकट बुकिंग के कई तरीकों, कई किराया माध्यमों और कई भुगतान विकल्पों की सुविधा देता है।

एमजेक्यूआरटी मौजूदा किराया मीडिया विकल्पों में नवीनतम है, जिसमें सिंगल जर्नी क्यूआर टिकट, एनसीएमसी और डीएमआरसी स्मार्ट कार्ड शामिल हैं। डॉ. विकास कुमार ने इस पहल की शुरुआत करते हुए कहा, ईज ऑफ बुकिंग पहल के तहत मल्टीपल जर्नी क्यूआर टिकट लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। एमजेक्यूआरटी एक ही क्यूआर कोड के साथ यात्रा को आसान बनाता है।

## सीवर के बहने और जल प्रदूषण पर याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है जिसमें राजधानी में पिछले एक साल से सीवर ओवरफ्लो होने के कारण पानी के दूषित होने और कई क्षेत्रों में जलजनित बीमारियों के फैलने का उल्लेख किया गया है। इस याचिका को कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) सोशल ज्यूरिस्ट की याचिका में कहा गया है कि समस्या का मुख्य कारण कई प्रमुख सीवर और छोटे सीवर से गाद को नहीं निकालना, सीवर की सफाई करने की मशीनों या श्रमिकों की संख्या में कमी और पुरानी सीवर लाइनों को बदलने की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### करदाताओं की भी हो जातिगत गणना: सीटीआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली में व्यापारिक संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने कनॉट प्लेस में अभियान चलाया जिसमें कश्मीरी गेट, चांदनी चौक, खारी बावली, सदर बाजार,करोल बाग, भागीरथ प्लेस,किनारी बाजार, चावड़ी बाजार, लाजपत नगर, कनोट प्लेस, सरोजिनी नगर, कमला नगर, राजौरी गार्डन, गांधी नगर, रोहिणी, द्वारका आदि के व्यापारियों ने हिस्सा लिया । सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल और अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल ने कहा कि जातिगत सर्वे के साथ यह डेटा भी इकट्ठा किया जाए, किस जाति के लोग कितना टैक्स सरकार को देते हैं? इसे लेकर सीटीआई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा है , सीटीआई की तरफ से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी पत्र भेजा जाएगा । सीटीआई महासचिव गुरमीत अरोड़ा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक गर्ग ने बताया कि इसके पीछे सीटीआई का मकसद है कि आखिर, लोगों को पता चलना चाहिए कि अर्थव्यवस्था चलाने में किस जाति के लोगों की अहम भूमिका है?

### आईएचसी थिएटर फेस्टिवल में 12 नाटकों का मंचन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 20 सितंबर से शुरू होने वाले इंडिया हैबिटेट सेंटर थिएटर फेस्टिवल में 12 नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। इंडिया हैबिटेट सेंटर (आईएचसी) थिएटर फेस्टिवल का हर साल आयोजन किया जाता है। दस दिन तक चलने वाले नाट्य महोत्सव की शुरुआत कवि-उपन्यासकार जेरी पिंटो द्वारा लिखित और निर्देशित ए लाइफ इन पोएट्री से होगी। आईएचसी थिएटर फेस्टिवल में मानव कौल, आकर्ष खुराना, नवीन किशोर और मनीष वर्मा सहित नाटक-कला के दिग्गज नाटक प्रस्तुत करेंगे। यह नाट्य महोत्सव रचनात्मक ऊर्जा का उत्सव है, जो लेखक, अभिनेता, निर्देशक, कलाकार, कविता, गद्य, रचनाकार, अतीत और वर्तमान के बीच की सीमाओं को मिटा देता है। नवीन किशोर मदर म्यूज क्विंटेट को नाटक के तौर पर प्रस्तुत करेंगे वहीं, आकर्ष खुराना की अक्वारियस प्रोडक्शंस अपने 80वें प्रोडक्शन दिस टाइम के जरिए अपनी नाट्य-कला की यात्रा प्रस्तुत करेगी, जिसमें समय बीतने, पुरानी यादों की अच्छाई और बुराई सहित अन्य विषयों को दर्शाया जाएगा।

### रिठाला में 6 जींस रंगाई की फैक्ट्री सील

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के रोहिणी क्षेत्र ने रिठाला इलाके में चल रही 6 जींस रंगाई की फैक्ट्रियां सील की। नवनीत मान, उपायुक्त रोहिणी क्षेत्र ने बताया कि यह कार्रवाई बृहस्पतिवार को सीलिंग योजना के अंतर्गत की गई है। सीलिंग की कार्रवाई के दौरान इलाके में चल रही सभी 6 फैक्ट्रियों को सील किया गया। सीलिंग के दौरान बिजली और पानी के कनेक्शन भी काटे गए । सीलिंग कार्रवाई के दौरान दिल्ली पुलिस,डीपीसीसी एवं निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। दिल्ली नगर निगम आने वाले दिनों में रोहिणी क्षेत्र में चल रही जींस रंगाई और अन्य अवैध रूप से चल रही इकाइयों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेगा।

# गोयल ने रखा बेहतर गुरुग्राम बनाने का विजन

## अदालत परिसर में पांच घंटे तक अधिवक्ताओं से हुए रूबरू, बोले- न्यायपालिका लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुड़गांव विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी नवीन गोयल ने गुरुवार को जिला अदालत परिसर में जनसम्पर्क अभियान चलाया। वे अदालत परिसर में 5 घंटे तक वकीलों से रूबरू हुए। एक-एक सीट, एक-एक चैंबर में जाकर नवीन गोयल ने वोट की अपील की। इस दौरान उन्होंने अदालत परिसर में सीवरेज ब्लॉक होने के कारण फैले गंदे पानी को देखा तो तुरंत सीवरेज सफाई की मशीन लगवाने की बात कही। उनके अदालत से निकलने से पहले सीवरेज सफाई का काम पूरा हो गया। इसके लिए वकीलों ने उनका आभार जताया।



जिला अदालत में वकीलों से रूबरू होते निर्दलीय उम्मीदवार नवीन गोयल।

इस दौरान बार एसोसिएशन के प्रधान अमरजीत यादव ने नवीन गोयल को समर्थन दिया। नवीन गोयल ने वकीलों से चुनावी घोषणा पत्र के लिए अपने अमूल्य सुझाव देने का आग्रह किया। वकीलों से रूबरू होते हुए नवीन गोयल ने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर वे गुड?ांव की सेवा करना चाहते हैं। पिछले 10 साल से वे सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र में काम कर रहे हैं। खुद से जनता की जितना सेवा हो सकी उन्होंने की है और आगे भी करते रहेंगे। अब सरकार का हिस्सा बनकर वे काम करने हैं, जिनका वे विजन लेकर चले हैं। वकीलों द्वारा बताई गई कुछ समस्याओं को लेकर नवीन गोयल ने कहा कि जिला अदालत के लिए उनके मन में अच्छा विजन है। उस पर वे बतौर विधायक काम करेंगे। नये ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स का काम अभी बंद है, जिसे जल्द से जल्द पूरा कराकर भव्य इमारत न्यायपालिका को सौंपी जाएगी। वकीलों के चैंबर आदि बनवाने की दिशा में भी वे सकारात्मक प्रयास करेंगे। अदालत परिसर में फैले सीवरेज के पानी को लेकर उन्होंने तुरंत मशीन लगवाकर सीवरेज की सफाई करवाई। नवीन गोयल ने कहा कि लोकतंत्र का पिलर न्यायपालिका है। हर किसी का न्यायपालिका में विश्वास होता है। उन्होंने कहा कि उनका विजय गुड़गांव का विकास है। विकास हर तरह से होना चाहिए। इसके लिए रास्ता कोई हो, मकसद एक ही है। चुनाव में किसी से मुकाबले के सवाल पर नवीन गोयल ने कहा कि वे किसी से मुकाबले से अधिक इस बात को मानते हैं कि जनता का रुझान किसकी तरफ अधिक है। जनता का रुझान ही तय कर देता है कि भविष्य में क्या होने वाला है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने एमसीएमसी रूम का किया निरीक्षण

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने वीरवार को लघु सचिवालय के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एमसीएमसी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस मौके पर जनरल ऑब्जर्वर डॉ. राघव लंगर, विभूति रंजन चौधरी, गीता सिंह और एक्सपेंडिचर आब्जर्वर विवेक कुमार उपाध्याय, सुश्री समाथा मुल्लामुड़ी व पुलिस ऑब्जर्वर संदीप सिंह चौहान भी मौजूद रहे। उन्होंने कंट्रोल रूम के माध्यम से पेड न्यूज के निगरानी तंत्र के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा पेड न्यूज की निगरानी व राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों व राजनीतिक उद्देश्य को लेकर जारी किए जाने वाले विज्ञापनों के प्रमाणीकरण के लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मोनिटरिंग कमेटी का जिला स्तर पर गठन किया है।

## आदर्श आचार संहिता के अनुसार पूरी कराई जाए चुनाव प्रक्रिया

- नामांकन से लेकर मतगणना तक निगरानी रखेंगे जनरल ऑब्जर्वर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सोहना विधानसभा क्षेत्र के जनरल ऑब्जर्वर तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी समीर वर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी आदर्श आचार संहिता के नियम अनुसार ही चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाएं। वे गुरुवार को सोहना उपमंडल कार्यालय में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

जनरल ऑब्जर्वर समीर वर्मा ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान सभी उम्मीदवारों को समान रूप से रैली का आयोजन करने व रोड शो आदि की अनुमति प्रदान की जाए। चुनाव में कहीं मतदाताओं को लुभाने के लिए अनुचित संसाधनों का प्रयोग किया जा रहा है तो दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने अभी तक किए जा चुके सभी कार्यों की निर्वाचन अधिकारी से जानकारी ली। उनके साथ सोहना के एसडीएम व निर्वाचन अधिकारी होशियार सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी व तहसीलदार गुरदेव सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समीर वर्मा ने कहा कि कोई भी नागरिक या उम्मीदवार चुनाव से संबधित शिकायत करने या सूचना देने के लिए उनके नंबर-8800556524 पर संपर्क कर सकता है।

## हिंदी का सम्मान करें हर एक भारतवासी: सीजेएम रमेश चंद्र

- जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने सुशांत विश्वविद्यालय में मनाया हिंदी दिवस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम रमेश चंद्र ने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है। हमें अपनी राजभाषा का सम्मान करना चाहिए। वे गुरुवार को प्राधिकरण के सहयोग से सुशांत विश्वविद्यालय में आयोजित किए गए हिंदी दिवस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।

हिंदी दिवस कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों के बीच कविता, गीत, हिंदी प्रश्नोत्तरी व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें एजुक्रेस्ट स्कूल, श्री चित्रगुप्त स्कूल, शीतला विद्यापीठ, सूरज स्कूल, आकाश पब्लिक स्कूल, आरपीएस विद्यालय, एससीआर स्कूल व रॉयल इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चंद्र ने इस अवसर पर कहा कि हिंदी विश्व की लोकप्रिय भाषाओं में से एक है। हिंदी भाषी विद्वान दुनिया के अनेक देशों में हैं। इसलिए इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर की एक प्रसिद्ध भाषा कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। आज हमारे प्रधानमंत्री भी अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर हिंदी में ही संवाद करते हैं। यह एक संकेत है कि हम अपनी मातृभाषा को कितना महत्व देते हैं। विद्यार्थियों को अंग्रेजी के साथ हिंदी भाषा का भी अच्छा ज्ञान होना चाहिए। सुशांत विश्वविद्यालय के कुलपति राकेश रंजन ने कहा कि उनके संस्थान में प्रति वर्ष हिंदी दिवस को गौरव के साथ मनाया जाता है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि देश की भावी पीढ़ी को भी हिंदी के प्रति जागरूक किया जाए। इसी उद्देश्य से आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अलावा प्राध्यापकों ने भी हिंदी में सुंदर कविताएं प्रस्तुत की।

## पृथला में कांग्रेस की बड़ी जीत खोलेगी विकास और रोजगार के द्वार: उदयभान

- कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया के चुनावी कार्यालय के उद्घाटन पर जुटी हजारों की भीड़

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांगेस पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी घोषित होने के उपरांत पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया ने गुरूवार को सीकरी स्थित कार्यालय पर अपार भीड जुटाकर पृथला क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की विजयी हुंकार भरी।

इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान बतौर मुख्यअतिथि मौजूद रहे। सभा में मौजूद क्षेत्र के सभी 104 गावों के हजारों की संख्या में लोगों ने एकमत से रघुबीर तेवतिया को अपना खुला समर्थन देकर चुनावी प्रचार के पहले ही दिन उन्हें बडी राजनैतिक ताकत प्रदान की। इस अवसर पर क्षेत्र की 36 बिरादरी के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान को पगडी बांधकर अपने समर्थन का ऐलान कर कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया की बडी जक के प्रति आश्वास्त भी किया। वहीं इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के पक्ष में जमकर जयघोष भी किया। वहीं इस मौके पर उन्होंने हवन-यज्ञ का आयोजन कर पूरी विधि-विधान से पृथला क्षेत्र के कार्यालय का विधिवत शुभारंभ भी किया।



कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया के चुनावी कार्यालय के उद्घाटन मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान व अन्य नेता।

उपस्थित विशाल जनसैलाब से गदगद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि इस बार लोगों में जो जोश और उत्साह बना हुआ है उससे साफ है कि इस बार पृथला में होने वाली कांग्रेस की जीत जहां हरियाणा प्रदेश में जीत का नया इतिहास लिखेगी वहीं यह जीत पृथला क्षेत्र के विकास व रोजगार के द्वार भी खोलने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि समूचे हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में लहर चल रही है और निश्चित तौर पर पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश का विकास नहीं हुआ।

## फरीदाबाद का विकास ही मेरी प्राथमिकता: सिंगला

- कांग्रेस उम्मीदवार ने आशीर्वाद यात्रा निकालने के बाद भरा नामांकन पत्र

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने गुरुवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पूर्व सिंगला ने ओल्ड फरीदाबाद के ऐतिहासिक माता पथवारी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और वहां से आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत की। इस यात्रा में बैंड-बाजे, डीजे, ढोल-नगाड़ों के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

यह यात्रा ओल्ड फरीदाबाद के बाजारों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह व्यापारियों, दुकानदारों सहित समाज के हर वर्ग के लोगों ने लखन सिंगला का स्वागत किया और उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया। सेक्टर-16 में यह यात्रा सम्पन्न हुई, उसके बाद श्री सिंगला अपने समर्थकों सहित सेक्टर-12 लघु सचिवालय के लिए रवाना हो गए।



नामांकन से पूर्व जन आशीर्वाद यात्रा निकालते कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला।

इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने कहा कि आज पूरे हरियाणा में कांग्रेस की लहर चल रही है और कांग्रेस 70 से 75 सीटें जीतेगी और चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी। सिंगला ने भाजपा प्रत्याशी विपुल गोयल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब वह 2014 से 2019 तक फरीदाबाद से विधायक और मंत्री थे, तब उन्होंने पूरे शहर को खुदवा कर रख दिया था, विकास करवाने के बजाए झंडे लगाए, दौड़ लगवाई, कंबल बांटे लेकिन क्षेत्र का विकास नहीं किया, उद्योगमंत्री होने के बावजूद वह औद्योगिक नगरी में कोई मदर यूनिट तक नहीं ला पाए। उन्होंने कहा कि संविधान के गद्दारों और किसानों के हत्यारों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और भाजपा संविधान की गद्दार है और किसानों की हत्यारी है, 5 अक्टूबर को आएगी, भाजपा जाएगी व कांग्रेस सरकार आएगी।

## एकतरफा जीत दर्ज कर सरकार बनाएगी कांग्रेस: पंकज डावर



पत्रकारों से बात करते कांग्रेस के मीडिया कॉर्डिनेटर पंकज डावर।

- कांग्रेस के मीडिया कॉर्डिनेटर बोले, प्रदेश में चल रही कांग्रेस की लहर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

कांग्रेस के मीडिया कॉर्डिनेटर पंकज डावर ने कहा कि प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की लहर चल रही है। इस बार कांग्रेस की एकतरफा जीत होगी और सरकार बनेगी। यह बात उन्होंने गुरुवार को बादशाहपुर विधानसभा से प्रत्याशी वर्धन यादव के पक्ष में पत्रकार वार्ता में कही।

पंकज डावर ने कहा कि भाजपा सरकार की कारगुजारियों को उजागर करने में मीडिया की अहम भूमिका रही है। भाजपा सरकार में जो दावे किए, उनमें कहीं कभी दम नजर नहीं आया। अब विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस गुरुग्राम जिला की चारों विधानसभा सीट पर मजबूती से लड़ रही है। बादशाहपुर से वर्धन यादव, गुड़गांव से मोहित ग्रोवर, सोहना से रोहताश खटाना व पटौदी से पर्ल चौधरी को पार्टी ने चुनाव मैदान में उतारा है। चारों मजबूत प्रत्याशी हैं। सभी की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आ रही है। प्रदेश में सबके साथ इंसाफ सरकार करेगी। सबका विकास करेगी। पूरे हरियाणा में मजबूत उम्मीदवारों को चुनाव में उतारा गया है। पंकज डावर ने कहा कि सभी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में मजबूती से चुनाव लडने वाले राज बब्बर विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक होंगे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में भाजपा सरकार विकास करने के नाम पर आई और विनाश कर दिया। जनता भाजपा सरकार को अब चलता करने जा रही है। भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए जीएल शर्मा के लिए उन्होंने कहा कि वे अपने घर में आए हैं।

## कल्याण ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन

- चौहान बोले, 36 बिरादरी के सहयोग से ही वे चुनाव मैदान में उतरे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना विधानसभा क्षेत्र से जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन कल्याण सिंह चौहान ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। वे भाजपा की टिकट के प्रमुख दावेदार थे, लेकिन भाजपा ने उनकी टिकट काट दी।

राजपूत समाज समेत क्षेत्र की 36 बिरादरी के लोगों ने कल्याण सिंह चौहान की टिकट काटे जाने पर रोष जाहिर किया। इसके बाद लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।



सोहना में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दर्ज भरते कल्याण सिंह चौहान।

बैठक में टिकट नहीं मिलने की सूरत में कल्याण सिंह चौहान को निर्दलीय चुनाव लड़ने पर चर्चा की गई। आखिरकार समाज के लोगों की मौजूदगी में राजपूत समाज ने कल्याण सिंह चौहान को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने के लिए आगे बढ़ाया। समाज के निर्णय पर ही कल्याण सिंह चौहान ने चुनाव लड़ने की तैयारी करते हुए गुरुवार को सोहना में अपना नामांकन दाखिल किया। कल्याण सिंह चौहान को 36 बिरादरी ने समर्थन दिया है।

बता दें कि कल्याण सिंह चौहान काफी समय से सोहना क्षेत्र में जन सेवा के माध्यम से जनता के बीच जाकर चुनाव की तैयारी कर रहे थे। बतौर चेयरमैन उन्होंने सोहना समेत पूरे गुरुग्राम में जिला परिषद कोटा से काफी विकास कार्य करवाए थे। उन्होंने कहा कि समाज ने उन्हें चुनाव लड़ने की प्रेरणा और ताकत दी है। समाज की ताकत व आशीर्वाद से ही वे चुनाव लड़ने जा रहे हैं। कल्याण सिंह चौहान ने कहा कि सोहना क्षेत्र का समग्र विकास करने के लिए वे मजबूती से काम करेंगे।

## ट्रेन यात्रियों से 4.50 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण बरामद

**अंबाला।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की एक टीम ने बुधवार को अमृतसर-हावड़ा मेल एक्सप्रेस ट्रेन के चार यात्रियों से 4.50 करोड़ रुपए मूल्य के 8.88 किलोग्राम सोने के आभूषण जब्त किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि आरपीएफ टीम को ए आभूषण उन यात्रियों के सामान से मिले, जिन्होंने शुरू में अपने बैग की जांच पर आपत्ति जताई थी। राजकीय रेलवे पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आयकर विभाग के अधिकारियों को सूचित कर दिया है।

## पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण: रितू

- फरीदाबाद में 5 हजार पौधे लगाने का रखा गया है लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रीतू यादव ने कहा कि पौधारोपण पुनीत कार्य है, इसमें समस्त जनमानस की भागीदारी परम आवश्यक है। पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। वे हमें ऑक्सीजन देते हैं, इसलिए सभी को हर खुशी के पल पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रितू यादव शिक्षा विभाग व वन विभाग फरीदाबाद के सहयोग से जसाना गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व शिक्षकों को संबोधित कर रहीं थी। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप गर्ग के दिशा निर्देश पर शिक्षा विभाग व वन विभाग फरीदाबाद के सहयोग से जिला फरीदाबाद में 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।



पौधरोपण करते मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रितू यादव व एडवोकेट रविंद्र गुप्ता।

## संक्षिप्त समाचार



महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

### नन्हे बच्चों ने किया अपनी कला का प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा आयोजित सार्वजनिक श्री गणेश उत्सव गांधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में 06 सितम्बर से 16 सितम्बर तक बड़े धूम-धाम से मनाया जा रहा है। मंडल द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चो को राम मंदिर, गणेश जी एवं प्राकृतिक दृश्य का विषय दिया गया गया। चित्रकला में कुल 22 बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक चित्रकला का प्रदर्शन किया। परन्तु अंत में प्रतियोगिता के जज रहे संजय पुनेकर एवं जानवी भाटिया ने बच्चों के वर्ग में पहला पुरस्कार गजल को दिया। दूसरा पुरस्कार दृष्टि गर्ग को एवं तीसरा सिया को दिया। 13-16 वर्ग में पहला पुरस्कार जय को दूसरा, श्रृष्टि एवं तीसरा पुरस्कार रतन को दिया। रात्री 8 बजे से बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 25 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मंडल के राजेन्द्र पांचाल, चिंतामणि, विनय, प्रवीन राठोड, रवि पांचाल, यशवंत पांचाल, रविकांत गोसावी, संतराम, कर्ण शर्मा, सचिन, श्रेयस पांचाल एवं मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उमेश अग्रवाल आप के स्टार प्रचारकों में शामिल

**गुरुग्राम।** पूर्व विधायक एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल को पार्टी के स्टार प्रचारकों में शामिल किया है। वे प्रदेशभर में पार्टी के विधानसभा उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार में हिस्सा लेंगे। आम आदमी पार्टी के नोडल अधिकारी विपुल डे की ओर से केंद्रीय चुनाव आयोग के सचिव को लिखे एक पत्र में पार्टी के चालीस स्टार प्रचारकों की सूची भेजी गई है। इसी सूची में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, श्रीमती सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संदीप पाठक व गुरुग्राम के पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल सहित 40 आप नेताओं को शामिल किया गया है। उमेश अग्रवाल ने तीन दिन पहले ही विधानसभा चुनाव की अपनी दावेदारी वापस ले ली थी और पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करने की इच्छा जताई थी। आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारकों में शामिल किये जाने पर पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।



उमेश अग्रवाल।

## एमिटी में डीसी ने और केआर मंगलम विवि में एडीसी ने दिलाई मतदान की शपथ

- कहा- मतदान को टास्क की तरह लें युवा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा विधानसभा चुनाव में युवा वोटर्स की महत्ती भूमिका रहेगी। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए स्वीप अभियान के तहत गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव की अगुवाई में पंचगाव स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला के स्वीप एम्बेसडर एमडी देशी रॉकस्टार, बिग बॉस फेम लवकेश कटारिया व फिटनेस मॉडल लोकेश राजपूत भी मौजूद रहे।



एमिटी विवि में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते डीसी निशांत यादव।

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा कि चुनाव में मतदान किसी की हार जीत का विषय नहीं है। यह आपके अधिकार की बात है। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव को सुगम तरीके से सम्पन्न कराने में प्रशासनिक स्तर पर हजारों व्यक्तियों की मेहनत निहित होती है।



केआर मंगलम विवि में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में शपथ दिलाते एडीसी।

- केआर मंगलम विवि में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 5 अक्टूबर को मतदान होगा। मतदान में जिला के युवा मतदाताओं को शत-प्रतिशत अपनी भागेदारी करनी चाहिए।

एडीसी गुरुवार को केआर मंगलम विश्वविद्यालय के मतदाता साक्षरता क्लब की ओर से आयोजित स्वीप कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुचारू रूप से कायम रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। विधानसभा चुनाव में एक-एक वोट की बड़ी कीमत होती है। कोई उम्मीदवार एक वोट से चुनाव जीत भी सकता है और हार भी सकता है। जिला में 18 साल व इससे अधिक आयु के जिन युवाओं का वोटर आईडी कार्ड बन चुका है।

# कांग्रेस-सीपीआई मिलकर लड़ेंगे चुनाव

## हरियाणा की 90 में से 89 सीटों पर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी उतारे, एक सीट माकपा को

- कामरेड ओमप्रकाश होंगे भिवानी से प्रत्याशी
- रोहतास खटाना कांग्रेस में शामिल, सोहना से लड़ेंगे चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन कांग्रेस ने प्रदेश की 90 में से 89 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार दिए। कांग्रेस की अंतिम सूची आज सुबह 10 बजे जारी हुई। दिलचस्प बात यह है कि आम आदमी पार्टी तथा समाजवादी पार्टी के साथ जो गठबंधन सिरे नहीं चढ़ा लेकिन कांग्रेस ने भिवानी शहर की सीट कांग्रेस ने सीपीआई (एम) को दी है।

सीपीआई ने भिवानी से कामरेड ओमप्रकाश को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं कांग्रेस ने रानियां विधानसभा क्षेत्र से पत्रकार सर्व मित्र काम्बोज को टिकट दिया है। कांग्रेस ने सात सूचियों में अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। बुधवार की रात करीब 11.30 बजे 40 उम्मीदवारों की लिस्ट एक साथ जारी की। इससे पहले पार्टी अपने 41 उम्मीदवार घोषित कर चुकी थी। बुधवार-बृहस्पतिवार की रात भी पांच प्रत्याशियों की घोषणा की। इसके बाद बृहस्पतिवार को नामांकन-पत्र दाखिल करने से कुछ घंटों पहले भी पार्टी ने दो लिस्ट जारी की। अब कांग्रेस व सीपीआई (एम) के सभी नब्बे उम्मीदवार मैदान में आ चुके हैं।

अंबाला कैंट से कांग्रेस ने पूर्व मंत्री चौ. निर्मल सिंह की बेटी चित्रा सरवारा की बजाय पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के करीबी परमिंदर पाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। पानीपत ग्रामीण से यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू को टिकट दिया है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित नरवाना सीट से सतबीर सिंह दबलैन को प्रत्याशी बनाया है।

वहीं तिगांव में पूर्व विधायक ललित नागर की टिकट काटकर पार्टी ने रोहित नागर को उम्मीदवार बनाया है। सोहना से टिकट के प्रबल दावेदार और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के सबसे नजदीकियों में शामिल जितेंद्र कुमार भारद्वाज को टिकट नहीं मिल सकी। कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज लम्बे समय से सोहना में सक्रिय हैं। पार्टी ने उनकी जगह रोहतास खटाना को टिकट दिया है। रोहतास खटाना ने 2019 में जजपा टिकट पर सोहना से चुनाव लड़ा था। गुरुवार को रोहतास खटाना ने कांग्रेस की सदस्यता हासिल की और कुछ समय बाद ही उन्होंने नामांकन दाखिल कर दिया। कुमारी सैलजा के दावे को खारिज करते हुए कांग्रेस ने नारनौंद और उकलाना हलके में भी हुड्डा की पसंद के चेहरे उतारे हैं। उकलाना से पूर्व विधायक नरेश सेलवाल और नारनौंद से जसबीर सिंह 'जस्सी पेटवाल' को टिकट दिया है।

### कांग्रेस ने सर्वाधिक जाटों को चुनाव मैदान में उतारा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस द्वारा जारी की गई सूची में इस बार सर्वाधिक टिकट जाट समुदाय के नेताओं को दिए गए हैं। पार्टी ने सर्वाधिक 26 जाट प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। कांग्रेस कैंप की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार जाटों के बाद दूसरा नंबर ओबीसी का है। पार्टी ने 20 ओबीसी को टिकट दिए हैं। इसके अलावा 17 एससी, 11 सिख और पंजाबी, छह ब्राह्मण, पांच मुस्लिम, दो वैश्य के अलावा राजपूत, बिश्नोई व रोड़ बिरादरी से एक-एक प्रत्याशी को उतारा गया है। कांग्रेस ने अपनी टिकटों में तमाम जातीय समीकरणों को साधते हुए अपनी 89 सीटों में से करीब 30 युवा, 12 महिला प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। पार्टी ने कई पुराने नेताओं को दरकिनार करके देवेंद्र हंस, जस्सी पेटवाड़, राहुल मक्कड़, पत्रकार सर्वमित्र कंबोज, वर्धन यादव, अनिल मान, प्रदीप नरवाल, जय भगवान अंतिल, मनीषा सांगवान जैसे करीब 20 नए चेहरों को उम्मीदवारों बनाया है।

# हरियाणा विधानसभा भंग, अधिसूचना जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को एक अधिसूचना जारी करके विधानसभा भंग कर दी है। हरियाणा सरकार ने बुधवार की रात मंत्रिमंडल की बैठक के बाद विधानसभा भंग करने की सिफारिश की थी। हरियाणा में 14वीं विधानसभा का कार्यकाल तीन नवंबर तक है। संवैधानिक बाध्यता के चलते सरकार ने 52 दिन पहले ही विधानसभा भंग करने की सिफारिश की थी। मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसले के अनुसार हरियाणा सरकार की तरफ से गुरुवार को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को इस संबंध में एक पत्र भेजा गया।

# आदित्य व श्रुति ने नामांकन दाखिल किया

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के बेटे आदित्य सुरजेवाला और पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पोती एवं भाजपा उम्मीदवार श्रुति चौधरी समेत कई नेताओं ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को नामांकन पत्र दाखिल किया।

हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस उम्मीदवार चंद्रमोहन ने पंचकूला विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। राज्य की 90 विधानसभा सीट के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। आदित्य सुरजेवाला ने कैथल विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। आदित्य के साथ उनके पिता एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला भी थे। श्रुति चौधरी ने तोशाम सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ उनकी मां एवं राज्यसभा सदस्य किरण चौधरी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब भी थे। कांग्रेस उम्मीदवार अशोक अरोड़ा ने कुरुक्षेत्र जिले की थानेसर सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी थे। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का बृहस्पतिवार को अंतिम दिन है। नामांकन पत्रों की जांच 13 सितंबर को की जाएगी।

# रोड शो के बाद नामांकन भरने पहुंचे अशोक अरोड़ा

- नामांकन के बाद भाजपा छोड़कर आए कई नेताओं को हुड्डा ने कांग्रेस में शामिल कराया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



थानेसर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा ने बृहस्पतिवार को हजारों कार्यकर्ताओं के विशाल रोड शो के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र भरा। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस प्रत्याशी अरोड़ा का नामांकन पत्र भरवाने के लिए विशेष रूप से पहुंचे।

नामांकन पत्र भरने के पश्चात भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पूर्व विधायक तेजबीर सिंह पुंडरी, पूर्व विधायक बंता राम वाल्मिकी तथा जिला भाजपा कुरुक्षेत्र के पूर्व प्रधान एवं हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष तथा वैश्य अग्रवाल पंचायत थानेसर के पूर्व प्रधान चंद्रभान गुप्ता को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल किया। इन तीनों नेताओं ने अपने सैंकड़ों समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की।

अरोड़ा के चुनावी कार्यालय बैरागी धर्मशाला से सैंकड़ों वाहनों के साथ अरोड़ा का रोड शो प्रारंभ हुआ। रोड शो में हजारों कार्यकर्ताओं ने अपने ट्रेक्टरों, कंबाईन तथा कारों के अलावा दोपहिया वाहनों के साथ भाग लिया। रोड शो में सबसे आगे एक खुले चौपहिया वाहन पर कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ खड़े थे। ढोल-ढमाकों के साथ यह रोड़ शो चलकर मुख्य मार्ग से होता हुआ एसडीएम कार्यालय पहुंचा। रोड़ शो के दौरान नगर में कई घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। इस रोड शो में शामिल हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था।

# कांग्रेस में हुड्डा गुट को मिले 73 टिकट

- सैलजा समर्थक 10 सीटों पर ही सिमटे
- सुरजेवाला को केवल दो पर करना पड़ा संतोष
- अजय यादव के बेटे को सीटिंग गैटिंग के फार्मूले पर मिला टिकट

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा कांग्रेस में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर छिड़ी लड़ाई के एक भाग का अंत गुरुवार को हो गया है। टिकटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस की जमकर चौतरफा फजीहत हुई। गुरुवार को नामांकन का अंतिम दिन था। दोपहर तीन बजे तक नामांकन होने थे और कांग्रेस की अंतिम टिकट दोपहर एक बजे आई। यह टिकट सोहना विधानसभा हलके से थी। कांग्रेस की सूची में सबसे अधिक प्रभाव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का देखने को मिला है। हुड्डा समर्थकों को सबसे अधिक 73 टिकट मिले हैं।

टिकट आबंटन के दौरान भी कांग्रेस के नेताओं में मुख्यमंत्री पद की दावेदारी को लेकर बयानबाजियों का दौर चलता रहा। प्रदेश में कई सीटों को तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कुमारी सैलजा के प्रभाव के चलते होल्ड किया गया। बुधवार की रात जारी हुई 40 उम्मीदवारों की सूची को लेकर आज बहुत से दावेदारों में अंतिम समय में इसे बदले जाने के दोव भी किए।

हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों को लेकर अगर विश्लेषण किया जाए तो एक बात साफ होती है कि प्रदेश में टिकट आबंटन के मामले में केवल भूपेंद्र सिंह हुड्डा की चली है। हाईकमान तथा कई कांग्रेसी नेताओं के विरोध के बावजूद हुड्डा के समर्थन से पार्टी ने जेल में बैठे सोनीपत के विधायक सुरेंद्र पंवार तक को टिकट दे दिया। कुमारी सैलजा ने अंतिम समय तक नारनौंद की जिस सीट को होल्ड करवाकर रखा उस सीट पर भी हुड्डा समर्थक को ही उतारा गया है। प्रदेश में 90 में से 73 सीटों पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा समर्थकों को टिकट दी गई है। कुमारी सैलजा समर्थकों को केवल दस सीटों पर टिकट दिए गए हैं। जिसमें कालका, पंचकूला, हिसार, फतेहाबाद, जगाधरी, अंबाला कैंट, नारायणगढ़,टोहाना, सढौरा व असंध शामिल हैं।

कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला के हिस्से में केवल दो टिकट आए हैं। कैप्टन अजय सिंह यादव के हिस्से में केवल उनके बेटे की टिकट आई है लेकिन उसे भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कोटे में ही गिना जा रहा है। प्रदेश में एक सीट सीपीआईएम के लिए छोड़ी गई है और केवल चार टिकट कांग्रेस हाईकमान ने अपनी मर्जी से दिए हैं।

### भाजपा में हाईकमान की मर्जी से तय हुए टिकट

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में इस बार टिकट आबंटन को लेकर सर्वाधिक घमासान मचा। भाजपा में इस बार चुनाव से पहले बहुत से ऐसे नेता थे जिनकी गिनती पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खेमे में होती थी और उन्होंने चुनाव लडने की तैयारी तक कर ली थी। इसके बावजूद सबसे ज्यादा निराशा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ सीएमओ में तैनात रहे उनके अमले को लगी है। उनमें से किसी को भी टिकट नहीं मिला है। भाजपा में भी कई सीटों को अंतिम समय तक रोका गया लेकिन यहां अधिकतर सीटों पर हाईकमान ने अपनी मर्जी से टिकट आबंटन किया है।

# बेरोजगारी खत्म करने को भ्रष्ट नेताओं को हटाना जरूरी: राघव

**असंध/करनाल।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की उपस्थिति में असंध से अमनदीप जुंडला ने नामांकन किया। इससे पूर्व, पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और शहर में रोड शो निकाला। रोड शो के दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और जनता ने फूलों की बारिश की। जगह जगह लोगों ने उनका स्वागत किया द्य सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि इस बार हरियाणा विधानसभा का चुनाव सबसे दिलचस्प चुनाव है। क्योंकि आजाद भारत के इतिहास में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली आम आदमी पार्टी सभी 90 सीटों पर पूर दमखम से चुनाव लड़ने जा रही है। जब आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ती है तो हारने के लिए नहीं लड़ती, बल्कि सरकार बनाकर देश की सेवा करने के लिए चुनाव लड़ती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने सभी पार्टियों को मौका देकर देख लिया। किसी ने भी हरियाणा के लिए काम नहीं किया, केवल अपनी पार्टी और परिवार को अमीर बनाने के लिए काम किया है। हरियाणा की जनता ने बीजेपी, जजपा, कांग्रेस और इनेलो सबकी सरकार बनाकर देख ली।



# ऑटो एसोसिएशन ने दिया भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा को समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र आटो एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होते हुए वीरवार को भाजपा में आस्था जताते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। एसोसिएशन ने भाजपा की कल्याणकारी नीतियों का खुलकर समर्थन किया। इस दौरान थानेसर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा कुरुक्षेत्र आटो एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मिले। एसोसिएशन द्वारा भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं, एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन में पुरजोर प्रचार करने की जिम्मेदारी ली और कहा कि कुरुक्षेत्र जिले की तमाम विधानसभा सीटों से भाजपा की प्रचंड जीत होगी। जिसके चलते हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

# कांग्रेस ने सांसदों के टिकट काटे, नेता-पुत्रों पर हुई मेहरबान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


अनिरुद्ध चौधरी


बृजेंद्र सिंह

कांग्रेस ने पहले की घोषणा पर अमल करते हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में अपने किसी भी सांसद को चुनाव मैदान में नहीं उतारा लेकिन उसने कई नेता-पुत्रों पर दरियादिली दिखाते हुए उन्हें टिकट दिया है। उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया के दौरान ही कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने स्पष्ट कर दिया था कि किसी भी सांसद को विधानसभा चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

पार्टी ने 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा चुनाव में कुल 89 सीट पर उम्मीदवार घोषित किए हैं और उसने एक सीट गठबंधन के तहत माकपा को दी है। कांग्रेस द्वारा घोषित 89 उम्मीदवारों में किसी भी वर्तमान सांसद का नाम नहीं है जबकि राज्य से ताल्लुक रखने वाले पार्टी के कुछ सांसद तो मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में देखे जाते हैं। इनमें कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला और दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नाम प्रमुख हैं। सिरसा से लोकसभा सदस्य सैलजा ने मीडिया से बातचीत में विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी और कहा था कि वह हरियाणा में काम करने की इच्छुक हैं।

कांग्रेस ने अपने किसी सांसद को टिकट नहीं दिया, लेकिन राजनीतिक परिवारों से ताल्लुक रखने वाले कई नेताओं और नेता-पुत्रों को टिकट दिया है। राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला के पुत्र आदित्य सुरजेवाला को कैथल से उम्मीदवार बनाया गया है। अतीत में खुद सुरजेवाला और उनके पिता शमशेर सिंह सुरजेवाला इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। कांग्रेस ने हिसार से अपने लोकसभा सदस्य जयप्रकाश के पुत्र विकास सहारण को कलायत से उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता बीरेंद्र सिंह के पुत्र तथा पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह को उचाना कलां से टिकट दिया गया है जहां वह पूर्व उप मुख्यमंत्री तथा जजपा के नेता दुष्यंत चौटाला को चुनौती देंगे। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं किरण चौधरी की पुत्री श्रुति चौधरी के खिलाफ तोशाम विधानसभा क्षेत्र से उनके चचेरे भाई अनिरुद्ध चौधरी मुख्य विपक्षी दल के उम्मीदवार हैं। भाजपा उम्मीदवार श्रुति पूर्व मुख्यमंत्री बंशी लाल की पौत्री और कांग्रेस उम्मीदवार अनिरुद्ध पौत्र हैं। यहां दोनों चचेरे भाई बहन एक दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरे हैं। कांग्रेस ने राजनीतिक परिवारों से ताल्लुक रखने वाले कई अन्य नेताओं पर भी दांव लगाया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के पुत्र और पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्र मोहन एक बार फिर पंचकूला से कांग्रेस उम्मीदवार हैं। चंद्र मोहन के भतीजे भव्य बिश्नोई हिसार में आदमपुर से भाजपा उम्मीदवार हैं। कांग्रेस ने हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री अजय यादव के पुत्र और राजद प्रमुख लालू प्रसाद के दामाद चिरंजीव राव को एक बार फिर से रेवाड़ी से उम्मीदवार बनाया है।

# इस बार हर्षोल्लास से मनेगा दशहरा: सिंह

- कांग्रेस प्रत्याशी ने पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप से जीत का आशीर्वाद लेने के बाद भरा नामांकन
- बोले- दस साल में भाजपा ने किया बेड़ा गर्क

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बड़खल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने बड़खल तहसील में नामांकन भरा। इससे पूर्व मेट्रो गार्डन में उपस्थित जनता एवं अपने पिता पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह का आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान का आशीर्वाद है कि चुनाव दशहरा पर्व से पहले आयोजित हो रहे हैं। इसलिए प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद फरीदाबाद का ऐतिहासिक पर्व दशहरा धूमधाम से मनाया जायेगा। उन्होंने बड़खल विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से हाथ जोड़कर आशीर्वाद मांगता हुए कहा कि 10 वर्ष में भाजपा ने प्रदेश को कर्ज में डुबाया है। कांग्रेस की सरकार जब गई तो 70000 करोड़ का कर्ज था जो अब बढ़कर 5 लाख करोड़ हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार आने पर फरीदाबाद को उसका खोया हुआ स्वरूप लौटाया जायेगा। शहर को प्रदेश में नंबर वन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा शहर सीवर, गड्ढों से भरा हुआ है। सरकार आने पर शहर को बनाएंगे गड्ढा मुक्त, कचरा मुक्त। लोगों को फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी पोर्टल और म्यूटेशन की लूट दिलाएंगे मुक्ति।


**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद इब्राहिम खान, जो खसरा नंबर 51/2, क्षेत्रफल 65 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट का मालिक हैं, जो ग्राम चोटपुर, दादरी, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित है श्री चंद्र प्रकाश द्वारा निष्पादित बिक्री विलेख दिनांक 23.02.2017 (दस्तावेज संख्या 1078) के माध्यम से मालिक है, और इसे गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, गाजियाबाद द्वारा वित्तपोषित किया जाना है। श्री सुंदर सिंह द्वारा श्री चंद्र प्रकाश के पक्ष में निष्पादित मूल बिक्री विलेख दिनांक 24.03.2006 (दस्तावेज संख्या 2421) खो गया है। यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित है, तो वह आज से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है। लुसेम लीगल एलएलपी बी-93बी, द्वितीय तल,एसबीआई बैंक के सामने, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी-201301. संपर्क **#0120-4269379**

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I, Deepika W/o Upendra** Kumar Rathi R/o House No.-1022, Sector-5, Vasundhara, Ghaziabad (U.P) 201012 have changed my name to Deepika Rathi for all future purposes.
**PD(742)A**

**I, hereto known as Gayatri** Singh W/o. Mr. Manoj Kumar, R/o. 62/F1, Masjid Moth, South Ex-2, Near Ansal Plaza, South Delhi, Delhi-110049 changed my name and shall hereafter be known as Gayatri for all future purposes.
**PD(745)A**

**I, hereto known as Manoj** Singh S/o. Mr. Kanwar Singh, R/o. 62, F1, Masjid Moth, South Ex-2, South Delhi, Delhi-110049 changed my name and shall hereafter be known as Manoj Kumar for all future purposes.
**PD(746)A**

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, Shreeya Prasad D/o Shiv Prasad, R/o A- 106 Unesco Apartments 55 IP Extension Patparganj Delhi, East Delhi-110092, declare that name of mine and my father have been wrongly written as Shreeya Prasad Saxena and Shiv Prashad Saxena in my Passport Number Z6489010. The actual name of mine and my father are Shreeya Prasad and Shiv Prasad respectively, which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.
**SHREEYA PRASAD**

**Public Notice**

This is to inform general public that **Mrs. Ashima Grover** has acquired the Third Floor, Front Side, LHS, with roof rights, area measuring 60 sq. yds., built on Property bearing No. C-15, out of khasra no. 333, situated in the area of village Bindapur, Delhi State colony known as Subhash Park, Uttam Nagar, New Delhi -110059 by way Sale Deed dated 10.11.2022, Doc no. 28501.
Documents related to the above said property has been misplaced i.e. Original Sale Deed dated 10.11.2022 executed by 1. Mr. Kanhiya Lal (having 25% undivided share), 2. Mr. Mohit Kumar Gupta (having 20% undivided share), 3. Mr. Ram Prasad Chaurisiya (having 20% undivided share), 4. Mr. Naveen Kumar (having 25% undivided share), 5. Mr. Vinay Kumar (having 10% undivided share) in favour of Mrs. Ashima Grover in respect of the above Said Property, vide Document No. 28501, in Book No. 1, Volume No. 8302, Page No. 172 to 182 on 10.11.2022, duly registered in Sub Registrar IIB Delhi. anyone who find the said documents shall handover the same to the Manager of **Hinduja Housing Finance Ltd.** Office Address: Office No. 167-169, 3rd Floor, Little Mount, Saidapet, Chennai 600 015 or handover the same to Mrs. Ashima Grover W/o. Hemant Grover R/o. C-33-34, Subhash Park, Uttam Nagar, New Delhi 110059. Contact : +91-9717062995 or +91-9971841668.
**Pramod Kumar Singh, Partner of AccuLaw Source LLP, Contact No. 9560309909**

**PUBLIC NOTICE**

Re: **Entire Ground floor and First floor without roof rights**(hereinafter referred to as "Said Floors" Built-up on Property bearing No-C-165 (Plot no. 165, Block-C) area measuring 70 sq mtrs situated in the layout plan of Hyderpur residential now known as Prashant Vihar, Delhi-110085 **("The Said Property")**
Notice is hereby given to the general public including Banks, Financial Institutions, etc. that, as informed by our clientess, Mrs. Jainmati Jain W/o Mr. Satya Narain Jain , she is the sole and absolute owner of the said floors. She owned the said property vide Conveyance Deed executed by DDA in her favour and registered as Document No. 6657, Volume No.1064, pages 47-49, on 13.06.2000 (SRO-VI). Thereafter, she had sold the entire second floor (without roof rights) and Third Floors (with roof rights) separately and thus she is now the sole and absolute owner of the said floors. Now, our clientess intends to mortgage the said floors with IDFC FIRST Bank Limited for availing loan facility.
If any person, society, bank, financial institution or other institutions have any objection against the ownership of our clientess on the said floors and subsequently rightful mortgage of the said floors in favour of IDFC FIRST Bank Limited by our clientess, may raise his/her/their objection/s, in writing, by Registered AD post, to the undersigned, within 07 days, on address mentioned below. Otherwise after expiry of 07 days from the date of publication of this notice, the said floors shall be mortgaged by our clientess in favour of IDFC FIRST Bank Ltd., and no objection shall be acceptable against such mortgage.
**SHIVKANT ARORA, ADVOCATE**
**FOR M/S INTELLECTIVE LAW OFFICES, A-74, LOWER GROUND FLOOR, DEFENCE COLONY, NEW DELHI-110024**

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर-23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुभव पांडे/शैलजा मिश्रा/ LBNOD00006098201/ LBNOD00006262683 | यूनिट बियरिंग संख्या सी-305, तीसरी मंज़िल (एक कवर कार पार्किंग के साथ), टॉवर-सी, एनआरआई रेजीडेंसी, प्लॉट संख्या जीएच-01 पर निर्मित, सेक्टर-ओमेगा-II ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश- 201307/ सितंबर 09, 2024 | मई 31, 2024 रु. 57,03,591/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मिन्नी तिवारी/ संजय कुमार तिवारी/ विवेक तिवारी/ LBDEL00003876309 | फ्लैट संख्या 147, पहली मंजिल, न्यू एलआईजी फ्लैट्स, गाँव कोंडली घरोली, मयूर विहार, फेज-3, दिल्ली- 110096/ सितंबर 10, 2024 | मार्च 22, 2024 रु. 15,88,929/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | श्याम नंदन यादव/ कौशल्या देवी/ TBGHZ00006263585 | एलआईजी फ्लैट संख्या ए-2, पहली मंज़िल, बिना छत के अधिकार के, प्लॉट संख्या 324, आवासीय कॉलोनी शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1 में स्थित, गाँव-पसौंडा तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201005/ सितंबर 10, 2024 | मई 22, 2024 रु. 14,75,945/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | रत्नेश/ प्रमेश/ LBDEL00002377176 | फ्लैट नं. 24, ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर जी- 8, पॉकेट 3 ब्लॉक बी4, नरेला, दिल्ली-110090/ सितंबर 10, 2024 | फरवरी 08, 2024 रु. 6,36,353/- | दिल्ली/ एनसीआर/ सोनीपत |
| 5. | कृष्ण कुमार/ रेखा/ LBNOD00001361522 | फ्लैट संख्या-एस-2, प्लॉट संख्या-सी-1/93 (एसएफ फ्रंट साइड एलएचएस) डीएलएफ दिलशाद एक्सटेंशन 2, गाजियाबाद/ सितंबर 10, 2024 | जून 19, 2021 रु. 5,03,188/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

**दिनांक : सितंबर 13, 2024**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

**इंडियन ओवरसीज बैंक**
सेक्टर 46-फरीदाबाद शाखा
(पताः एसीओएफ 63, सैक्टर-46 - फरीदाबाद, फरीदाबाद
फोनः 0129-2438938 और ईमेलः iob@1836@iob.in)

**सांकेतिक कब्जा सूचना**
**(अचल संपत्ति हेतु) ((नियम 8(1))**

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम के प्रवर्तन इंडियन ओवरसीज बैंक, **सैक्टर-46, फरीदाबाद शाखा** के प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत कर्जदार/बंधककर्ता/गारंटर श्री/मैसर्स
1. मैसर्स ओएसएम प्रोजेक्टस प्रा. लि. (उधारकर्ता)
2. श्री लोकेश शर्मा (निदेशक)
3. श्री सुरेन्द्र शर्मा (निदेशक/बंधककर्ता/गारंटर)
4. श्री दिनेश शर्मा (निदेशक/गारंटर)
5. श्री मुनेश शर्मा (बंधककर्ता/गारंटर)
6. श्रीमती पूनम शर्मा (बंधककर्ता/गारंटर)
7. श्री अजय विक्रम सिंह (बंधककर्ता/गारंटर)
8. श्री सुशील शर्मा (बंधककर्ता/गारंटर)
9. श्रीमती सुमन शर्मा (बंधककर्ता/गारंटर)
10. श्री ओम प्रकाश शर्मा (बंधककर्ता/गारंटर)
11. श्री विपिन शांडिल्य (बंधककर्ता/गारंटर)
12. श्री रमेश चंद शर्मा (गारंटर)

**(इसके बाद "कर्जदार/गारंटर/बंधककर्ता" के रूप में संदर्भित) को** मांग सूचना दिनांक 20-05-2024 को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि **रु. 31,20,35,423.71 (रु. इकतीस करोड़ बीस लाख पैंतीस हजार चार सौ तेईस और पैसे इकत्तर) दिनांक 17.05.2024 तक बैंक गारंटी सहित और संविदात्मक दर पर ब्याज, प्रभार इत्यादि सहित पूर्ण चुकौती की तिथि तक,** उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।
(1) कर्जदार राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी इंडियन ओवरसीज बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक **11 सितम्बर, 2024** को लिया है।
(2) विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन इंडियन ओवरसीज बैंक, के प्रभार वास्ते **रु. 31,91,53,920.06 (रु. इकतीस करोड़ इक्यान्वे लाख तिरेप्पन हजार नौ सौ बीस और पैसे छह) दिनांक 09.09.2024 तक अप्राप्त बैंक गारंटी सहित और संविदात्मक दर पर ब्याज और अर्जित प्रभार, लागत इत्यादि सहित** के अधीन होगा। जिसमें मांग नोटिस में उल्लिखित उपरोक्त तारीख से भुगतान की तारीख तक अनुबंध दरों और सहमति के अनुसार शेष राशि, शुल्क, लागत आदि पर ब्याज शामिल होगा, जिसमें मांग नोटिस जारी होने के बाद किए गए पुनर्भुगतान, यदि कोई हो, को घटाया जाएगा। दिनांक 31.08.2024 तक देय बकाया राशि **रु. 31,91,53,920.06 (रु. इकतीस करोड़ इक्यान्वे लाख तिरेप्पन हजार नौ सौ बीस और पैसे छह)** जिसमें भुगतान की तिथि तक संविदात्मक दरों पर अतिरिक्त ब्याज और शेष, शुल्क आदि के साथ देय अप्राप्त बैंक गारंटी शामिल है।
(3) कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों को मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

रिहायशी सम्पत्ति - फ्लैट सं. 771/एफ-8, सागर प्रेसीडेंसी, 7वीं मंजिल, सेक्टर 50 नोएडा,य वह सम्पत्ति श्री अजय विक्रम सिंह पुत्र श्री जनार्दन सिंह के नाम पर है।
टाईटल डीड के अनुसार संपत्ति का क्षेत्रफल - 146.87 वर्ग मी.

सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट/फ्लैट नं. 771, 7वां तल, सर्वे सं. एफ-8, सागर प्रेसीडेंसी//सिटी या टाउन सर्वे नं./खसरा नं. उप-जिला नोएडा और जिला नोएडा (यूपी) के अंतर्गत पंजीकृत
चौहद्दीः
उत्तर में
दक्षिण में
पूरब में
पश्चिम में

दिनांकः 13.09.2024
स्थानः फरीदाबाद

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
इंडियन ओवरसीज बैंक

# अमेरिका में चुनाव

## हैरी-ट्रंप टीवी बहस

**अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव** में आयोजित टीवी बहस में हैरी और ट्रंप ने स्वास्थ्यरक्षा और अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों पर परस्पर विरोधी विचार रखे। 2024 का राष्ट्रपति चुनाव अमेरिकी इतिहास में सर्वाधिक गहन तथा ध्रुवीकृत है। इस राजनीतिक संघर्ष में दो प्रमुख व्यक्तियों-पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच टीवी पर आमने-सामने बहस हुई। उनके विचारों में नीतिगत मुद्दों, भाषण शैली और अमेरिका के प्रति दृष्टिकोण में तीखे विरोधाभास सामने आए जिससे देश में व्याप्त गहरा वैचारिक विभाजन स्पष्ट है। उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस ने एकता, न्याय व समावेशन पर जोर दिया। अपनी आकर्षक भाषण शैली तथा 'अभियोजन' की पृष्ठभूमि के चलते कमला हैरिस ने अपना विमर्श अमेरिका में विभाजनों को पाटने तथा प्रगतिशील सुधारों पर केन्द्रित रखा। हैरिस ने ज्यादा समतापूर्ण समाज बनाने पर अपनी प्रतिबद्धता के साथ ही स्वास्थ्यरक्षा सुधारों, छोटे बिजनेसों की प्रगति, जलवायु कार्रवाई तथा महिलाओं के 'पसंद के अधिकार' पर जोर दिया। बहस के दौरान उन्होंने सर्वाधिक महत्वपूर्ण ढंग से महिलाओं के प्रजनन अधिकारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह न केवल महिला अधिकार, बल्कि मूलभूत मानवाधिकार का मुद्दा है। मध्यमार्गी मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए हैरिस ने इस धारणा का भी खंडन किया कि वे बहुत अधिक उदारवादी हैं।

दूसरी ओर डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रवाद, आर्थिक संरक्षणवाद तथा अवस्थापना-विरोधी लफ्फाजी पर केन्द्रित अपना लोकरंजक संदेश दिया। ट्रंप ने सीमा सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, ऊर्जा स्वतंत्रता तथा अनेक ग्रामीण व कामगार वर्ग के अमेरिकनों के सरोकारों पर ध्यान केन्द्रित किया जो विकसित होती वैश्विक अर्थव्यवस्था में पीछे छूट गए हैं। एक बार उन्होंने मध्य से वाम की ओर झुके एजेंडे के कारण हैरिस को 'मार्क्सवादी' तक कह दिया। ट्रंप अपने मतदाताओं




से सीधे जुड़ सकते हैं और यह उनकी शक्तिशाली उपलब्धि है। उन्होंने नियंत्रण हटाने तथा 'अमेरिका फर्स्ट' नीतियों पर जोर दिया जो मतदाताओं को आकर्षित करती हैं और इसी कारण ट्रंप को आर्थिक हितों का चैंपियन माना जाता है। लेकिन अपनी पूरी बहस में ट्रंप में विश्वास की कमी तथा रक्षात्मक भाव दिखा, जबकि जो बाइडेन के साथ बहस में वे ज्यादा आक्रामक थे। इसके साथ ही वे कमला हैरिस द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से पस्त दिखे कि उनकी आलोचना न केवल उनके कर्मचारियों, बल्कि डिक चेनी जैसे रिपब्लिकनों ने भी की है, जो अब हैरिस के पक्ष में चले गए हैं। कोविड-19 वैश्विक महामारी तथा 6 जनवरी को हुए 'कैपिटाल दंगों' जैसे मुद्दों से निपटने में अक्षमता भी बहस में उन पर हावी रही। इससे उनका विश्वास और हिल गया तथा उनको पीछे हटना पड़ा। लेकिन फिलहाल जनता के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि इनमें से अंततः कौन विजयी होगा। प्रतियोगिता कड़ी है, पर कमला हैरिस थोड़ी लाभ की स्थिति में हैं, हालांकि ट्रंप के समर्थक आधार और मतदाताओं को अनदेखा करना उचित नहीं होगा जो काफी मुखर हैं। कमला हैरिस के एजेंडे में शामिल 'जलवायु कार्रवाई', 'इस्राइल नीति' तथा 'बंदूक नीति' जैसे मुद्दे अनेक अमेरिकनों को पसंद नहीं हैं और वे ट्रंप को अपना प्रतिनिधि चुन सकते हैं। ट्रंप की पकड़ अमेरिकी मतदाताओं के बड़े हिस्से पर बनी हुई है जिनमें खासकर श्वेत, ग्रामीण व कामगार वर्ग शामिल हैं। यह तबका अनुभव करता है कि वे हालिया वर्षों में अमेरिका द्वारा अपनाई 'प्रगतिशील दिशा' से पीछे छूट गए हैं। ट्रंप के अति-सरलीकृत विचार भले ही व्यावहारिक न हों, पर वे जनता को आकर्षित करते हैं।

# हरियाणा चुनाव में कांटे की टक्कर

**हरियाणा में कड़े मुकाबले वाले विधानसभा चुनाव में राजनीतिक परिदृश्य गठबंधनों में परिवर्तन तथा लंबे चौड़े वादों से प्रभावित हो रहा है। यहां भाजपा और कांग्रेस में कांटे की टक्कर है।**



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



हरियाणा में कड़े मुकाबले वाले विधानसभा चुनाव में राजनीतिक परिदृश्य गठबंधनों में परिवर्तन तथा लंबे चौड़े वादों से प्रभावित हो रहा है। इस चुनाव में फिलहाल भाजपा और कांग्रेस में कांटे की टक्कर दिख रही है। ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण है कि राज्य के विधानसभा चुनाव में किसे विजय मिलेगी? क्या सत्तारूढ़ भाजपा राज्य पर अपना कब्जा बनाए रखेगी या उभरती हुई कांग्रेस को चुनाव में विजय से एक अवसर मिलेगा? वर्तमान समय में पूरा देश हरियाणा के साथ ही महाराष्ट्र, झारखंड तथा जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव परिणामों की सांस रोक कर प्रतीक्षा कर रहा है। इन विधानसभा चुनावों से इन राज्यों का भविष्य निर्धारित होने के साथ ही पूरे देश के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों पर विविधतापूर्ण एवं बहुकोणीय मुकाबला होना निश्चित है। हालांकि, राज्य के इस विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है, लेकिन अनेक छोटी पार्टियां भी अपनी किस्मत आजमा रही हैं। इन पार्टियों में 'आम आदमी पार्टी'-आप, समाजवादी पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-माकपा तथा हरियाणा लोकहित पार्टी शामिल हैं। ये पार्टियां विधानसभा चुनाव में शामिल हो कर राज्य के चुनावी परिदृश्य में विविधता पैदा कर रही हैं। भाजपा के साथ ही जननायक जनता पार्टी-जेजेपी भी मैदान में है जिसने चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व वाली आजाद समाज पार्टी-कांशीराम के साथ गठबंधन कर दुष्यंत चौटाला को अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित किया है। इसके साथ ही इंडियन नेशनल लोकदल-इनेलोद व बहुजन समाज पार्टी-बसपा ने गठबंधन कर अभय सिंह चौटाला को अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित किया है।

हालांकि, भाजपा और कांग्रेस ने अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है, पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुनावी संघर्ष में कांग्रेस का नेतृत्व कर रहे हैं। भाजपा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। लेकिन भाजपा और कांग्रेस, दोनों आंतरिक समस्याओं का सामना कर रही हैं। भाजपा के मंत्री रणजीत सिंह चौटाला तथा विधायक लक्ष्मण दास नापा ने विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने पर पार्टी छोड़ दी है।

भाजपा के अनेक अन्य प्रमुख नेताओं तथा जिला नेताओं ने भी उनके टिकटों पर विचार न करने के कारण पार्टी छोड़ दी है। कांग्रेस और उसके गठबंधन साझीदार आप में सीट साझा के लिए लंबी चर्चा हुई, पर हरियाणा में हुड्डा समेत अन्य कांग्रेस नेता उसे ज्यादा सीटें देने को तैयार नहीं थे। इस कारण अंततः आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन टूट गया और आप राज्य की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस को उम्मीद है कि दस साल बाद वह फिर से सत्ता में वापस आ सकती है। पार्टी ने रणनीतिक रूप से काफी समय तक समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी-आप के साथ गठबंधन का प्रयास किया, पर अंततः वह विफल हो गई। इस बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 'शराब घोटाले' में संलिप्तता के आरोपों का सामना कर रहे हैं और जेल में बंद हैं। हरियाणा का चुनाव सभी पार्टियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जहां भाजपा राज्य में अपने तीसरे कार्यकाल के लिए मैदान में है, वहीं कांग्रेस पुनः सत्ता में आने के लिए संघर्ष कर रही है। अन्य क्षेत्रीय पार्टियां भी सत्ता में अपनी साझेदारी चाहती हैं। जहां तक लोकसभा में प्रतिनिधित्व का सवाल है, 2019 में भाजपा ने राज्य की सभी दस सीटों पर विजय पाई थी, पर 2024 में वह केवल पांच सीटें जीत सकी और कांग्रेस ने बाकी पांच सीटों पर कब्जा कर लिया। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने दम पर बहुमत नहीं प्राप्त कर सकी और उसने जनता दल युनाईटेड-जदयू तथा तेलगू देशम पार्टी-टीडीपी की सहायता से सरकार बनाई।

वर्ष 2014 के पहले भाजपा हरियाणा में छोटी पार्टी हुआ करती थी। लेकिन 2014 लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी में मजबूती व गतिशीलता आई। 2019 में भाजपा को राज्य विधानसभा में 40 सीटों पर विजय मिली और वह बहुमत से केवल 6 सीट पीछे रह गई। ऐसे में दस सीटें जीतने वाली दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी-जेजेपी ने भाजपा का समर्थन किया। लेकिन हाल में जेजेपी ने भाजपा से गठबंधन तोड़ दिया है।

हरियाणा में भाजपा का मत-प्रतिशत 2019 में 58.2 प्रतिशत था, लेकिन वह 2024 में घट कर 46.11 प्रतिशत रह गया। इसका मुख्य कारण किसानों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग थी। 2024 में कांग्रेस तथा क्षेत्रीय पार्टियों के गठबंधन-'इंडिया' ने भाजपा के मत प्रतिशत में सेंध लगा दी। मार्च में भाजपा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के स्थान पर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बना दिया। नए मुख्यमंत्री ने अनेक कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की है। उन्होंने सरकारी नौकरियां भरने के साथ ही जाट मुद्दे के समाधान का वादा किया है। लेकिन अभी भाजपा को मिलने वाले जाटों के समर्थन पर संदेह है। इसके साथ ही नायब सिंह सैनी का छः महीने का सीमित कार्यकाल संभवतः ज्यादा असर नहीं छोड़ पाया है। कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव में अपनी सीटें दूनी करने से बहुत उत्साहित है।

राज्य में कांग्रेस बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, किसानों के मुद्दे तथा विवादास्पद 'अग्निवीर योजना' पर जनता का ध्यान केन्द्रित कर रही है। पार्टी जनता से प्राप्त सुझावों के आधार पर अपना चुनाव घोषणापत्र तैयार कर रही है जिसमें अनेक कल्याणकारी योजनाओं का वादा किया जा सकता है। इनमें 6,000 रुपये की वृद्धावस्था पेंशन तथा 300 यूनिट मुफ्त बिजली जैसी चीजें शामिल हो सकती हैं। पार्टी 452,000 पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं तथा 4.09 मिलियन युवा मतदाताओं पर भी ध्यान केन्द्रित कर रही है, जबकि भाजपा इनमें रणनीतिक रूप से विभाजन करना चाहती है। आप का थोड़ा असर हरियाणा के सीमान्त क्षेत्रों में है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 'इंडिया' गठबंधन को एकजुट बनाए रखने का प्रयास कर रहे थे, पर अब आप ने अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया है। कहा जाता है कि पहले आप में पांच सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति जताई थी। कांग्रेस में भी व्यापक आंतरिक गुटबाजी व्याप्त है। कांग्रेस दो गुटों में विभाजित है जिनमें से एक का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा दूसरे का नेतृत्व पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा कर रही हैं। पार्टी दोनों गुटों को खुश करने का प्रयास कर रही है, पर हुड्डा का पहले मुख्यमंत्री रहने के कारण ज्यादा असर है। पाला बदलने वालों तथा पूर्व मुख्यमंत्रियों को कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची में स्थान मिला है।

भाजपा हरियाणा में कड़े मुकाबले का सामना कर रही है। कुछ मीडिया स्रोतों द्वारा कराए जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार पार्टी को इस बार पहले जितनी सीटों पर सफलता मिलना कठिन लग रहा है। भाजपा की समस्या है कि उसके पास राज्य के स्तर पर मजबूत नेतृत्व नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया है ताकि राज्य में नए नेतृत्व का विकास हो सके। इसके साथ ही दस साल सत्ता में रहने के बाद उसे कुछ सत्ता-विरोधी रुझान का सामना भी करना पड़ रहा है। पार्टी के चुनाव प्रचार में प्रमुख भूमिका निभाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभी राज्य में किसी चुनाव रैली को संबोधित नहीं किया है, हालांकि उनके द्वारा जल्द ही रैलियों को संबोधित करने की संभावना है।

कांग्रेस को भी आंतरिक टकरावों पर लगाम लगाने व संगठन मजबूत करने के लिए काम करना होगा। भाजपा में उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद कुछ प्रभावशाली नेताओं समेत अनेक ने पार्टी छोड़ दी। टिकट के बहुत अधिक उम्मीदवार पार्टी की संभावनायें प्रभावित करते हैं। अंततः चुनावी गणित ही तय करेगी कि कांग्रेस और भाजपा में से किसे विजय मिलती है। कांग्रेस को गलतियां दुहराने से बचते हुए सबको साथ लेकर चलना चाहिए, नहीं तो वह महत्वपूर्ण अवसर खो देगी। भाजपा अपना नुकसान कम कर समुचित संख्या में सीटें जीत कर सरकार पुनः बना सकती है।

# भारत में हरित हाईड्रोजन क्रांति

आरिफ आगा
(लेखक स्गर एनर्जी इंडिया के निदेशक हैं)



पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के भयानक परिणामों से जूझ रही है और टिकाऊ और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की तलाश कर रही है। ग्रीन हाइड्रोजन, अक्षय ऊर्जा का उपयोग करके उत्पादित एक शक्तिशाली वैकल्पिक ईंधन, एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में उभरा है।

अब, भारत में, ग्रीन हाइड्रोजन क्रांति गति पकड़ रही है, जिसमें सरकार, निजी क्षेत्र और स्टार्ट-अप देश को इस परिवर्तनकारी तकनीक में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हाल के वर्षों में, सौर और पवन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों द्वारा संचालित इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से उत्पादित ग्रीन हाइड्रोजन ने महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है।

2006 में पेश किए गए राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा रोडमैप ने भारत में हाइड्रोजन की क्षमता का पता लगाने के लिए सरकार द्वारा पहला औपचारिक प्रयास किया। तब से, तकनीकी प्रगति और अक्षय ऊर्जा के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता ने ग्रीन हाइड्रोजन क्रांति के लिए एक ठोस आधार तैयार किया है। भारत जीवाश्म ईंधन पर अपनी भारी निर्भरता और भारी कार्बन उत्सर्जन के कारण अपनी ऊर्जा प्रणालियों को डीकार्बोनाइज़ करने के लिए भारी दबाव का सामना कर रहा है। ग्रीन हाइड्रोजन एक बहुमुखी ऊर्जा वाहक के रूप में काम कर सकता है, जिसका उपयोग औद्योगिक प्रक्रियाओं और परिवहन से लेकर बिजली उत्पादन और भंडारण तक में किया जा सकता है। ग्रे या ब्लू हाइड्रोजन के विपरीत, जो जीवाश्म ईंधन से उत्पादित होता है और इसमें कार्बन उत्सर्जन होता है।

ग्रीन हाइड्रोजन पूरी तरह से स्वच्छ है, इस प्रकार वैश्विक स्थिरता लक्ष्यों के साथ संरेखित है। भारत के विशाल नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन, विशेष रूप से सौर और पवन, इसे बड़े पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए एक आदर्श स्थान बनाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने नोट किया है कि भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता




ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए आवश्यक कम लागत वाली बिजली प्रदान कर सकती है, जो संभावित रूप से इसे दुनिया के सबसे अधिक लागत प्रभावी उत्पादकों में से एक बना सकती है। ग्रीन हाइड्रोजन के रणनीतिक महत्व को पहचानते हुए, केंद्र सरकार ने इसके विकास और अपनाने को बढ़ावा देने के लिए कई नीतिगत उपायों को लागू किया है। देश को ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए, भारत सरकार ने 2021 में अपना महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन शुरू किया। मिशन विभिन्न क्षेत्रों में मांग पैदा करने, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन सुनिश्चित करने और हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान और विकास का समर्थन करने पर केंद्रित है। प्रमुख नीतिगत प्रोत्साहनों में पायलट परियोजनाओं के लिए सब्सिडी और वित्तीय सहायता, हाइड्रोजन हब का विकास और उद्योगों के लिए अपने संचालन में हरित हाइड्रोजन का उपयोग करने के लिए अनिवार्यताएँ शामिल हैं। इस सक्रिय दृष्टिकोण ने अब सकारात्मक परिणाम देने शुरू कर दिए हैं। हालांकि, रिफाइनिंग, उर्वरक और परिवहन सहित कई क्षेत्रों में ईंधन के रूप में हाइड्रोजन के उपयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा बनाने की आवश्यकता है। कॉप26 शिखर सम्मेलन में घोषित 2070 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता। स्टील, सीमेंट और पेट्रोकेमिकल्स जैसे कठिन-से-कम करने वाले क्षेत्रों को डीकार्बोनाइज़ करके इस यात्रा में हरित हाइड्रोजन की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। हरित हाइड्रोजन में परिवर्तन से आयातित जीवाश्म ईंधन पर भारत की निर्भरता भी कम हो सकती है, ऊर्जा सुरक्षा में वृद्धि हो सकती है और एक महत्वपूर्ण आर्थिक बढ़ावा मिल सकता है।

भारतीय समूह और बड़े निजी व्यवसाय हरित हाइड्रोजन की क्षमता को पहचानने में तेज़ रहे हैं और इस क्षेत्र में पर्याप्त निवेश कर रहे हैं। हाइड्रोजन उत्पादन इकाइयां स्थापित करने और परिवहन में हाइड्रोजन ईंधन कोशिकाओं को एकीकृत करने के लिए निवेश किया जा रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में स्टार्ट-अप इलेक्ट्रोलाइज़र विकसित करने और उन्हें तैनात करने, मज़बूत हाइड्रोजन भंडारण समाधान बनाने और हाइड्रोजन ईंधन सेल तकनीक के साथ परिवहन क्षेत्र में नवाचार करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

भारत में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को लाने और हरित हाइड्रोजन क्रांति को गति देने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग महत्वपूर्ण होगा। भारत ने जर्मनी, जापान, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने, संयुक्त उद्यम विकसित करने, प्रौद्योगिकी साझा करने और क्षमता निर्माण के लिए साझेदारी बनाने की मांग की है।

भारत में हरित हाइड्रोजन क्रांति देश के ऊर्जा परिदृश्य को बदलने और एक स्थायी भविष्य की ओर वैश्विक परिवर्तन का नेतृत्व करने का एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करती है। मजबूत सरकारी समर्थन, निजी क्षेत्र के सक्रिय प्रयासों और स्टार्ट-अप से गतिशील नवाचार के साथ, भारत एक हरित हाइड्रोजन पावर हाउस बनने की यात्रा पर निकल पड़ा है। शुद्ध-शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हरित हाइड्रोजन भारत के ऊर्जा भविष्य को आकार देने और वैश्विक स्थिरता प्रयासों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# आप की बात

## पटरियों पर षडयंत्र

**रेल पटरियों** पर रेलें उलटने या उनमें आग लगाने के आपराधिक प्रयासों की घटनाएं बढ़ रही है। उत्तरप्रदेश और राजस्थान में शासन-प्रशासन व खुफिया तंत्र इस बारे में सजगता बरत रहा है। पटरियों पर कभी भरा गैस सिलेंडर, कभी सीमेंट का पिलर, पत्थर, कभी बाइक का कबाड़ और कभी कटा पेड़ मिलना देश-विरोधी षडयंत्रों या आतंकवादियों की हरकतों के संकेत दे रहे हैं। इस कारण कुछ ट्रेनों के पटरी से उतरने की घटनाएं हुई हैं। रेल प्रशासन, पुलिस व खुफिया तंत्र को ऐसे मामलों में कहीं न कहीं भारत-विरोधी तत्वों द्वारा विदेशी शक्तियों का षडयंत्र लग रहा है। रेलों की सुरक्षा को गंभीरता से लेने तथा केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के स्तर पर ऐसे कांडों की गंभीर जांच की आवश्यकता है। पटरियों पर किए जाने वाले ऐसे षडयंत्र का उद्देश्य न केवल आम जनता को जान-माल का भारी नुकसान पहुंचाना, बल्कि जनता की नजर में सरकार के प्रति विश्वास गिराना भी है। इसे देशद्रोह के सिवा और कुछ नहीं कहा जा सकता है। ऐसे षडयंत्रों को विफल करने के लिए पटरियां गुजरने वाले स्थानों की जनता को जागरूक करने तथा षडयंत्रकारियों को पकड़ने के लिए इनाम देने की घोषणा केन्द्र व राज्य सरकारों की ओर से अविलंब की जानी चाहिए। ऐसे अपराधों की सजा कठोरतम होनी चाहिए।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

## विभाजनकारी विपक्षी रणनीति

**भारत** विश्व का सबसे प्राचीन राष्ट्र है, लेकिन इसने सबसे ज्यादा आक्रमण भी झेले हैं। भारत पर राज करने वालों की बस एक ही नीति थी फूट डालो और राज करो। वर्तमान समय मे देश की सत्ता पाने के लिए विपक्ष भी उसी नीति पर चल रहा है। भारत की जनता ने एकमत होकर लगातार तीन लोकसभा चुनाव में विपक्ष को नकार दिया है। अब विपक्ष झूठा भृम फैलाकर समाज मे विघटन के नए प्रयास कर रहा है। राहुल गांधी ने अमेरिका से विपक्ष की विभाजनकारी योजना को फिर से हवा दी है। उन्होंने सिख समाज को भारतीय समाज से दूर करने का षडयंत्र करते हुए कहा है कि भारत में सिख पीड़ित है। भारत मे सिखों को पगड़ी, कड़ा पहनने तथा गुरुद्वारे में जाने की अनुमति नही है। हालांकि, राहुल ने जिस सिख के बहाने बैठक में यह षडयंत्र किया, उसने स्वयं मीडिया में आकर राहुल के कथन का खंडन कर दिया। राहुल के बयान के तुरंत बाद खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत पन्नू ने उनके बयान की तारीफ कर दी। राहुल की बैठकों में अनेक घोषित भारत-विरोधी तत्व पूरे सम्मान के साथ उपस्थित थे। भारत आने पर देश की सारी जनता को राहुल गांधी का मुखर विरोध अवश्य करना चाहिए।

– **ललित शंकर,** गाजियाबाद

## पाकिस्तानी विलाप

**पाकिस्तानी** विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने आरोप लगाया कि भारत ने एक पुरानी रियासत जूनागढ़ पर कब्जा कर रखा है। देशी रियासत जूनागढ़ का 1948 में भारत में विलय हो गया था, लेकिन विडंबना है कि अब पाकिस्तान हास्यास्पद ढंग से उस पर अपना ऐतिहासिक और कानूनी दावा कर रहा है। पाकिस्तान के इस हास्यास्पद बयान पर भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना है कि पाकिस्तान की सोच हर तरह से शर्मनाक एवं मूर्खतापूर्ण है। जूनागढ़ आज गुजरात का हिंदू-बहुल तथा बहुत विकसित क्षेत्र है। ऐसे में पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता का बयान केवल अपनी जनता को भ्रमित करने तथा लगातार भारत-विरोधी भावनायें भड़काने के लिए सुनाई जाने वाली कहानियों को छोड़ कर और कुछ नहीं है। विडंबना है कि मुमताज जहरा बलोच अपने देश के बलूचिस्तान में जारी विद्रोह पर आंखें बंद किए हैं जहां की जनता पाकिस्तान के इशारे पर वहां थोपी जा रही चीन की गुलामी का सशस्त्र विरोध कर रही है। बलूचिस्तान, पाक अधिकृत कश्मीर व खैबर पख्तूनख्वा की जनता अब पाकिस्तान के साथ रहने को तैयार नहीं है। अब पाकिस्तान को अतीत के बजाय अपने वर्तमान की चिन्ता करनी चाहिए।

**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

## राहुल की टिप्पणी

**राहुल गांधी** ने अमेरिका प्रवास के दौरान आरक्षण पर अनावश्यक टिप्पणी की। यह न केवल राहुल, बल्कि कांग्रेस के लिए भारी पड़ी है। राहुल गांधी ने कहा था कि जब कभी भारत में स्थिति अनुकूल होगी तो आरक्षण समाप्त कर देंगे। इस पर राजनितिक दलों ने राहुल गांधी की तीखी आलोचना की है। हालांकि, राहुल ने इस पर सफाई दी व लीपापोती का प्रयास किया, लेकिन इससे कोई संतुष्ट नहीं है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा कि कांग्रेस कभी भी आरक्षण के पक्ष में नहीं रही। उसने मंडल आयोग की रिपोर्ट को दशकों तक ठंडे बस्ते में डाले रखा तथा 2011 में दलित आंदोलनों के दबाव पर कराई जातीय जनगणना के आंकड़े 2014 तक सरकार रहने के बावजूद जारी नहीं किये। चुनावी लाभ के लिए संविधान की प्रतियां लहराने वाली कांग्रेस ने न बाबा साहेब अंबेडकर को भारत रत्न सम्मान दिया और न उनका चित्र संसद भवन में लगने दिया। देश में पहली गैर-कांग्रेस सरकार बनने के बाद ही बाबा साहेब के चित्र को संसद में स्थान मिला। उम्मीद है कि राहुल गांधी के इस बयान का खामियाजा कांग्रेस चुनावों में भुगतेगी।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को नए सिरे से दी जिलों की जिम्मेदारी

# जिलों में प्रवास के दौरान हर वर्ग से करें संवाद: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रिमण्डल की बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों, राज्य मंत्रियों (स्व.प्र.), राज्य मंत्रियों को उनके नवीन प्रभारी जनपदों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें मुख्यमंत्री ने स्वयं और अपने साथ दोनों उप मुख्यमंत्रियों को 25-25 जनपदों की समीक्षा हेतु जिम्मेदारी भी सौंपी है। जिसमें 4-4 माह के रोटेशन पर जिलों का प्रभार परिवर्तित होता रहेगा। मा. मुख्यमंत्री जी ने सभी मंत्रिमण्डल के सदस्यों को आपसी समन्वय और संगठन को साथ लेकर चलने का आग्रह किया है। सरकार की लोक-कल्याण की नीतियों और योजनाओं को जनता तक ले जाने के आवश्यक निर्देश दिए हैं।

बैठक में सीएम ने कहा कि आगामी 17 सितंबर को आदरणीय प्रधानमंत्री का जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ होना है सभी प्रभारी मंत्रीगण अपने-अपने प्रभार के जनपद में इस कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करेंगे वच्छता का यह अभियान जनांदोलन बने, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के प्रभारी मंत्री के रूप में मंत्रीगण प्रत्येक माह में कम से कम एक बार 24 घंटे के लिए अपने प्रभारी जनपद में प्रवास करेंगे। शासन से संबंधित मुद्दों को प्रभारी मंत्री कोर कमेटी से चर्चा करके प्रत्येक माह शासन में संबंधित विभाग व मुख्यमंत्री कार्यालय के सामने विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके प्रस्तुत करेंगे। जिले के सम्मानित प्रबुद्ध नागरिक, धर्माचार्यों, प्रगतिशील किसानों, व्यापारिक संगठनों सहित सामाजिक नेताओं के समूहों के साथ प्रत्येक प्रवास में किसी एक के साथ बैठक अवश्य होनी चाहिए। जिले की समीक्षा बैठक में जनशिकायतों को मेरिट के आधार पर निस्तारित किया जाना अपेक्षित है। कानून व सुरक्षा संबंधी विषयों, राजस्व विभाग से जुड़े हुए विषयों को जैसे वरासत, पैमाइश, नामांतरण, लैण्ड यूज सहित आईजीआरएस, सीएम हेल्प लाइन आदि की समीक्षा कर मेरिट के आधार पर निस्तारण कराया जाए। इसकी समीक्षा की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय और संबंधित विभाग को अनिवार्य रूप से भेजी जानी चाहिए। केन्द्र और राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं, लोककल्याणकारी योजनाओं का स्थानीय स्तर पर प्रवास के दौरान भौतिक सत्यापन भी होना चाहिए। निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों, ग्राम सचिवालय, क्रय केन्द्र, फेयर प्राइस शॉप, कृषि विज्ञान केन्द्र में से किसी एक का भौतिक निरीक्षण प्रवास के दौरान करना अपेक्षित है। अटल आवासीय विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, विद्यालय, राजकीय महाविद्यालयों, निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण, पॉलीटेक्निक/ आईटीआई के संचालन की समीक्षा की जाए। स्थानीय पर्यटन विकास की संभावनाओं की तलाशकर प्रचार-प्रसार पर चर्चा होनी चाहिए। जनपद में प्राप्त निवेश के प्रस्तावों की समीक्षा कर उद्यमी मित्रों और स्थानीय बैंकर्स के साथ चर्चा की जाए। जनपद में जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन के साथ यातायात समस्या के सम्बन्ध में बैठक। जनपद में सड़क सुरक्षा के उपायों की समीक्षा करें। आकांक्षात्मक विकास खण्डों की समीक्षा अनिवार्य रूप से जिले की समीक्षा बैठक में होनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि के कारण मकान गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की राहत राशि तत्काल मुहैया कराने के दिए निर्देश

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण मकान गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि से प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्यों पर नजर रखें। आपदा से प्रभावित लोगों को अनुमन्य आर्थिक सहायता अविलम्ब प्रदान की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि जलभराव की स्थिति में प्रभावित इलाकों में प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था करायी जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार पम्प आदि लगाकर जल जमाव की समस्या का समाधान किया जाए। आपदा से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचायी जाए। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार 12 सितम्बर, 2024 को अतिवृष्टि से जनपद मैनपुरी की तहसील कुरावली में 2 तथा भोगांव में 3 जनहानि हुई हैं।

# घटना में शामिल था मंगेश यादव, पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर ही की निष्पक्ष कार्रवाई: डीजीपी

### सुल्तानपुर सर्राफा डकैती कांड

### सबूत के तौर पर सीसीटीवी वीडियो व तस्वीरें भी जारी कीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सुल्तानपुर** ज्वैलरी शॉप डकैती मामले में पुलिस ने साक्ष्यों की गहन जांच के बाद ही कार्रवाई को अंजाम दिया है। पूरी कार्रवाई निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की गई है। उन्होंने बताया कि एनकाउंटर में मारा गया मंगेश यादव घटना में शामिल था। इसको लेकर फैलायी जा रही भ्रांतियां गलत हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस प्रदेशवासियों की सुरक्षा और औद्योगिक समूहों को भयमुक्त माहौल प्रदान करने के लिए पूरी तत्परता से काम कर रही है। इस दौरान यूपी पुलिस ने अपने जाबांज पुलिसकर्मियों को भी खोया है। वहीं कार्रवाई के दौरान कई घायल भी हुए हैं। यूपी पुलिस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत काम कर रही है। ये बातें डीजीपी प्रशांत कुमार ने गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कही। इस दौरान एडीजी कानून-व्यवस्था अभिताभ यश और एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरोडकर भी मौजूद रहे। इसी के साथ पुलिस ने घटना की सीसीटीव फुटेज, फोटो और मंगेश यादव की मां के साथ बहन की बाइट भी जारी की है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने में बताया कि 28 अगस्त को सुल्तानपुर के कोतवाली नगर क्षेत्र में दिन में 12:45 पर भरत ज्वैलर्स के यहां दिनदहाड़े डकैती हुई थी। इसको लेकर पुलिस द्वारा अब तक जो भी कार्रवाई की गई है वह पूरी तरह निष्पक्ष है। इस पूरे घटनाक्रम को आपके सामने प्रस्तुत करने के लिए हमारी टीम एकत्र हुई है। डीजीपी ने बताया कि घटना में कुल 12 आरोपी शामिल थे। इसमें विपिन सिंह गैंग लीडर था। विपिन, फुरकान और उसके तीन साथियों ने घटना को अंजाम देने के लिए 13 और 15 अगस्त को दुकान की रेकी की थी। इसके वीडियो के रूप में हमारे पास साक्ष्य भी उपलब्ध हैं। वीडियो में रेकी करते हुए विपिन और उसके साथियों को दिखाया गया है। वहीं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जौनपुर से चोरी की गई थी, जिसे मंगेश यादव ने चोरी किया था। इसमें उसके साथ कई और लोग भी शामिल थे। घटना को अंजाम देने के लिए आरोपी दो समूह में घटना स्थल पर पहुंचे थे। घटना के बाद भागने के लिए बोलेरो का प्रयोग किया गया था।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि घटना स्थल पर पुष्पेंद्र, डब्लू और सचिन बोलेरो से पहुंचे थे जबकि फुरकान, अनुज, अरबाज, मंगेश यादव और अंकित यादव दुकान के अंदर घुसे थे। यह लोग सीधे डकैती में शामिल थे। इसके अलावा विपिन सिंह, विनय शुक्ला, अरविंद, विवेक और दुर्गेश दुकान के आस-पास घेराबंदी में तैनात थे ताकि कोई समस्या होने व पुलिस से बचने के लिए अपने साथियों का बैकअप कर सकें। यह सभी चीजें सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल विश्लेषण में स्पष्ट भी हुई हैं। पूरे मामले का खुलासा एसटीएफ और सुल्तानपुर पुलिस ने मिलकर किया है।

एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरोडकर ने बताया कि घटना में इस्तेमाल दोनों मोटरसाइकिल जौनपुर से चोरी की गयी थी। यह लोकेशन से स्पष्ट हुआ है। इसका फुटेज भी सामने आया है, उसके आधार पर ही अभियुक्त की पहचान की गई। वहीं जिस आरोपी की बोलेरो थी, उसे 2 सितंबर की मुठभेड़ में सुल्तानपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसमें सचिन, पुष्पेंद्र और डब्लू को गिरफ्तार किया गया था। इनके पास से 15 किलो चांदी, मोटरसाइकिल और 38,500 रुपये बरामद किये गये थे। इससे पहले जब बदमाश भाग रहे थे तब भी कुछ सामान बरामद किया गया था। इसमें एसटीएफ और टेक्निकल साक्ष्य की मदद ली गई थी। इसके बाद पूरा सीक्वल मैप तैयार किया गया। वहीं गुजरात के सूरत में लूटपाट के मामले में पहले से आरोपी रहा विपिन सिंह ने रायबरेली में सरेंडर किया था। इसमें अनुज, अरबाज और फुरकान भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि कानूनी प्रक्रिया के तहत मुख्य आरोपी विपिन सिंह की पांच दिन की रिमांड ली गयी थी। इस दौरान उसने बताया कि घटना में वह और दुर्गेश महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं। इसके साथ ही विपिन सिंह की निशानदेही पर 1.2 केजी गोल्ड बरामद किया गया।

## सुल्तानपुर डकैती कांड के पर्दाफाश और पूरे माल की बरामदगी पर सर्राफा व्यापारियों ने जताया हर्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सुल्तानपुर** सर्राफा डकैती कांड में पुलिस के गुडवर्क पर सराफा व्यापारियों ने हर्ष व संतोष जताया है। सभी ने एक स्वर में कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पुलिस अधिकारियों का इकबाल दिख रहा है। अपराधी के एनकाउंटर पर व्यापारियों ने एक सुर में बोला कि डकैत डर की ही भाषा समझते हैं, जब तक डर नहीं होगा, तब तक घटनाएं नहीं रुकेंगी।

कैलाश चंद जैन, संरक्षक लखनऊ सराफा एसोसिएशन व अध्यक्ष, चौक सराफा एसोसिएशन ने कहा कि मुझे याद है कि विपिन सिंह ने चौक में रात में डकैती डाली थी। उसमें आंशिक मॉल बरामद हुआ था। पूरा माल बरामद होता या उसे कड़ी सजा मिल जाती तो दोबारा वह दुस्साहस नहीं करता। सीएम योगी के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों का इकबाल दिख रहा है। कम समय में माल की बरामदगी होने से व्यापारियों में फिर विश्वास बढ़ा है कि यूपी में कानून है। कोई अपराधी बच नहीं पाएगा। कानून का राज कायम रखने के लिए सीएम योगी का धन्यवाद। डकैती की रिकवरी साहसिक कार्य है। रत्नेश कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश रिटेलर सर्राफा एसोसिएशन ने कहा कि सुल्तानपुर में हुई डकैती की बड़ी घटना को सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पुलिस ने सुमगता से सुलझा लिया। इस मामले में पूरे मॉल की बरामदगी व्यापारियों के लिए हर्ष का विषय है। पुलिस के टीमवर्क से इतनी बड़ी घटना का खुलासा और पूरे मॉल की बरामदगी हुई। इसके लिए सभी सर्राफा व्यापारी सीएम योगी आदित्यनाथ व डीजीपी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

अनुराग रस्तोगी, नॉर्थ इंडिया हेड, इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाकर हमें विश्वास दिलाया था कि उप्र में कानून-व्यवस्था निरंतर मेंटेन रहेगी। इसके प्रति वे प्रतिबद्ध भी रहे। प्रतिबद्धता दोहराने के लिए ज्वेलर्स सीएम के आभारी हैं। लूटकांड का खुलासा कर पांचों अपराधी पकड़े गए और पूरा मॉल बरामद हुआ। उन्होंने जाति-धर्म देखकर यह कार्य नहीं किया। उम्मीद है कि इसी तरह पुराने पेंडिंग केस भी खुलेंगे। हमारी टीम सीएम योगी, डीजीपी व अन्य अधिकारियों का सम्मान करेगी। मनीष कुमार वर्मा, अध्यक्ष, लखनऊ महानगर सराफा एसोसिएशन ने कहा कि सुल्तानपुर में हुई डकैती में पुलिस ने शानदार गुडवर्क किया है। सभी बदमाश पकड़े गए। पहली बार है कि प्रशासन व पुलिस ने पूरा माल बरामद किया है। इसके लिए प्रदेश के सराफा व्यापारियों की तरफ से सीएम योगी के नेतृत्व में सुल्तानपुर पुलिस टीम को धन्यवाद देता हूं। एक अपराधी का एनकाउंटर होने से व्यापारी प्रसन्न हैं, क्योंकि डकैत डर की ही भाषा समझते हैं। जब तक डर नहीं होगा, तब तक घटनाएं नहीं रुकेंगी।

## योगी के मंत्रियों का अखिलेश यादव पर चौतरफा हमला

● मंत्रियों ने सपा अध्यक्ष को दिखाया आइना, बोले-अपराधियों की कोई जाति नहीं होती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत कई कैबिनेट मंत्रियों ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर निशाना साधा। सुल्तानपुर डकैती प्रकरण पर उनके बयान को लेकर मंत्रियों ने आईना दिखाते हुए कहा कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जबसे उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से कानून व्यवस्था चुस्त और अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं। सुल्तानपुर में ज्वेलर्स के यहां हुई दिनदहाड़े डकैती में सपा समेत विपक्षी पार्टियों के लोग डकैतों के संरक्षण का काम कर रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुल्तानपुर की घटना में सरकार ने गंभीरता से जांच कराई है। तथ्यों पर जानकारी एकत्र की है, जो लोग वांछित थे सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन निकाल, वांछित लोगों की पहचान कर कार्रवाई की। सुल्तानपुर की घटना हो या प्रदेश की अन्य घटना, समाजवादी पार्टी हमेशा अपराधियों के समर्थन में रही है। जिसके यहां अपराध हुआ उस ज्वेलर्स के समर्थन समाजवादी पार्टी के मुखिया की तरफ से एक भी शब्द नहीं निकले। समाजवादी पार्टी अपराधियों के साथ खड़ी रहती है। जिस बेटी के साथ रेप हुआ है, सपा उसकी बजाय अपराधियों के साथ खड़ी नजर आयी। सुल्तानपुर घटना में वांछित अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान अपराधी के एनकाउंटर पर अब समाजवादी पार्टी जाति के आधार पर उसके समर्थन में जुट गई है। हमारे सरकार की प्रतिबद्धता है कि अपराधी अपराधी होता है, अपराधी कोई जाति नहीं होता। हमारे साथ सर्व समाज के लोग जुड़े हुए हैं। घटना में वांछितों के घर से लूट का 2.5 किलो से अधिक सोना बरामद हुआ। जनता जानती है कि समाजवादी पार्टी की जब-जब सरकार रही है, अपराधियों को पुष्पित पल्लवित करती रहती है। सपा राज में राजधानी लखनऊ में हजरतगंज के क्षेत्राधिकारी को लोहिया वाहिनी के गुंडो ने बोनट पर घुमाया था। जीप को ले जाकर एसएसपी लखनऊ के बंगले में घुसा दिया गया था। आज तक उस घटना में कितनों की सजा हुई। यह समाजवादी पार्टी जानती है। बदायूं और मथुरा के जवाहर बाग कांड को कौन भूल सकता है। इसमें पुलिस अधिकारी वीरगति को प्राप्त हुए थे। मुजफ्फरनगर में हमारी एक बहन बेटी के साथ दुर्व्यवहार हुआ था। मुजफ्फरनगर दंगे में कितने निर्दोष मारे गए थे, समाजवादी पार्टी को इसका जवाब देना चाहिए।

कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि सुल्तानपुर एनकाउंटर के बारे में विपक्ष के लोग उल्टा-पुल्टा बयान दे रहे हैं। अपराधी की कोई जाति नहीं होती है। इनकी सरकार में अखिलेश निषाद को मार दिया गया था। उन्होंने कहा कि अयोध्या मछुआ समुदाय के लिए ऐतिहासिक जगह है। अयोध्या में गोली चलाने वाले उसके विकास को क्या जानेंगे। अयोध्या के बारे में कुछ बोलने का मतलब निषाद समाज के बारे में कहना है। यूपी पहले बीमारू राज होता है, आज उत्तर प्रदेश विकास की राजधानी है।

कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि योगी सरकार जाति के आधार पर काम नहीं करती है। मैं उत्तर प्रदेश पुलिस को बधाई देता हूं कि सुल्तानपुर डकैती का निष्पक्ष तरीके से अनावरण किया है। आखिर अखिलेश यादव किसी अपराधी को लेकर कैसे प्रेस कांफ्रेंस करते हैं जबकि आज प्रदेश के लॉ एंड आर्डर को लेकर हर जगह सराहना हो रही है। उन्होंने अयोध्या मामले पर अखिलेश यादव के बयान को गलत बताया है। लोकसभा चुनाव में झूठ बोलकर अखिलेश यादव जीते चुके हैं, लेकिन काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि सर्राफा एसोसिएशन ने सुल्तानपुर डकैती के खुलासे पर पुलिस की तारीफ है। अब अखिलेश यादव ही बताएं कि वह अपराधी था या नहीं। उन्होंने कहा कि पुलिस कार्रवाई में जब पुलिसकर्मी भी शहीद हो जाते हैं तब अखिलेश यादव क्यों कुछ नहीं बोलते हैं।

ओमप्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव से पूछा कि सिपाही शैलेष राजभर को गोली किसने मारी, यह जवाब भी मिलना चाहिए। सपा अब कांग्रेस के अलगाववाद पर चल रही है। अखिलेश यादव अब चोर और लुटेरों की तस्वीर में अपने लोगों को खोज रहे हैं।

## मुख्तार-अतीक को गोद में बिठाने वाले क्या जानेंगे मठाधीश और माफिया का अंतर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### अखिलेश यादव के बयान पर भड़के साधु-संत

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर सूबे के साधु-संत नाराज हो गए। धर्माचार्यों ने अखिलेश पर आरोप मढ़ा कि मुख्तार-अतीक को गोद में बिठाने वाले मठाधीश-माफिया का अंतर और मठ-मंदिर की मर्यादा क्या जानेंगे। संतों ने कहा कि मानसिक संतुलन खो बैठे अखिलेश को ईश्वर सद्बुद्धि प्रदान करें। मठाधीश को माफिया से जोड़ना निकृष्टता का परिचायक है।

श्री पंचायती अखाड़ा उदासीन निर्वाण के महंत दुर्गा दास ने कहा है कि अखिलेश यादव का बयान बेहद निंदनीय है। योगी जिस गद्दी के पीठाधीश्वर हैं, वह बहुत पूज्यनीय है। मठाधीश तो सभी संत होते हैं, सबकी गद्दी होती है। अखिलेश यादव का ऐसा कहना गलत बात है। मठाधीश की तुलना सनातन धर्म में भगवान से की गई है। मठाधीश को माफिया से जोड़ना निकृष्टता का परिचायक है। श्री मनकामेश्वर मंदिर, आगरा के महंत योगेश पुरी महाराज ने कहा है कि मठाधीश तो वो भी हैं, राज सत्ता वो भी चलाते हैं। अखिलेश अगर कह रहे हैं कि मठाधीशों और माफिया में कोई अंतर नहीं है तो पहले वह अपने को देखें। उन्होंने क्या किया है? जिसके पिता ने कारसेवकों पर गोलियां चलवाई थीं, जिनके मंत्री श्रीराम के बारे उल्टी सीधी बातें करें। उनकी मंशा मठों के प्रति क्या होगी, यह सब समझ सकते हैं। भगवान उन्हें सद्बुद्धि दें। श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी के सचिव यमुना पुरी ने कहा है कि अखिलेश यादव मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। जिसके पिता ने अपने शासन में अयोध्या में राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। उनका रक्त बहाया। जिन्होंने मुख्तार और अतीक अहमद जैसे माफिया को गोद में बिठाकर उनका संरक्षण किया, उन्हें मठाधीश और माफिया में फर्क कैसे समझ आएगा। हनुमानगढ़ी के वरुण दास जी महाराज ने कहा कि अखिलेश यादव को लुटेरों व सज्जनों में अंतर नहीं पता है। यह तुलनात्मक दृष्टिकोण से तनिक भी ठीक नहीं है। माफिया विध्वंस-असामाजिक कार्यों में शामिल होता है और मठाधीश संस्कृति बचाने के लिए सार्वभौमिक जनकल्याण में लगा रहता है। उसका प्रथम ध्येय सर्वे भवन्तु सुखिन: होता है। मठाधीश भारतीय संस्कृति का संवर्धन करते हैं। यूपी का नेतृत्व कर चुके अखिलेश यादव का यह बयान अशोभनीय है। हनुमानगढ़ी के डा. देवेशाचार्य जी महाराज ने कहा कि जिस प्रदेश में सर्वाधिक संतों का निवास हैं, वहां के पूर्व मुख्यमंत्री का यह दुर्भाग्यपूर्ण बयान है। उन्हें मठाधीश व माफिया का अंतर बिल्कुल भी नहीं पता है। माफिया अराजकता फैलाकर समाज को पीड़ा देते हैं, जबकि मठाधीश मठ-मंदिर के माध्यम से संस्कार-संस्कृति फैलाते हैं और विश्व को शिक्षित-संस्कारवान बनाते हैं। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि अखिलेश यादव का बयान राजनीति में नीचता की पराकाष्ठा है। राजनीति में दुष्चरित्र व्यक्तियों को परिवार मानने वाले से और क्या अपेक्षा की जा सकती है। यह सनातन धर्म व हिंदू धर्माचार्यों से उनकी नफरत को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश की जनता माफिया के इन दलालों को ठीक समय पर जवाब देगी। आवश्यकता पड़ने पर संत समाज अखिलेश यादव के विरुद्ध अभियान भी चलाएगा।

# पेराई सत्र 2024-25 के लिए गन्ना सट्टा व आपूर्ति नीति जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 30 सितम्बर 2024 तक बनायी गई नई गन्ना समिति सदस्यों की इसी पेराई सत्र में मिलेगा गन्ना आपूर्ति का लाभ

**गन्ना** किसानों के व्यापक हितों के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेराई सत्र-2024-25 के लिए गन्ने के सट्टा एवं आपूर्ति नीति जारी कर दी गयी है। चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने यह जानकारी देतु हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में गन्ना किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा गया है। इसी कड़ी में वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए जारी गन्ने के सट्टा एवं आपूर्ति नीति में गन्ना किसानों के लिए विभिन्न प्रकार के सुविधाजनक और लाभकारी प्राविधान किए गए हैं।

चौधरी ने बताया कि प्रथम बार गन्ना समिति के नये कृषक सदस्यों का सट्टा पेराई सत्र 2023-24 में संबंधित चीनी मिल की औसत गन्ना आपूर्ति अथवा संबंधित जिले की गन्ना उत्पादकता का 65 प्रतिशत, इनमें से जो भी अधिक हो, की सीमा तक गन्ना सट्टा का लाभ दिया जायेगा। पहली बार नये समिति सदस्यों, जिनके पास पेड़ी अथवा शरदकालीन पौधा है, उनकी पर्चियां 6वें पक्ष में लगायी जायेंगी और जिनके पास पौधा गन्ना है, उनकी पर्चियां 7वें पक्ष में लगायी जायेंगी। गन्ना समिति के 30 सितम्बर, 2024 तक बनाये गये नये सदस्यों द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों की जांच कर नियमानुसार सदस्यता दिलाते हुए, उनका सट्टा बनाते हुए 15 नवम्बर तक अंतिम कैलेण्डर लाइव कर दिया जायेगा। चौधरी ने बताया कि गन्ना समितियों के नये सदस्य जो नियमानुसार 30 सितम्बर 2024 तक बनाये जायेगें, उन्हें पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना आपूर्ति की सुविधा अनुमन्य होगी। गन्ना आपूर्ति नीति में छोटे गन्ना किसानों की आपूर्ति के दृष्टिगत 72 कुन्टल तक के सट्टा धारक गन्ना किसानों को छोटे कृषक की श्रेणी में शामिल करते हुए छोटे गन्ना किसानों की पेड़ी गन्ने की पर्चियां 1 से 3 पक्ष में तथा पौधे गन्ने की पर्चियां 7 से 9 पक्ष में जारी की जायेंगी। प्रथम बार अतिलघु गन्ना किसानों, जिनका सट्टा 36 कुन्तल तक है, की पेड़ी गन्ने की पर्चियां प्रथम पक्ष में व पौधे गन्ने की पर्चियां सातवें पक्ष में जारी किये जाने की विशेष सुविधा दिया जाना अनिवार्य किया गया है। श्री चौधरी ने बताया कि गन्ने की खेती में उत्पादकता बढ़ाने एवं जल संरक्षण की महत्ता को ध्यान में रखते हुए ड्रिप इरीगेशन के माध्यम से सिंचाई करने वाले गन्ना कृषकों को अतिरिक्त सट्टे में प्राथमिकता दी गयी है। परन्तु अतिरिक्त सट्टे में अस्वीकृत किस्मों के गन्ने को सम्मिलित नहीं किया जायेगा। पहली बार कृषकों के व्यापक हितों के दृष्टिगत अतिरिक्त बॉन्डिंग पेड़ी एवं शरदकालीन पौधाधारक कृषकों को 6वें पक्ष से अतिरिक्त बान्डिंग की सुविधा दी जायेगी। अतिरिक्त सट्टे की सुविधा गन्ना किसानों को नि:शुल्क प्रदान की जायेगी।

चौधरी ने बताया कि गन्ना शोध परिषद की ओर से जारी गन्ना किस्म परिपक्वता क्रम को ध्यान में रखकर सभी गन्ना कृषकों को सुलभता के साथ सप्लाई हेतु गन्ने की कैलेण्डरिंग की जायेगी, जिसके अनुसार मुख्यत: को.15023 गन्ना प्रजाति को अगेती संवर्ग में परिपक्वता के दृष्टिगत पेड़ी गन्ने की पर्चियां 1 से 2 पक्ष में एवं पौधे गन्ने की पर्चियां 07 से 08 पक्ष में जारी किये जाने की व्यवस्था प्रदान की गयी है।

# मठाधीश और माफिया में ज्यादा फर्क नहीं होता: अखिलेश

## कहा, मंगेश यादव की हत्या हुई, अब झूठे एनकाउंटर की कहानी गढ़ी जा रही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि मठाधीश और माफिया में ज्यादा फर्क नहीं होता है। भाजपा चुनाव हार गई है। मुख्यमंत्री गुस्से में घूम रहे हैं। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को फर्जी एनकाउण्टर की राजधानी बना दिया है। नकारात्मक दिल और दिमाग वाले विनाश ही कर सकते हैं विकास नहीं कर सकते है। जो हार्ट लेस हैं उससे कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। भाजपा सरकार में जमीनों की लूट और चरम पर भ्रष्टाचार के साथ झूठे एनकाउण्टर के नाम पर हत्याएं हो रही है।

यादव गुरुवार को पार्टी मुख्यालय, लखनऊ में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर की घटना में झूठे एनकाउण्टर की कहानी गढ़ी जा रही है। सबको पता है कि एनकाउण्टर के नाम पर हत्या की जाती है। मंगेश यादव की हत्या हुई है। गांव से लेकर आस-पास के लोग जानते हैं कि रात में पुलिस आई थी और उठाकर ले गई। मुख्यमंत्री को घर परिवार और उसके मां-बहन का दर्द समझ में नहीं आ रहा है। यादव ने कहा कि कैसा दिमाग है कि होशियारी दिखाते हुए चप्पल में जाकर एनकाउण्टर कर दिया। फोटो में साफ दिख रहा है कि झूठा एनकाउण्टर हुआ है। इसके पहले भी उत्तर प्रदेश में तमाम एनकाउण्टरों पर उंगली उठी है। नोएडा में एक जिम इन्सट्रक्टर का झूठा एनकाउण्टर हुआ था तब भी हम लोगों ने मामला उठाया था कि पुलिस वालों ने लूट के लिए एनकाउण्टर किया है उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। अभी तक प्रदेश में जितने भी झूठे एनकाउण्टर के नाम पर हत्याएं हुई है। उसमें सबसे ज्यादा पीडीए परिवार की हुई है। सरकार एनकाउण्टर से लोगों को डराना चाहती है। बदनाम करने के लिए जानबूझ कर ढूंढ़-ढूंढ़कर एनकाउण्टर किया जा रहा है। अधिकारी रात भर एनकाउण्टर की रणनीति बनाते हैं और यह भी रणनीति बनाते हैं कि हत्या करने पर वे कैसे बच सकते है। जब इस तरह के अधिकारी हैं तो उनसे कैसे न्याय मिलेगा? अखिलेश यादव ने कहा कि हम जनता को न्याय दिलाने के लिए सदन से सड़क तक संघर्श करेंगे। इसके लिए भी जैसा भी संघर्ष करना पड़ेगा समाजवादी लोग पीछे नहीं रहेंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अन्याय की सब सीमाएं पार हो गयी है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अपराधी खुलेआम घटना कर रहे हैं। सुल्तानपुर में अधिशाषी अभियंता की पीट-पीटकर जान ले ली गई। पीड़ित परिवार के लोग न्याय के लिए भटक रहे हैं। भाजपा सरकार में किसी भी गरीब और पीड़ित को न्याय नहीं मिल रहा है।

# डीएम ने की कर करेत्तर, राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा, दिए निर्देश

**● लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर कराया जाये निस्तारण**



**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में कर.करेत्तर, राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने व्यापार करए परिवहन, विद्युत, जीएसटी, खनन, राजस्व विभाग के साथ, स्टाम्प सिंचाई, मण्डीए बाट माप आदि को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को ओटीएस कैंप लगाकर राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैकलाग पूरा करने की कार्ययोजना बनाकर राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए।

डीएम द्वारा राजस्व कार्यो की समीक्षा की गयी। डीएम द्वारा राजस्व वादों के निस्तारणए स्टांप वाद आदि की समीक्षा कर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुराने लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। डीएम द्वारा विभिन्न धाराओं के अंतर्गत वादों के निस्तारण के प्रगति की समीक्षा की गयी। डीएम ने आडिट आपत्तियों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि में कराया जाए। डीएम ने विभिन्न तहसील अन्तर्गत करायें गये वृक्षारोपण की शत प्रतिशत जीओ टैगिंग करायें जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी तहसीलों को ई.ऑफिस प्रणाली के माध्यम से जोड़ने के निर्देश अपर जिलाधिकारी को दिये। एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व केशवनाथ गुप्ता, एडीएम न्यायिक अमित राठौर समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा संबंधित अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

# 37 घंटे में मिला अमलोहना नहर पुल के पास मिला शव

**बकेवर फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के एक जर्जर नहर पुल से दो बाइक सवार गिर गए थे। मंगलवार रात करीब 08 बजे बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई नहर पुल की टूटी रेलिंग से बाइक सवार गिर गए। दो बाइक सवारों में से एक व्यक्ति ने तैरकर अपनी जान बचा ली, जबकि दूसरा व्यक्ति लापता हो गया। लापता युवक की पहचान रविकरन उर्फ महेश (26 वर्ष) के रूप में की गई है, जो फतेहपुर जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव का निवासी था। अमरपाल (35 वर्ष) नामक युवक ने किसी तरह तैरकर अपनी जान बचाई।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। नायाब तहसीलदार प्रतिमा द्विवेदी ने भी स्थिति का जायजा लिया और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। एसडीआरएफ की टीम ने बुधवार देर से आकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया, रात के अंधेरे के कारण उसे रोकना पड़ा। गुरुवार सुबह, देवमई पुल से लगभग 2 किलोमीटर आगे अमलोहना नहर पुल के पास ग्रामीणों ने शव को उतराते हुए देखा। शव के फूल जाने के कारण वह पानी की सतह पर आ गया था। ग्रामीणों ने शव को नहर से खींचकर बाहर निकाला। सुबह 8.40 बजे की सूचना के अनुसार, शव मिलने की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जनप्रतिनिधियों, भाजपा युवा नेता मनीष गुप्ता और देवमई ग्राम प्रधान दिनेश उर्फ गुरु ने नहर के जर्जर पुल और प्रशासन की लापरवाही को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। इस पुल से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं और इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। पुल की मरम्मत और सुधार की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यह पुल अब एक गंभीर सुरक्षा खतरा बन चुका है। बकेवर थाना प्रभारी कांती सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सुजानपुर में लगा महिला स्वास्थ्य व सशक्तिकरण कैंप

**फतेहपुर।** बहुआ ब्लॉक के सुजानपुर में गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष प्रधान हेमलता पटेल के नेतृत्व में सचिवालय भवन में नवरत्न कंपनी नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड की ओर से सीएसआर पहल के अन्तर्गत स्वस्थ नारी, सशक्त नारी महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण कैम्प का अयोजन किया। महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया, नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। गांव की 57 महिलाओं की नि:शुल्क जांच की गई स्तन कैंसर जागरूकता एवं जांच, महिला स्वास्थ्य की जांच, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन और पोषण, समस्याएं एवं देखभाल विषय प्रमुख रहे। लोकतांत्रिक की अध्यक्ष प्रधान और पूर्व विस प्रत्याशी महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष व नेशनल कांग्रेस वारियर्स की महिला प्रदेश अध्यक्ष हेमलता पटेल और एनएफएल से आए चिकित्सकों की टीम में आरबी प्रशांत टीम हेड, कंचन, संध्या एएनएम, उर्मिला, रेखा रानी, दीप्ति, प्रीती, राजरानी, दीपक, निर्भय, गोपाल कमलेश प्रसाद आदि रहे।

# रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोषियों को नहीं किया गिरफ्तार

**● कार्यवाही न होने से अभियुक्तों के हौसले हो रहे है बुलंद, राजपूत ने फिर लिखा शासन को पत्र**

**हमीरपुर।** गृह सचिव के आदेश से धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करने के एक सप्ताह बाद भी राठ पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार नही किया है, जिससे पीड़ित ने दोबारा उच्चाधिकारियो से न्याय की गुहार लगायी है। राठ निवासी जगत सिंह राजपूत के साथ लाखो रुपए की धोखाधड़ी होने के बाद गृह सचिव के आदेश से राठ पुलिस ने राठ कस्वा निवासी आठ लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। अफरोज मास्टर, बृजलाल, रफीक, मुस्ताक, आमिर अंसारी, अयाज अंसारी, रहीम मंसूरी, शाहरुख आदि लोग शामिल थे। पुलिस हाथ में हाथ धरे बैठी है, अभियुक्त खुलेआम थाने के आसपास ही घूमते रहते है। गिरफ्तारी न होने से अभियुक्तों के हौसले बुलंद है। वे अन्य कई लोगो को ठगी का शिकार बनाते घूम रहे है। अपना दल(एस) के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत ने पुलिस उच्चाधिकारियों को बताया कि संपत्ति खरीद फरोख्त में कस्बा राठ में कई नटवरलाल गिरोह बनाकर बिना रजिस्ट्रेशन और बिना आवासीय भूमि दर्ज कराए कृषि भूमि में स्टाम्प डयूटी की चोरी कर फर्जी रजिस्ट्रियां कराते रहते है जिससे ग्राहक फसने के बाद अपने प्लाट नियमानुसार पाने के लिए परेशान रहते है जिलाध्यक्ष कहा कि कस्बा राठ में इन सदस्यों द्वारा बनाई गई फर्म रजिस्टर्ड नहीं है और फर्जी तरीके से की गई रजिस्ट्री में भी लाखो रुपए के राजस्व की चोरी की गई है। गृह सचिव को को पत्र भेजकर मुकदमा में पंजीकृत प्रोपर्टी ठगी गिरोह के सभी सदस्यों की जल्द गिरफ्तारी व गैंगस्टर की कार्यवाही करने की मांग की।

# नर्सरी से इंटर तक के सभी विद्यालयों में 13 तक अवकाश घोषित

**फर्रुखाबाद।** मूसलाधार वर्षा व खराब मौसम के दौरान बच्चों की सुरक्षा के लिए नर्सरी से इंटर तक के सभी विद्यालय 12 से 13 सितंबर तक बंद रहेंगे और इस दौरान परीक्षाएं यथावत चलेंगी। फर्रुखाबाद डीएम डॉक्टर बी के सिंह के निर्देश पर जिले में मूसलाधार वर्षा एवं खराब मौसम में बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर जिले में नर्सरी, परिषदीय, राजकीय, मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त (समस्त बोर्ड) के सभी विद्यालयों में 12 से 13 सितंबर तक अवकाश घोषित किया गया है। मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर जिले में खराब मौसम एवं भारी वर्षा मे 12 से 13 सितंबर तक सभी विद्यालयों के अवकाश रखने वाले आदेश को प्रधानाचार्यो संबंधित शिक्षा अधिकारियों आदि को कढ़ाई से पालन करने के लिए जारी किया गया है। इस अवकाश के दौरान परीक्षाएं यथावत संचालित रहेगी।

## श्रीराधा रानी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**फर्रुखाबाद।** शहर के लोहाई रोड़ स्थित श्री राधा श्याम शक्ति मंदिर पर युगल जयंती के अंतर्गत श्री राधा रानी का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक रीत से परंपरागत मंत्रो उच्चारण स्वास्तिक वचन श्रीराधा रानी की स्तुति राधा कृपा कटाक्ष का पाठ किया गया। पंचामृत के द्वारा सुरेंद्र सफ्फ्ड़, प्रवीण सफ्फ्ड़, पवन अग्रवाल, हर्षित सिगतिया, पंडित आनंद मिश्रा, सोनू सुशील ने श्री राधा रानी का विधि विधान से अभिषेक कियाद्य श्री राधा रानी के जन्मोत्सव पर महिला मंडल के द्वारा संकीर्तन मंगल गीत एवं बधाइयां प्रस्तुत की गई। श्री राधा जी एवं श्याम सुंदर की सुंदर अष्ठ कमल दल पर विराजमान भव्य एवं दिव्य दर्शन महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया गयाआयोजको ने बधाइयां बांटी एवं बच्चों को खिलौने माखन मिश्री का महाप्रसाद दिया।

# ठगी पीड़ितों की मांग को सदन में उठाएंगे: उत्तम

**● बारहवें दिन ठगी पीड़ितों ने किया बुद्धि-शुद्धि यज्ञ**

**संवाददाता।** फतेहपुर



**चिटफंड** कंपनियों में फंसे भुगतान को कराए जाने की मांग को लेकर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की ओर से नहर कालोनी प्रांगण में लगातार बारहवें दिन भी धरना जारी रहा। धरने के दौरान पदाधिकारियों ने सरकार की बुद्धि-शुद्धि के लिए यज्ञ भी किया। उधर धरने में जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल पहुंचे और उन्होने मांगे सुनकर भरोसा दिलाया कि ठगी पीड़ितों की मांग को सदन में उठाने का काम किया जाएगा। धरने के दौरान उपस्थित ठगी पीड़ितों को संबोधित करते हुए सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि ठगी पीड़ित काफी समय से अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद कर रहे हैं। उन्होने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से धरना जारी रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे सरकार व प्रशासन की जद मे आ जाएं। उन्होने कहा कि ठगी पीड़ितों की समस्याओं को सदन के सत्र में उठाने का काम करेंगे। पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम किया जाएगा। उधर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के जिलाध्यक्ष अमृतलाल ने कहा कि ठगी पीड़ितों के लिए सरकार ने बड्स एक्ट 2019 बनाया था लेकिन इसका कड़ाई से पालन नहीं करवाया जा रहा है जिससे ठगी पीड़ितों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। उन्होने मांग किया कि ठगी पीड़ितों का जमा धन दो से तीन गुना वापस दिलाया जाए। इस मौके पर ललित सचान, अम्बिका प्रसाद, महेश कुमार, राकेश कुमार साहू, जितेंद्र सिंह, चन्द्रशेखर प्रजापति, बिंदा प्रसाद, नरेंद्र कुमार, राकेश कुमार भी मौजूद रहे।

## बीडीओ निघासन के निर्देशन में संविलयन विद्यालय लुधौरी सहित कई गांवों में हुआ एंटी लार्वा दवा का छिड़काव

**निघासन . खीरी।** बीडीओ निघासन जयेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में संविलयन विद्यालय लुधौरी सहित अन्य कई गांवों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया गया। अधिकांश ग्रामीण इन दिनों संक्रामक रोगों की चपेट में में आ चुके हैं सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की लाइन लगी रहती है स्कूलों में छोटे छोटे नौनिहाल अचानक बुखार, सिरदर्द तथा पेट दर्द से कराह उठते हैं अध्यापकों द्वारा उनको फौरन उपचार के लिए भेजा जाता है इन्हीं दुश्वारियों को ध्यान में रखते हुए बीडीओ निघासन के निर्देशन में कई गांवों में संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव करवाया जा रहा है। प्रधान प्रतिनिधि मनोज जायसवाल तथा पंचायत सेक्रेटरी वीरपाल सिंह के प्रयास से संविलयन विद्यालय लुधौरी तथा आंगनबाडी केंद्र सहित अन्य मजरों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया गया।

## क्विक न्यूज

### प्रतिभा शुक्ला बनी हरदोई जनपद की प्रभारी मॅंत्री



**कानपुर देहात।** जनपद की सदर अकबरपुर रनियॉ विधायक व राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला को हरदोई जनपद की प्रभारी मंत्री बनाया गया है। हरदोई का प्रभारी मंत्री बनाये जाने पर सदर अकबरपुर ब्लाक प्रमुख आशीष मिश्रा, ब्लाक प्रमुख संरॅक्षक प्रतिनिधि रविशशिशि द्विवेदी, भाजपा नेता रविशशि द्विवेदी, शोभित मिश्रा, सॅंजय द्विवेदी, बृजेन्द्र द्विवेदी ने हर्ष व्यक्त किया है।

### वृद्धाश्रम में वृद्ध की संदिग्ध मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मवइया वृद्धाश्रम में बुधवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कसेरूवा गांव निवासी रामसजीवन गुप्ता का पुत्र नरेश मवइया स्थित वृद्धाश्रम में रहता था। बताते हैं कि बुधवार की शाम उसकी संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। उधर आश्रम की वार्डेन ने इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### अशासकीय विद्यालय प्रबंधक महासभा के संरक्षक बने दीक्षित

**फतेहपुर।** शहर के शादीपुर इलाक़े में जनपद की अशासकीय विद्यालय प्रबंधक महासभा की आज एक बैठक में जनपद के विद्यालयों में व्याप्त विसंगतियों एवं प्रबंधकीय अधिकारों के दृष्टिगत आयोजित की गई, जिसमें जनपद में संचालित अशासकीय विद्यालयों के सभी प्रबंधकों को संगठन की सदस्यता प्रदान करने व संगठन का विस्तार करने पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। साथ ही संगठन की 14 सितंबर को प्रस्तावित प्रांतीय बैठक में संख्या बल के साथ भाग लेने का निर्णय लिया गया।

## मतदेय स्थल सूची जनसामान्य के अवलोकनार्थ नि:शुल्क रहेंगी उपलब्ध

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के मार्गदर्शन में एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र, लखनऊ के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के उपरान्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित मतदेय स्थल सूचियों का 11.09.2024 को विधिवत् आलेख्य प्रकाशन करा दिया गया है। आलेख्य प्रकाशित मतदेय स्थल सूचियाँ सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में जन सामान्य के अवलोकनार्थ नि:शुल्क उपलब्ध रहेगीं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित मतदेय स्थल सूचियों के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति/सुझाव हो, तो विलम्बतम 17.09.2024 तक सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय (माती मुख्यालय), कानपुर देहात को उपलब्ध कराएं।

**चिराग तले अंधेरा....**

# सीतापुर के तरीनपुर में बल्ली के सहारे हो रही विद्युत आपूर्ति

**● आए दिन गोवंश हो रहे करंट का शिकार**

**●अनेकों बार दिया प्रार्थना पत्र लेकिन समस्या जस की तस**



**सीतापुर।** आपने चिराग तले अंधेरा वाली कहावत जरूर सुनी होगी। आपको सीतापुर शहर की विद्युत व्यवस्था से जुड़ी एक ऐसी ही खबर से रूबरू कराते हैं जो इस कहावत को चरितार्थ कर रही है। दरअसल शहर के मोहल्ला तरीनपुर के एक हिस्से में बिजली के पोल नहीं बल्कि बांस और बल्ली के सहारे विद्युत आपूर्ति हो रही है। आंधी और पानी में बांस-बल्ली जर्जर हो चुके हैं, इसके चलते अक्सर तार टूटते रहते हैं। वहीं बल्लियों पर तारों का मकड़जाल कोई फाल्ट होने की दशा में विद्युतकर्मियों का सख्त इम्तेहान लेता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक वह समस्या को लेकर अनेकों बार प्रार्थना पत्र दे चुके हैं लेकिन अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। एक बार फिर बिजली विभाग के अफसरों से गुहार लगाई गई है। यह पत्र कौशल यादव, मयंक तिवारी, सुनील कुमार, सुशील गौतम, रोहित गुप्ता और नीरज कश्यप सहित तमाम विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा दिया गया।

# 316 गौशालाएं इनमें से लगभग 60 हजार गोवंश संरक्षित हो रहा है ऑन पेपर, हकीकत में इतनी संख्या नहीं है

**बांदा।** बांदा में 316 गौशालाएं इनमें से लगभग 60 हजार गोवंश संरक्षित हो रहा है ऑन पेपर लेकिन हकीकत में इतनी संख्या नहीं है इनका प्रतिदिन का खाना रु. 50 होने के बावजूद नगर के मुख्य मार्गो पर और शहर में गोवंश अन्ना विचरण कर रहा है। मुख्यमंत्री ने सरकार बनते की पिछले कार्यकाल में तिंदवारी कान्हा गौशाला का लोकार्पण किया था और उन्होंने जिला प्रशासन को यह हिदायत दी थी किस प्रत्येक गोवंश को गेहूं का भूसा और चोकर गुड आदि की व्यवस्था की जाए शासन से पोर्टल में प्रधान और गौसेवक वीडियो ग्राम सचिव डॉक्टर तथा पशु चिकित्सा सीएमओ वी मुख्य विकास अधिकारी के अप्रूवल के बाद अकाउंट में पैसा आता है अब आपने लगभग 60000 गोवंश संरक्षित 316 गौशाला में दिखा रखा है स्थल निरीक्षण के बाद यह देखा गया की जितनी संख्या दर्ज है उतने गांव वंश उस गौशाला में नहीं है क्योंकि इसमें एक खेल और है 50 गोवंश में एक तीमारदार रहता है जिसको 9000 प्रतिमाएं दिया जाता है।

अब आप देखिए इसमें भी बड़ा खेल है 300 गोवंशों में 6तीमारदार जिनकी तनख्वाह क्रमश: हो गई 54000 प्रति महीना जबकि गौशालाओं में दो से तीन लोग या एक व्यक्ति देखे जा रहे हैं ग्राम प्रधान स्वयं अपने बेटे रिश्तेदार पारिवारिकजनों का नाम भरकर पैसा निकल रहा है सरकार द्वारा बराबर करोड़ों रुपए का बजट दिया जा रहा है भूसा खाना दाना और गौशालाओं को बनवाने के लिए अलग से धन आवंटित हो रहा है ग्राम सभाओं के द्वारा भी इस कार्य को कराया जा रहा है लेकिन गांव वंशों की वर्तमान दुर्दशा देखकर रोना आ जाता है मानो ऐसे लगता है कि यह गोवंश किस तरह से इस तालाब भर पानी में बैठेगी और कहां पर खाना खायेगा और वह कब तक जीवित रहेगी डॉक्टर भी समय से गौशालाओं में नहीं पहुंच रहा बहुत सारी गोवंश बीमारी की हालत में दम तोड़ रही है कुछ तड़प रही आप स्वयं देख सकते हैं गौशालाओं की हालत यह वीडियो इस बात के सबूत हैं की मुख्यालय पैलानी में गोवंश किस स्थिति पर रह रहा है कमासिन के इस गौशाला को देखिए कैसे गोवंश यहां पर खड़ा हुआ है मानो ऐसा लगता है कि यह गौशाला ना होकर उनकी कब्रगह बन गई है जब तक जिले के आल्हा अधिकारी और स्थानी जनता इसमें सहयोग नहीं करेगी यह सनातन धर्म की पूज्या गौ माता का सुरक्षित रहना आसंभव है। यह भी सच्चाई है कि इन बेजुबान जानवरों की सहायता की जगह लोग बड़ा घोटाला कर रहे हैं और एनजीओ और समाजसेवी जो फटेहाल लगे थे आज लाखो की चमचमाती बतानुकूलित कार में चल रहे है। जिला कलेक्टर नागेंद्र प्रताप से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम इसमें व्यवस्था कर रहे हैं लाल मोरम और पहाड़ का चूरा डलवाने की कोशिश कर रहे हैं।

# प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों से संबंधित टीएलएम का हुआ प्रदर्शन

**फतेहपुर।** समग्र शिक्षा माध्यमिक उ0प्र0 के अंतर्गत जनपद स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन स्थानीय राजकीय इण्टर कॉलेज में किया गया। प्रदर्शनी में जनपद में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के 85 शिक्षक/शिक्षिकाओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रदर्शनी में हिन्दी, अंग्रेजी, सामाजिक विषय, विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, नागरिक शास्त्र आदि विषयों से सम्बन्धित टीएलएम का राजकीय शिक्षक/शिक्षिकाओं के द्वारा प्रदर्शन किया गया। उत्कृष्ट टीएलएम के चयन हेतु राजकीय महिला डिग्री कॉलेज, फतेहपुर से डॉ. प्रशान्त द्विवेदी, डॉ. राजकुमार, डॉ. प्रियंका रानी, डॉ. अंकित श्रीवास्तव, डॉ0 अमित जायसवाल उवं डॉ. विकास चंद्रा उपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया तथा समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं के द्वारा बनाये गये टीएलएम की प्रशंसा की गई। प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राजकीय शिक्षकों को जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं 500 रूपये की धनराशि प्रदान की गई, जिससे शिक्षकगण अपने विषय से सम्बन्धित अन्य टीएलएम को बना सकेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए शिक्षा में नवाचार अत्यधिक आवश्यक है और विद्यार्थियो में अधिगम वृद्धि में प्रभावपूर्ण परिवर्तन लाने के लिए शिक्षकों के द्वारा बनाये गये टीएलएम सहायक सिद्ध हो सकते हैं। अंत में राजकीय इण्टर कॉलेज के द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा, माध्यमिक डॉ0 अरूण कुमार सिंह द्वारा किया गया।



# यंगलीडर्स एवं यूपी कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित होंगे जिले के नवाचारी शिक्षक

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ सर्वेष्ट मिश्र के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों के स्वप्रेरित, ऊर्जावान, टेक्नोसेवी, स्वत: स्फूर्त शिक्षकों का एक ऐसा समूह जो शिक्षकों के व्यवसायिक विकासए प्रशिक्षण, बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, शिक्षकों व बच्चों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो को प्रचारित करने तथा प्रतिवर्ष एडूलीडर्स यूपी अवार्ड और और कर्मयोगी अवार्ड सम्मान देने कार्य करता है। इस वर्ष बेसिक शिक्षा परिषद और माध्यमिक शिक्षा परिषद के पूरे प्रदेश से 300 शिक्षकों को ग्रेटर नोएडा के पांच सितारा होटल जिंजर में यह सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मान समारोह एडुलीडर यूपी के साथ उनके सहयोगी आर आर फाऊंडेशन तथा हेम फाउंडेशन मुंबई द्वारा आयोजित किया जा रहा है। 2024 के लिए जनपद के तीन शिक्षक ओम प्रकाश, आदित्या कुमारी, पंकज वर्मा को कर्मयोगी अवार्ड से 16 सितंबर 2024 को ग्रेटर नोएडा के पास सितारा होटल होटल जिंजर में अति विशिष्ट व्यक्तियों तथा फिल्म जगत की हस्तियां की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा, लखीमपुर खीरी के शिक्षक ओमप्रकाश जो पीएम कंपोजिट विद्यालय दुलही में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत एने जहां विद्यालय में छात्र उपस्थिति, नामांकन, उपस्थित और उनके ठहराव के लिए बहुत सारे कार्य किए हैं एतो साथ ही साथ बालिका शिक्षा और गरीब तथा असहाय बच्चियों की मदद कर कक्षा 8 से आगे की शिक्षा के लिए अपने व अपने साथियों के माध्यम से सहयोग कर रहे हैं। वर्तमान में पांच लड़कियां और एक लड़की को वह अपने खर्चे पर कक्षा 9 से लगातार आर्थिक मदद देते हुए उन्हें धन के अभाव में शिक्षा से वंचित न रह जाए ए इस हेतु सहयोग कर रहे हैं उनके इन प्रयासों तथा नवाचारों के कारण ही उन्हें वर्ष 2022 का प्रदेश का सम्मानित राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त हो चुका है तथा वह राज्य स्तर पर कहानी सुनाओ ए कला क्राफ्ट और पपेट्री में भी विजेता रहे तथा विद्यालय को बेस्ट स्कूल ऑफ़ द वीक और स्वयं उन्हें जिलाधिकारी महोदय द्वारा नवाचारी शिक्षक के रूप में पुरस्कृत किया गया है ।वह लगातार 3 वर्षों तक जनपद के उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान एऔर ज्ञान गंगा संगम तथा आईसीटी की पाठशाला द्वारा आदर्श शिक्षक सम्मान प्राप्त हैं अब उन्हें कर्मयोगी सम्मान से पुरुष्कृत किया जाएगा।



# स्वच्छता ही सेवा अभियान: डीएम ने ली जागरूकता व तैयारी बैठक, दिए निर्देश

**● डीएम बोली, स्वच्छता के प्रति बढ़ाया आपका एक कदमए जिले को स्वच्छए प्लास्टिक मुक्त बनाने में करेगा मदद ●स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलेगा अभियान**



**लखीमपुर खीरी।** स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आगामी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर के मध्य निकायों में चलाये जाने वाले स्वच्छता कार्यो की तैयारियों और जागरूकता को लेकर गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह की उपस्थित में कलेक्ट्रेट में बैठक की। संचालन ईओ संजय कुमार ने की। डीएम ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के स्वर्णिम 10 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को वृहद जन सहभागिता के साथ मनाए जाने के लिए स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर एक 15 दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम की रचना की गयी है। स्वच्छता की भागीदारी, संपूर्ण स्वच्छता और सफाईमित्र सुरक्षा तीन प्रमुख घटक हैं।

## सड़कों पर खुली गाय छोड़ने पर मालिक को देना होगा दो हजार का जुर्माना: डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि स्वच्छता के प्रति बढ़ाया आपका एक कदम, जिले को स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त बनाने में मदद करेगा। आग्रह किया कि गोवंश को खुले में कतई ना छोड़ें। पकड़े गए गोवंश छुड़वाने के लिए दो हजार का जुर्माना अदा करना होगा। आमजन से नालियों पर जाली लगवाने का आग्रह करते हुए बताया कि इससे कूड़ा नालियों में नही जायेगा। पानी का प्रवाह भी नहीं रुकेगा। नालियों की सफ़ाई में सुलभता होने के साथ.साथ वेक्टर जनित रोगों में गिरावट भी आएगी।

## चुने जिंदगी, तंबाकू नहीं: डीएम

डीएम ने तंबाकू सेवन से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव बताकर इसका प्रयोग न करने का आग्रह किया। तंबाकू खाकर अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कदापि ना करें। आमसहमति से निर्णय लिया कि सार्वजनिक स्थलों पर इसके प्रयोग कर गंदगी फैलाने पर रु. 2000 का जुर्माना वसूला जाए।

## स्वच्छता की भागीदारी में सभी का सहयोग जरूरी: एडीएम

एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता की भागीदारी के अन्तर्गत सार्वजनिक भागीदारी व स्वच्छता के जन.आंदोलन में सभी नागरिकों के जुड़ाव हेतु विभिन्न आईण्ईण्सीण् गतिविधियां करायी जानी है। इसमें सभी स्वयंसेवी संस्थाओंए स्वच्छ सारथी क्लब व अन्य द्वारा भी स्वच्छता की भागीदारी में सहयोग भी अपेक्षित है। श्स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम में समस्त नागरिकों की स्वच्छता में भागीदारी हेतु श्रमदान का आह्वान कियाए जिससे कि जिले में पूर्ण स्वच्छता एवं व्यवहार परिवर्तन प्राप्त किया जा सके।

## ईओ ने अभियान की बताई तैयारियां

ईओ संजय कुमार ने गत वर्षो की स्वच्छता की सेवा की तुलनात्मक उपलब्धियां बताई। उन्होंने स्वच्छता की भागीदारी के तहत श्रमदान और जन जागरूकता अभियान के तहत कराए जाने वाली गतिविधियों की तैयारिया को भी रेखांकित किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आप सभी के सहयोग से इसबार टॉप फाइव में आने का हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में समाजसेवी, नपाप लखीमपुर की स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसडर मधुलिका त्रिपाठी, सभासद राकेश मिश्र ने भी अपनी सारगर्भित विचार व्यक्त किए।

## इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में नपाप लखीमपुर की स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसडर मधुलिका त्रिपाठी, सभासद राकेश मिश्र, शमसुल हसन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मुरारी लाल विशाल शुक्ला, जेई अमरदीप, जितेंद्र वर्मा डीपीएम विक्रांत वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिए संभ्रांत नागरिक गण मौजूद रहे।

# भारत का लक्ष्य एक दूसरे का हाथ पकड़कर साथ चलना

भाषा। जोधपुर



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया के मौजूदा विकट हालात में भारत का लक्ष्य एक-दूसरे का हाथ पकड़कर एक साथ चलना है। उन्होंने सहयोगी देशों से अपनी भागीदारी और सहयोग को नई उंचाई पर ले जाने का आह्वान किया। वह यहां के वायुसेना ठिकाने पर भारतीय वायु सेना द्वारा आयोजित बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति को संबोधित कर रहे थे। आज के समय में जब दुनिया में एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी हुई है ...कई स्थानों पर तो अलग-अलग देशों के बीच लगातार युद्ध चल रहे हैं ...इन विकट परिस्थितियों में भारत का लक्ष्य यही है कि हम एक दूसरे का हाथ पकड़कर एक साथ चलें।

राजनाथ ने कहा, पूरी दुनिया में जिस तरह से बदलाव हो रहे हैं और जिस तरह से पूरी दुनिया के समक्ष नई-नई चुनौतियां आ रही हैं, उसे देखते हुए हमें अपनी भागीदारी व सहयोग को नई उंचाई तक ले जाने की जरूरत है। सिंह की टिप्पणी रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता को आगे बढ़ाने में भारत की संभावित भूमिका के आह्वान की पृष्ठभूमि में आई है क्योंकि भारत के दोनों देशों के साथ अच्छे संबंध हैं। भारत कई उन्नत और उच्च प्रौद्योगिकी परियोजनाओं पर मित्र देशों के साथ सहयोग कर रहा है। तरंग शक्ति जैसे अभ्यासों का महत्वपूर्ण सामरिक महत्व है।

सिंह ने कहा, आज हमारे बीच कई सारे मित्र विदेशी अतिथि भी उपस्थित हैं। मैं उनसे भी यह कहना चाहूंगा,कि आप लोग जब भारत आए हैं, तो भारत की एयरोस्पेस इंडस्ट्री को अच्छे से देखिए, इसका अध्ययन करिए। इस अभ्यास के दौरान आप सबको यह अवसर भी मिला है कि आप यात्राओं के माध्यम से भारतीय रक्षा विनिर्माण उद्योग का अनुभव भी लें। ए यात्राएं आपको भारत के रक्षा उद्योग के तीव्र विकास व भारत की क्षमताओं से अवगत कराएंगी। कैसे हम एक साथ आगे बढ़कर रक्षा विनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं... इसकी संभावना को तलाश करने का यह एक अच्छा अवसर है। भारत आपके साथ मिलकर काम करने को इच्छुक है। हम चाहते हैं कि हमारा सहयोग सिर्फ राजनीतिक या कहें कि केवल टेक्नीक्ल सिनर्जी तक ही सीमित न रहे बल्कि हर्ट टु हर्ट सिनर्जी के रूप में बदले।

सिंह ने कहा, अनेक भविष्योन्मुखी व उच्च प्रौद्योगिकी परियोजनाओं पर हम अपने मित्र राष्ट्रों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। तरंग शक्ति जैसे अभ्यास का अपना एक तकनीकी महत्व तो होता ही पर इससे भी आगे बढ़कर मैं इसे देशों के बीच के आपसी सहयोग, तालमेल व विश्वास में बढ़ोतरी के माध्यम के रूप में देखता हूं। ऐसे आयोजन हमारे और हमारे भागीदार देशों के बीच भरोसा बढ़ाते हैं। उनके बीच यह भरोसा जगाते हैं कि जब कभी भी आवश्यकता होगी तो हम सब एक साथ खड़े रहेंगे। तरंग शक्ति के माध्यम से हमने अपने साझेदार देशों अपने गठजोड़ को और भी मजबूत किया है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ भारतीय रक्षा क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है और आज दुनिया भर के श्रेष्ठ और आधुनिक विमानों तथा अगली पीढ़ी के उपकरणों के साथ, भारतीय वायुसेना ने खुद का रूपांतरण किया है। सिंह ने कहा, हमारी वायुसेना, और हमारा रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हल्के लड़ाकू विमान, सेंसर, राडार और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर जैसी चीजों में हम बहुत हद तक आत्मनिर्भर हो चुके हैं और इन क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ने के लिए हम प्रयासरत हैं। भारतीय वायु सेना अपनी स्थापना के समय से ही,अपनी शक्ति और शौर्य के लिए जानी जाती रही है। देश को जब-जब भी जरूरत पड़ी, वायु सेना ने डटकर उस परिस्थिति का सामना किया।

## आईएएस अधिकारी, अन्य के खिलाफ छापेमारी में ईडी ने 90 लाख रुपए नकद एवं चांदी जब्त की

**पटना/नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी संजीव हंस, राजद के पूर्व विधायक गुलाब यादव और कुछ अन्य के खिलाफ धन शोधन की जांच के सिलसिले में ताजा छापेमारी के बाद करीब 90 लाख रुपए नकद और 13 किलोग्राम चांदी जब्त की है। छापे इस सप्ताह की शुरूआत में दिल्ली में दो स्थानों तथा कोलकाता और मुंबई में कुछ स्थानों पर मारे गए। बिहार ऊर्जा निगम में प्रधान सचिव रह चुके 1997 बैच के आईएएस अधिकारी हंस के कुछ कथित पुराने सहयोगियों के खिलाफ दो दिनों तक छापे मारे गए। करीब 90 लाख रुपए नकद और 13 किलोग्राम चांदी जब्त की गई। संघीय एजेंसी ने इस मामले में पहली बार छापेमारी जुलाई में की थी। अधिकारियों ने एक दर्जन से अधिक महंगी घड़ियां, लगभग एक किलोग्राम सोने के आभूषण और कुछ निवेश संबंधी कागजात जब्त किए हैं।

# महिला मित्रों के साथ पिकनिक मना रहे युवा सैन्य अफसरों पर हमला, तीन लोग गिरफ्तार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के एक मशहूर पर्यटक स्थल के पास अपनी दो महिला मित्रों के साथ पिकनिक मना रहे दो युवा सैन्य अधिकारियों पर हमले और इस समूह में शामिल एक युवती के साथ कथित दुष्कर्म के मामले में बृहस्पतिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वारदात के राजनीतिक तूल पकड़ने के बीच पुलिस के कई दल चार फरार आरोपियों की तलाश कर रहे हैं। अभियोजन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि अभियोजन पक्ष की गुजारिश पर अदालत ने आरोपियों को पांच दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) हितिका वासल ने "पीटीआई-भाषा" को बताया कि महू सैन्य छावनी से करीब 30 किलोमीटर दूर मशहूर पर्यटक स्थल जाम गेट के पास मंगलवार देर रात हुई इस वारदात के छह आरोपियों की पहचान हुई है जिनमें से दो लोग गिरफ्तार किए गए हैं। चार फरार आरोपियों की तलाश जारी है। विंध्याचल पर्वतमाला पर स्थित जाम गेट जंगलों से घिरा है। बारिश के मौसम में इस जगह दिन में सैलानियों का तांता लगा रहता है, लेकिन रात घिरते ही वहां सन्नाटा पसर जाता है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया, आरोपियों ने मारपीट करते हुए एक युगल को बंधक बनाया और दूसरे युगल से कहा कि बंधकों को तभी छोड़ा जाएगा, जब वे उन्हें 10 लाख रुपए लाकर देंगे। वासल ने बताया कि वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम के संबद्ध प्रावधानों के तहत दर्ज प्राथमिकी में मारपीट और डकैती के साथ ही दुष्कर्म का भी आरोप है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया, शिकायतकर्ता ने हमें बताया है कि आरोपी उसकी महिला मित्र को उससे अलग करके एक स्थान पर ले गए थे और उसे संदेह है कि युवती के साथ दुष्कृत्य किया गया है। अभी इस युवती का बयान दर्ज किया जाना बाकी है। सभी आरोपी घटनास्थल के आस-पास के गांवों के रहने वाले हैं जिनमें से दो लोगों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड के बारे में पता चला है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) रूपेश कुमार द्विवेदी ने दावा किया कि आरोपियों की मारपीट में चारों लोगों को गंभीर चोटें नहीं आईं। दोनों सैन्य अधिकारियों और उनकी दोनों महिला मित्रों की उम्र 25 साल के आस-पास है। वारदात के दौरान एक युवती से दुष्कर्म के आरोप की जांच के बारे में पूछे जाने पर एएसपी ने बताया, घटना के बाद युवती सदमे में है और वह अभी कोई बयान देना नहीं चाहती।

# उचित शिक्षा के लिहाज से बच्चों के लिए उपयुक्त नहीं मदरसेः एनसीपीसीआर

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि मदरसे बच्चों के लिए उचित शिक्षा प्राप्त करने के लिहाज से अनुपयुक्त हैं और वहां दी जाने वाली शिक्षा व्यापक नहीं है तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के प्रावधानों के विरुद्ध है। आयोग ने शीर्ष अदालत से कहा कि जो बच्चे औपचारिक स्कूल शिक्षा प्रणाली में नहीं हैं, वे प्राथमिक शिक्षा के अपने मौलिक अधिकार से वंचित हैं, जिसमें मध्याह्न भोजन, स्कूल की वेशभूषा आदि जैसे अधिकार शामिल हैं। एनसीपीसीआर ने कहा कि मदरसों के पाठ्यक्रम में एनसीईआरटी की कुछ ही पुस्तकों से पढ़ाना शिक्षा प्रदान करने के नाम पर मात्र दिखावा है तथा यह सुनिश्चित नहीं करता है कि बच्चों को औपचारिक तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है।

आयोग ने कहा, मदरसा न केवल उचित शिक्षा प्राप्त करने के लिए अनुपयुक्त स्थान है, बल्कि यहां आरटीई अधिनियम की धारा 19, 21, 22, 23, 24, 25 तथा 29 के तहत प्रदत्त अधिकारों का भी अभाव है। एनसीपीसीआर ने शीर्ष अदालत में दायर अपनी लिखित दलील में कहा, इसके अलावा, मदरसे न केवल शिक्षा के लिए असंतोषजनक और अपर्याप्त मॉडल पेश करते हैं, बल्कि उनके काम करने का तरीका भी मनमाना है, जिसमें पूरी तरह से मानकीकृत पाठ्यक्रम और कार्यप्रणाली का अभाव है। आयोग ने कहा कि आरटीई अधिनियम, 2009 के प्रावधानों का अभाव होने के कारण, मदरसे 2009 के अधिनियम की धारा 21 के अनुरूप अधिकारों से वंचित हैं। उसने कहा, मदरसे मनमाने तरीके से काम करते हैं और संवैधानिक आदेश, आरटीई अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम, 2015 का पूरी तरह उल्लंघन करते हैं। इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि ऐसे संस्थान में शिक्षा प्राप्त करने वाला बच्चा स्कूल में प्रदान किए जाने वाले स्कूली पाठ्यक्रम के बुनियादी ज्ञान से वंचित रहेगा। आयोग के अनुसार, एक स्कूल को आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 2 (एन) के तहत परिभाषित किया गया है, जिसका अर्थ है प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने वाला कोई भी मान्यता प्राप्त स्कूल। इस परिभाषा के दायरे से बाहर रहने वाले मदरसे को बच्चों या उनके परिवारों को मदरसा शिक्षा प्राप्त करने के लिए मजबूर करने का कोई अधिकार नहीं है।

उसने कहा कि अधिकांश मदरसे छात्रों को समग्र वातावरण प्रदान करने में विफल रहते हैं, जिसमें सामाजिक कार्यक्रमों की योजना बनाना या अनुभवात्मक शिक्षा के लिए पाठ्एतर गतिविधियां शामिल हैं। लगभग 17 लाख मदरसा छात्रों को राहत देते हुए शीर्ष अदालत ने पांच अप्रैल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी थी जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को रद्द कर दिया गया था और इसे असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला बताया गया था।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर नोटिस जारी किए थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि क्या उच्च न्यायालय ने प्रथम दृष्टया अधिनियम के प्रावधानों को गलत समझा है, जो किसी भी धार्मिक शिक्षा का प्रावधान नहीं करता है। उच्च न्यायालय ने 22 मार्च को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक करार देते हुए राज्य सरकार से छात्रों को औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली में समायोजित करने को कहा था। अधिवक्ता अंशुमान सिंह राठौर द्वारा दायर रिट याचिका पर उच्च न्यायालय ने इस कानून को अधिकारों से परे (अधिकारातीत) घोषित कर दिया था। इसमें कहा गया था कि राज्य को धार्मिक शिक्षा के लिए बोर्ड बनाने या केवल किसी विशेष धर्म और उससे जुड़े दर्शन के वास्ते स्कूली शिक्षा के लिए बोर्ड स्थापित करने का कोई अधिकार नहीं है।

# न्यायालय ने प्रेम प्रसंग मामले को लेकर बर्खास्त न्यायिक अधिकारी को बहाल नही करने पर नाखुशी जताई

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस फैसले को लेकर नाराजगी व्यक्त की है, जिसमें एक महिला न्यायिक अधिकारी के साथ कथित प्रेम-प्रसंग के कारण बर्खास्त किए गए न्यायिक अधिकारी को बहाल नहीं किया गया है, हालांकि शीर्ष अदालत ने 2022 में ही संबंधित बर्खास्तगी आदेश को खारिज कर दिया था। यह मामला 2009 से उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के बीच झूलता रहा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी. बी. वराले की पीठ ने अपने हाल के आदेश में कहा कि शीर्ष अदालत ने 20 अप्रैल, 2022 को उच्च न्यायालय के 25 अक्टूबर, 2018 के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें पुरुष न्यायिक अधिकारी की सेवा से बर्खास्तगी के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी।

इसने उच्च न्यायालय की पूर्ण अदालत को न्यायिक अधिकारी को बर्खास्त करने संबंधी अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया था कि 26 अक्टूबर, 2018 को उच्च न्यायालय की इसी खंडपीठ ने महिला न्यायिक अधिकारी की याचिका को स्वीकार कर लिया था और अवैध संबंध के आरोपों को सही नहीं मानते हुए बर्खास्तगी आदेश को रद्द कर दिया था।

उच्चतम न्यायालय की पीठ ने हाल में कहा, जब एक बार बर्खास्तगी आदेश को (2022 में उच्चतम न्यायालय द्वारा) रद्द कर दिया जाता है और उक्त बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देने वाली रिट याचिका को खारिज करने वाले उच्च न्यायालय के फैसले को भी रद्द कर दिया जाता है, तो स्वाभाविक परिणाम यह होना चाहिए कि कर्मचारी को सेवा में वापस ले लिया जाना चाहिए और फिर आगे की कार्यवाही निर्देशानुसार की जानी चाहिए।

न्यायालय की पीठ ने कहा कि जब बर्खास्तगी आदेश को रद्द कर दिया जाता है तो कर्मचारी को सेवा में माना जाता है। पीठ ने कहा, अपीलकर्ता को सेवा में वापस लेने के बारे में न तो उच्च न्यायालय द्वारा और न ही राज्य द्वारा कोई निर्णय लिया गया और न ही बर्खास्तगी आदेश पारित होने की तिथि से लेकर सेवा में बहाल होने की तिथि तक बकाया वेतन के संबंध में कोई फैसला लिया गया। इसने कहा कि न्यायिक अधिकारी 20 अप्रैल, 2022 के फैसले की तारीख से लेकर दो अप्रैल, 2024 को नया बर्खास्तगी आदेश पारित होने तक की अवधि के लिए पूर्ण वेतन पाने का हकदार होगा, जिसकी गणना अपीलकर्ता को निरंतर सेवा में मानते हुए सभी स्वीकार्य लाभों के साथ की जाएगी।

न्यायिक अधिकारी 2006 में पंजाब सिविल सेवा (न्यायिक शाखा) में शामिल हुए थे। दिसंबर 2006 में सेवा में शामिल होने के समय अपीलकर्ता पहले से ही शादीशुदा था। हालांकि, उनके वैवाहिक जीवन में अक्सर विवाद होते रहते थे। पीठ ने कहा कि स्थिति को और खराब होने से बचाने के लिए अपीलकर्ता ने सरकारी आवास छोड़ दिया और निजी आवास में चले गए। उनकी पत्नी और सास सरकारी आवास में ही रहती रहीं। नवंबर/दिसंबर 2008 में किसी समय न्यायिक अधिकारी की पत्नी ने एक महिला न्यायिक अधिकारी के साथ उनके संबंध के बारे में शिकायत की थी और साथ ही मारपीट के आरोप भी लगाए थे।

## अरुणाचल के मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी के आरक्षण संबंधी बयान की आलोचना की

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरक्षण संबंधी हालिया बयान की बृहस्पतिवार को आलोचना की। राहुल गांधी ने अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद के दौरान सोमवार को कहा था कि कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। खांडू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस ने राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा को हर बार कमजोर किया है। जम्मू-कश्मीर में विभाजनकारी एजेंडे का समर्थन करने से लेकर विदेशों में भारत विरोधी बयान देने तक, उनके इन कामों ने बार-बार देश की अखंडता को प्रभावित किया है। खांडू ने कहा कि आरक्षण को लेकर गांधी का हालिया बयान समावेशी नीतियों के प्रति कांग्रेस के लंबे समय से जारी विरोध को उजागर करती है।

# राहुल के विरुद्ध भाजपा का विरोध पशु क्रूरता के खिलाफ कसाइयों के विरोध जैसा : सिद्धरमैया

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरक्षण विरोधी बयान देने का झूठा आरोप लगाकर उनके खिलाफ भाजपा नेताओं का विरोध पशु क्रूरता के खिलाफ कसाइयों के विरोध जैसा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तत्कालीन प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह ने मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू की तो भाजपा ने कमंडल आंदोलन शुरू करके लोगों के दिमाग में धर्म की अफीम भरने का प्रयास किया।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में सिद्धरमैया के हवाले से कहा गया, भाजपा ने कर्नाटक में स्थानीय निकाय में आरक्षण का विरोध किया, यहां तक कि दिवंगत न्यायमूर्ति रामा जोइस के नेतृत्व में उच्चतम न्यायालय में याचिका भी दायर की। देश भर में भाजपा ने लगातार आरक्षण नीतियों का विरोध किया है।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा नेताओं में राहुल गांधी के बयान की व्याख्या करने का विवेक नहीं है। सिद्धरमैया ने पूछा, आरक्षण का प्राथमिक उद्देश्य शिक्षा, रोजगार और संसाधनों तक पहुंच में सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना है। यह सिर्फ राहुल गांधी की बात नहीं है - मैं भी इसके साथ खड़ा हूं। इसे आरक्षण विरोधी बयान कैसे माना जा सकता है? राहुल ने अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद के दौरान सोमवार को कहा था कि कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है।

## कर्मचारी के रोटी पर थूकने का वीडियो वायरल होने के बाद मालिक गिरफ्तार

**सहारनपुर (उप्र)।** सहारनपुर जिले में एक भोजनालय में रोटी बनाते समय एक कर्मचारी द्वारा रोटी पर थूकने का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भोजनालय के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया। सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद, भोजनालय के मालिक उस्मान के खिलाफ स्थानीय पुलिस थाना में शिकायत दर्ज की गई और घटना में शामिल नाबालिग को हिरासत में लिया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि थाना फतेहपुर के अंतर्गत कस्बा छुटमलपुर मे घास मंडी के पास दस्तरखान नाम का भोजनालय है। इस भोजनालय का एक नाबालिग कर्मचारी थूक लगाकर रोटियां बना रहा था जिसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया गया। जैन ने बताया कि इस मामले मे नीतीश बडथवाल ने थाना फतेहपुर पहुंचकर एक तहरीर दी जिसमे कहा गया कि इस भोजनालय का एक कर्मचारी थूक लगाकर रोटी सेंक रहा है।

# कर्नाटक के मांड्या में शोभायात्रा में हिंसा भड़की, 52 लोग गिरफ्तार

**नागमंगला।** कर्नाटक के माडंया जिले के नागमंगला कस्बे में गणेश मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा के दौरान दो समूहों के बीच झड़प हो गई, जिसके बाद भीड़ के कई दुकानों और वाहनों को निशाने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस ने बताया कि बुधवार रात की इस घटना के बाद 52 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और ऐहतियात के तौर पर 14 सितंबर तक कस्बे में चार से अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी गई है। पथराव में दो पुलिसकर्मियों समेत कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं। उन्होंने बताया कि स्थिति पर काबू पा लिया गया है और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को जब बदरिकोप्पलु गांव से श्रद्धालु शोभायात्रा निकाल रहे थे तब दो समूहों के बीच बहस हो गई और कुछ उपद्रवियों ने पथराव किया जिससे स्थिति बिगड़ गई। उन्होंने बताया कि दोनों समूहों के बीच झड़प के बाद कुछ दुकानों में तोड़फोड़ की गई और वाहनों में आग लगा दी गई।

पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने और स्थिति को संभालने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। शोभायात्रा निकालने वाले युवाओं के समूह ने थाने के निकट विरोध प्रदर्शन किया और हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि हिंसा उपद्रवियों का काम है, जिससे समाज की शांति व सौहार्द में खलल पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और धार्मिक आधार पर विभाजन पैदा करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्वाई की जाएगी, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो। उन्होंने एक्स पर कहा, "मैं लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे शांति बनाए रखें और उकसावे में आए बिना संयम बरतें।

गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि झड़पों को "सांप्रदायिक हिंसा" नहीं कहा जा सकता क्योंकि यह घटना "क्षणिक आक्रोश" के कारण हुई। उन्होंने बेंगलुरू में पत्रकारों से कहा कि "दोनों पक्षों" के 52 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और पथराव तथा वाहनों व संपत्तियों को आग लगाने जैसी घटनाओं में संलिप्तता के बारे में सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल के आधार पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। जब उनसे कहा गया कि घटना के दौरान कथित तौर पर पेट्रोल बम फेंका गया और यह पूछा गया कि क्या घटना पूर्व नियोजित थी, तो उन्होंने कहा, नहीं, नहीं, यह (घटना) क्षणिक आवेग में हुई है। पुलिस ने इसे और बढ़ने नहीं दिया और स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, प्राथमिकी में 53 लोगों के नाम दर्ज हैं। मांड्या के पुलिस अधीक्षक मल्लिकार्जुन बलदंडी ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया, नागमंगला शहर में स्थिति अब सामान्य हो गई है। लोग अपने दैनिक कार्य कर रहे हैं। दुकानें खुली हैं। हमने कर्नाटक राज्य रिजर्व पुलिस के अतिरिक्त बलों के साथ-साथ सादी वर्दी में अन्य पुलिस अधिकारियों को भी तैनात किया है। पुलिस के मुताबिक गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने, हत्या का प्रयास, सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा डालने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और भारतीय न्याय संहिता की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मांड्या जिले के प्रभारी मंत्री एन. चेलुवरायस्वामी ने कहा कि स्थिति अब शांतिपूर्ण व नियंत्रण में है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारा नागमंगला शांति और सौहार्द का शहर है। हम यहां अशांति पैदा करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेंगे। मैं लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और शांति बहाल करने में सहयोग करें। घटनाओं के बाद, विपक्षी दलों भाजपा और जद(एस) ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने आरोप लगाया कि भगवान गणेश की शोभायात्रा पर हमला तुष्टीकरण की राजनीति का प्रत्यक्ष परिणाम है। अशोक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर आरोप लगाया कि शोभायात्रा पर पत्थर फेंके गए, तलवारें लहराई गईं और देसी बम फेंके गए। हम कर्नाटक में रह रहे हैं या तालिबान में? उन्होंने कहा, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति से उत्साहित होकर, मुसलमानों की हिंसक भीड़ ने कल रात नागमंगला में भगवान गणेश की शोभायात्रा पर बर्बरतापूर्वक हमला किया।

# पेज 1 का शेष

## लगातार...

वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। एक यात्री, वकील रोहित तोमर ने कहा दिलशाद गार्डन में इहबास अस्पताल के पास भारी जाम था। उन्हें एक महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई के लिए कड़कड़डूमा कोर्ट पहुंचने में आधे घंटे से अधिक का समय लगा। पश्चिमी दिल्ली में ब्रिटानिया फ्लाईओवर और पंजाबी बाग के पास और बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी फ्लाईओवर पर भी सड़क पर जाम की स्थिति देखी गई। एक अन्य यात्री गौरव कुमार ने बताया कि पीरागढ़ी से मधुबन चौक, प्रशांत विहार तक भारी यातायात जाम रहा। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य के कारण दोनों सर्विस लेन बाधित हो गई, जिससे यातायात धीमा हो गया, खासकर सुबह और शाम को लगातार चौथे दिन पीक ऑवर्स के दौरान सिरहौल सीमा के पास। ऑफिस जाने वालों को जाम का सामना करना पड़ा, लेकिन ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन की मदद से जाम को नियंत्रित किया। कई एयरलाइनों ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर यात्रियों को फ्लाइट संचालन की स्थिति की जांच करने के लिए चेतावनी देते हुए एक एडवाइजरी भी जारी की।

## प्रधानमंत्री...

शिव सेना के राज्यसभा सदस्य मिलिंद देवड़ा ने भी आलोचकों पर निशाना साधा और कहा कि गणपति आरती के लिए प्रधान न्यायाधीश के आवास पर प्रधानमंत्री मोदी के दौरे पर लापरवाह टिप्पणी देखना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने एक्स पर आरोप लगाया, जब फैसले उनके पक्ष में होते हैं तो विपक्ष उच्चतम न्यायालय की विश्वसनीयता की प्रशंसा करता है लेकिन जब चीजें उनके अनुकूल नहीं होती हैं तो वे आसानी से दावा करते हैं कि न्यायपालिका से समझौता किया गया है। देवड़ा ने कहा, विपक्ष द्वारा सीजेआई की विश्वसनीयता को कमतर करने का यह लापरवाह प्रयास न केवल गैर जिम्मेदाराना है बल्कि संस्थान की अखंडता को भी नुकसान पहुंचाता है। भारत की राजनीति एक बदसूरत मोड़ ले रही है। उन्होंने कहा कि मनमानी न्यायिक नियुक्तियों का युग चला गया है और मौजूदा सीजेआई ने बेहद ईमानदारी के साथ अपने पद पर काम किया है। देवड़ा ने कहा, जो लोग उनकी विरासत और विश्वसनीयता को धूमिल करना चाहते हैं, वे खराब निर्णय का नमूना पेश कर रहे हैं और राष्ट्र के सर्वोत्तम हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं।इस बीच, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने कहा कि प्रधान मंत्री मोदी द्वारा सीजेआई के आवास पर गणपति पूजा समारोह में भाग लेना एक ऐसा संदेश देता है जो किसी को असहज बनाता है, उन्होंने कहा कि संस्थाओं की स्वतंत्रता दिखाई देनी चाहिए। झा ने कहा, हर संस्था की स्वतंत्रता सिर्फ सैद्धांतिक नहीं होनी चाहिए, बल्कि दिखनी भी चाहिए। गणपति पूजा एक बहुत ही निजी मामला है, आप वहां कैमरा लेकर जा रहे हैं। जो संदेश किया जा रहा है, उससे असहजता होती है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि प्रधानमंत्री मोदी और सीजेआई ने कार्यक्रम की तस्वीरें क्यों जारी कीं।

## अग्रिम क्षेत्रों...

विचार कर सकते हैं। पूर्वी लद्दाख में कुछ टकराव वाले बिंदुओं पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गतिरोध बना हुआ है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से पीछे हटने का काम पूरा कर लिया है। भारत यह कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। भारत-चीन संबंधों को जटिल बताते हुए जयशंकर ने कहा कि वर्ष 1980 के दशक के अंत में संबंध सामान्य हो गए थे और इसका आधार यह था कि सीमा पर शांति होगी। उन्होंने कहा, स्पष्ट रूप से एक अच्छे रिश्ते के लिए, कहेंगे कि एक सामान्य रिश्ते के लिए भी, आधार यह था कि सीमा पर शांति और सौहार्द हो। वर्ष 1988 में चीजें बेहतर होने लगीं, उसके बाद कई समझौते किए, जिससे सीमा पर स्थिरता आई। वर्ष 2020 में जो हुआ, वह कुछ कारणों से कई समझौतों का उल्लंघन था, जो अभी भी हमारे लिए पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। हम इस पर अटकलें लगा सकते हैं। चीन ने वास्तव में सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बहुत बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और स्वाभाविक रूप से प्रतिक्रिया में, भारन ने भी अपने सैनिकों को तैनात किया। यह हमारे लिए बहुत मुश्किल था क्योंकि हम उस समय कोविड लॉकडाउन के बीच में थे। जयशंकर ने इस घटनाक्रम को बहुत खतरनाक बताया। उन्होंने गलवान घाटी में हुई झड़पों का जिक्र करते हुए कहा, अब हम सीधे तौर पर देख सकते हैं कि यह एक बहुत ही खतरनाक घटनाक्रम था क्योंकि इन अत्यधिक ऊंचाइयों और अत्यधिक ठंड में बड़ी संख्या में सैनिकों की मौजूदगी दुर्घटना का कारण बन सकती थी। और जून 2022 में ठीक यही हुआ। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत के लिए मुद्दा यह है कि चीन ने शांति और सौहार्द क्यों भंग किया और उन्होंने अपने सैनिकों को क्यों भेजा और इस बहुत ही करीबी स्थिति से कैसे निपटा जाए। हम अब करीब चार साल से बातचीत कर रहे हैं और इसका पहला कदम वह है जिसे हम विघटन कहते हैं, जिसमें उनके सैनिक अपने सामान्य संचालन ठिकानों पर वापस जाते हैं और हमारे सैनिक अपने सामान्य संचालन ठिकानों पर वापस जाते हैं और जहां आवश्यक होता है, वहां हमारे पास गश्त के बारे में एक व्यवस्था होती है क्योंकि हम दोनों उस सीमा पर नियमित रूप से गश्त करते हैं जैसा कि मैंने कहा कि यह कानूनी रूप से निर्धारित सीमा नहीं है। जयशंकर अपने तीन देशों के दौरे के अंतिम चरण में यहां आए हैं, जिसमें वे सऊदी अरब और जर्मनी भी गए थे

## भारतीय मूल...

300 युवा सैन्य ड्यूटी कर रहे हैं और इनमें से अधिकांश लड़ाकू इकाइयों में कार्यरत हैं। ऐसा माना जाता है कि भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों मणिपुर और मिजोरम से आए बेनी मेनाशे, इजराइली जनजाति मेनासेह के वंशज हैं।यह हमला पश्चिमी तट से शुरू हुए आत्मघाती बम विस्फोटों और गोलीबारी की लगातार घटनाओं के बाद हुआ है। इस्लामिक हमास ने इसकी जिम्मेदारी ली है। पिछले वर्ष सात अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला किया जिसके बाद गाजा में युद्ध शुरू हुआ और यह अबतक जारी है।

## वरिष्ठ माकपा...

यार, ये सब कुछ अच्छा करने के लिए है। तुम बस वही रिपोर्ट करो जो मैंने प्रेस मीट में कहा है। अपने युवा दिनों में, वे सीपीआई (एम) के सुपरस्टार थे। वे राजनीतिक नेताओं और प्रतिद्वंद्वियों से निपटने में सहज थे, जिसने उन्हें सीताराम हमेशा एक अलग स्तर की प्रतिष्ठा दिलाई थी। यहां तक कि आरएसएस के नेता, जो सीपीआई (एम) के एकमात्र घोषित दुश्मन हैं, सीताराम येचुरी का बहुत सम्मान करते थे। लेकिन मार्क्सवादियों के गरीब चचेरे भाई, सीपीआई के महासचिव डी राजा के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। जहां येचुरी हमेशा एक आकर्षक मुस्कान के साथ घूमते हैं, वहीं राजा अपने चेहरे पर नफरत के भाव के साथ घूमते हैं। तेलंगाना से आने वाले येचुरी तमिलनाडु में लोकप्रिय नेता बने हुए हैं, जबकि राजा द्रविड़ों के लिए अजनबी बने हुए हैं, जबकि वे सीपीआई के शीर्ष नेता हैं। येचुरी की सबसे बड़ी उपलब्धि 1997 में प्रकाशित शोध पत्र 'ऑयल पूल डेफिसिट या सेसपूल ऑफ डिसीट' है, जिसमें उन्होंने ऑयल पूल डेफिसिट अकाउंट का हवाला देते हुए सरकार द्वारा नियमित आधार पर पेट्रोलियम कीमतों में बढ़ोतरी के औचित्य पर सवाल उठाया था। कई लोग मानते हैं कि कांग्रेस में सीताराम येचुरी जैसे नेता की मौजूदगी भारत के लिए चमत्कार कर सकती थी। सीपीआई(एम) ने जो खोया है, वह पार्टी का बुद्धिजीवियों और आम आदमी के साथ सबसे अच्छा संबंध है। हां, वे अनपढ़ कम्युनिस्टों की भी उम्मीद और गर्व थे। येचुरी ने अपनी आम आदमी वाली छवि के जरिए जनता के साथ अपने व्यवहार में अपने सभी पूर्ववर्तियों को पीछे छोड़ दिया है। सच तो यह है कि सीपीआई(एम) में कई स्वयंभू नेता हैं, लेकिन उनमें से कोई भी सीताराम येचुरी के कद की बराबरी नहीं कर सका। उन्हें नई पीढ़ी को एक पुरानी विचारधारा बेचने का काम सौंपा गया था जो इस युग में सचमुच असंभव था। कॉमरेड येचुरी, आप ज्योति बसु और कार्ल मार्क्स से मिलने के लिए निकलने से पहले कुछ और साल इंतजार कर सकते थे।

# मायावती ने आरएसएस-भाजपा से सुपारी ली, उनका राजनीतिक अंत जरूरी: कांग्रेस

## राहुल गांधी पर बसपा प्रमुख के हमले को लेकर पार्टी ने किया जोरदार पलटवार

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** राहुल गांधी पर मायावती के हमले को लेकर पलटवार करते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सहयोग करने की सुपारी ले रखी है, इसलिए उनका राजनीतिक अंत जरूरी है। पार्टी नेता उदित राज ने यह आरोप भी लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल जब भी आरएसएस और भाजपा पर हमले करते हैं तो दर्द मायावती को होता है।

मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में की गई एक टिप्पणी को लेकर बुधवार को आरोप लगाया था कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष आरक्षण के बारे में भ्रामक बयान दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया था कि राहुल की कांग्रेस पार्टी ने ही केंद्र में अपने 10 साल के शासन के दौरान पदोन्नति में अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति आरक्षण विधेयक को पारित नहीं होने दिया।

उदित राज ने संवाददाताओं से बातचीत में मायावती पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया, भाजपा आरक्षण विरोधी है। राहुल गांधी आरक्षण को मजबूत करना चाहते हैं। जब भाजपा अपना बचाव नहीं कर पा रही है तो उसने अपने बचाव के लिए मायावती को हायर कर लिया है...जब राहुल गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा पर हमला करते हैं, तो दर्द मायावती जी को होता है। उन्होंने दावा किया, मायावती को (राजनीतिक रूप से) खत्म होना जरूरी है, क्योंकि उन्होंने आरएसएस और भाजपा का सहयोग करने का ठेका और सुपारी ले रखी है। कांग्रेस हमेशा सहानुभूति से देखती रही, अन्यथा बसपा इतने समय तक जिंदा नहीं रहती। उदित राज ने कहा, बसपा ने शुरू से ही कांग्रेस की आलोचना कर अपनी जमीन तैयार की है। इनका कभी भौतिक आधार नहीं रहा। कभी पर्दाफाश रैली की तो कभी सत्ता प्राप्त रैली की। बसपा ने हमेशा बाबासाहेब आंबेडकर जी को आगे रखकर कांग्रेस पर इमोशनल अत्याचार किया। साथ ही दुष्प्रचार किया कि कांग्रेस ने उन्हें चुनाव में हरवाया और भारत रत्न नहीं दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने जितना बाबासाहेब आंबेडकर के लिए किया, वह कोई नहीं कर सकता। वह कांग्रेस ही थी, जो बाबासाहेब आंबेडकर को संविधान सभा में लाई थी। वहीं जब आंबेडकर जी संविधान मसौदा समिति के प्रमुख बने तो उन्होंने खुद कहा था कि देश इस समिति का सदस्य बनना ही बड़ी बात है, लेकिन मुझे प्रमुख बनाया गया। फिर कांग्रेस पार्टी ने ही उन्हें कानून मंत्री भी बनाया था।

उनका कहना था कि 20 मई, 2007 में मायावती जी ने एक शासनादेश निकाला, जिसमें कहा गया था कि एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम-1989 में बदलाव होगा और यह केवल हत्या-बलात्कार के मामले में ही लागू होगा। बाकी अपराधों में साधारण कानून के तहत कार्वाई होगी। लेकिन जब हमने लड़ाई लड़ी तब उच्चतम न्यायालय ने कड़ी टिप्पणी की थी और कानून बहाल हुआ था। कांग्रेस नेता के अनुसार, यह दिखाता है कि इस कानून की हत्या मायावती ने की थी। उदित राज ने कहा, पदोन्नति में आरक्षण के मुद्दे पर भी हमने लड़ाई लड़ी थी, जिसमें हमने केस जीता, लेकिन मायावती जी ने फाइल की कार्यवाही पूरी नहीं की, जिसके चलते उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में कर्मचारी पदावनत हुए। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने आरक्षण को पूरी तरह लागू करने और इसकी सीमा बढ़ाने की बात की है। जब वह जाति जनगणना की बात करते हैं तो यह भी आबादी के हिसाब से अधिकार देने के लिए है।





**उदित राज ने आरोप भी लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल जब भी आरएसएस और भाजपा पर हमले करते हैं तो दर्द मायावती को होता है**

# भाजपा ने कहा-राहुल ने अमेरिका में अपने मूर्खतापूर्ण बयानों से देशद्रोह किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को राहुल गांधी के खिलाफ हमला तेज करते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने अमेरिका में अपने मूर्खतापूर्ण बयानों से देशद्रोह किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा, उन्होंने (राहुल ने) अमेरिका में भारत की जिस तरह की छवि पेश की है, उससे पूरा देश आहत हुआ है। राहुल गांधी ने अमेरिका में देशद्रोह किया है। पात्रा ने कहा कि विपक्ष का नेता होने का राहुल का अहंकार संसद में झलकता है और उनकी मूर्खता अमेरिका में दिखी। उन्होंने कहा, जब जाति को जाति के खिलाफ खड़ा किया जाता है, धर्म को धर्म के खिलाफ खड़ा किया जाता है और विदेश में सिखों के बारे में कड़ी टिप्पणियों की जाती हैं तो इसे राष्ट्रद्रोह कहा जाता है। पात्रा ने कहा कि जो लोग नहीं जानते कि विदेशी सरजमीं पर भारत को सही परिप्रेक्ष्य में कैसे पेश किया जाए और जो लगातार हमारी मातृभूमि की अवहेलना करने का प्रयास करते हैं, उन्हें गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा, हर कोई जानता है कि पनौती कौन है? पप्पू और पनौती साथ-साथ चलते हैं। पप्पू ने जो भी छुआ है, उसे विनाश का सामना करना पड़ा है... वह कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी पनौती हैं। पनौती शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर उस व्यक्ति के लिए किया जाता है जो अपने आस-पास के लोगों के लिए दुर्भाग्य या बुरी खबर लाता है। पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी के कांग्रेस में पद संभालने के बाद से पार्टी को चुनावों में लगातार हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा, लिख कर ले लीजिए, कांग्रेस तब तक नहीं उठेगी जब तक वह (राहुल गांधी) हैं। रॉकेट लॉन्च नहीं होगा क्योंकि इसमें कोई ईंधन नहीं है। पात्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य राहुल गांधी को किसी भी कीमत पर प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिए वे देश को बांटने तक और लोगों को एक दूसरे से लड़ाने के लिए तैयार हैं।

## लालू प्रसाद यादव की मुंबई के अस्पताल में एंजियोप्लास्टी की गई



**मुंबई।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की यहां एक अस्पताल में एंजियोप्लास्टी की गई। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यादव को 10 सितंबर को यहां एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया गया था और बुधवार को उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। सूत्रों ने बताया कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री यादव (76) को एक या दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। पूर्व केंद्रीय मंत्री यादव की वर्ष 2014 में एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में ऐओर्टिक वाल्व बदलने की सर्जरी की गई थी। उक्त सर्जरी छह घंटे में हुई थी। यादव उस समय 66 वर्ष के थे। वह 2018 और 2023 में स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल आए थे। सूत्रों ने बताया, यादव को 10 सितंबर, 2024 को डॉ. (संतोष) डोरा और डॉ. तिलक (सुवर्ण) द्वारा एंजियोप्लास्टी के लिए एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में फिर से भर्ती किया गया था।

## जयराम ठाकुर ने संजौली मस्जिद निर्माण के लिए दिए थे 2 लाख रुपए :अनिरुद्ध सिंह

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अपने कार्यकाल के दौरान संजौली मस्जिद के एक हिस्से के निर्माण के लिए दो लाख रुपए दिए थे और भाजपा अब राज्य में शांति भंग करने की कोशिश कर रही है। ठाकुर ने इसे निराधार बताते हुए कहा कि कांग्रेस के मंत्री अपनी विफलता छिपाने के लिए झूठ बोल रहे हैं और कांग्रेस आलाकमान के दबाव में अपना बयान बदल रहे हैं। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के साथ यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध ने कहा कि मस्जिद का एक हिस्सा कोविड के समय में बनाया गया था, तब भाजपा सत्ता में थी।

## नाबालिग लड़की से बंधुआ मजदूरी कराने के आरोप में सपा विधायक को नोटिस

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक जाहिद बेग और उनकी पत्नी को श्रम विभाग ने 17 वर्षीय लड़की से ढाई साल तक बाल बंधुआ मजदूरी कराने के आरोप में नोटिस जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विधायक के आवास पर बृहस्पतिवार की दोपहर नोटिस भेजा गया और एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा गया है। यह कार्वाई सोमवार को बेग के घर में घरेलू सहायिका के तौर पर काम करने वाली एक अन्य किशोरी द्वारा आत्महत्या के बाद की गई। विधायक के घर से मंगलवार को मुक्त कराई गई एक अन्य किशोरी को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करने के बाद देखभाल के लिए एक सामाजिक संगठन के सुपुर्द कर दिया गया। श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुक्त कराई गई लड़की की मेडिकल जांच में उसकी उम्र 17 वर्ष बताई गई है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष पी.सी. उपाध्याय ने लड़की का बयान दर्ज किया और श्रम विभाग को साक्ष्य के आधार पर उचित कार्वाई करने का निर्देश दिया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी जे.पी. सिंह ने बताया, श्रम विभाग ने विधायक जाहिद बेग और उनकी पत्नी को नोटिस भेजा है जिसमें उन पर 17 वर्षीय लड़की को बंधक बनाकर रखने और बिना वेतन के उससे काम कराने का आरोप लगाया गया है। सिंह ने कहा कि विधायक और उनकी पत्नी को लड़की के नए खुले बैंक खाते में ढाई साल के मेहनताने की रकम जमा करानी होगी। एक सप्ताह के भीतर नोटिस का जवाब न देने पर आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग भदोही के उप-जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में बेग और उनकी पत्नी के खिलाफ मामला दायर करेगा।

## एएसआई की टीम 18 सितंबर को भगवान जगन्नाथ के रत्न भंडार का निरीक्षण करेगी

**पुरी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम 18 सितंबर को पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के आंतरिक और बाहरी कक्षों का निरीक्षण करेगी। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एसजेटीए ने एक बयान में कहा कि एएसआई ने संबंधित अधिकारियों को सूचित किया है कि अतिरिक्त महानिदेशक (संरक्षण) और सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों के नेतृत्व में एक टीम आगामी सप्ताह रत्न भंडार का प्रारंभिक निरीक्षण और तकनीकी सर्वेक्षण करेगी। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरविंद पाधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अधिकारियों और संबंधित सेवायतों के साथ चर्चा के बाद, सरकार द्वारा अनुमोदित एसओपी के अनुसार 18 सितंबर को (रत्न भंडार के) निरीक्षण का निर्णय लिया गया है।

## नाबालिग लड़की से बलात्कार के दोषी दो लोगों को 20-20 साल कैद

**बरेली।** बरेली जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने पांच साल पहले एक नाबलिग लड़की से बलात्कार के मामले में दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए 20-20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अदालत) उमाशंकर कहार ने सागर उर्फ शंकरलाल (34) और छोटेलाल उर्फ भजनलाल (37) को 16 वर्षीय लड़की से बलात्कार का दोषी पाया।विशेष लोक अभियोजक राजीव तिवारी ने बताया, अदालत ने बुधवार को दोनों आरोपियों को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई और उन पर 12,500-12,500 रुपए का जुर्माना भी लगाया। तिवारी ने बताया कि लड़की के पिता ने नवाबगंज थाने में लिखित शिकायत दी थी कि 23 दिसंबर 2019 की रात 11 बजे उनकी बेटी लघुशंका निवारण के लिए उठी तो आरोपियों ने उसका मुंह बंद कर दिया और उसे जबरन गन्ने के खेत में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया।

## पुलिस कार्रवाई के खिलाफ बंद का आह्वान, मंडी में मुस्लिमों ने मस्जिद के अनाधिकृत हिस्से को ढहाया

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिमला के संजौली में एक मस्जिद के अनधिकृत हिस्से को गिराने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में बृहस्पतिवार को यहां तीन घंटे के बंद के दौरान दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। इस बीच, मंडी में मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने शहर के जेल रोड स्थित एक मस्जिद के अनधिकृत हिस्से को खुद ही ध्वस्त कर दिया। निर्माण उस जमीन पर किया गया था जो लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की थी। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग और नगर निगम, दोनों ने मस्जिद प्रबंधन को नोटिस दिया था।शिमला में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े शिमला व्यापार मंडल ने सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक बंद का आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त कार्यालय तक मार्च निकाला और एक रैली आयोजित की। व्यापारियों के संगठन के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने दावा किया कि पूर्ण बंद शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल में 3,600 सदस्य हैं और शिमला शहर के बाहरी इलाकों की दुकानें भी बंद रहीं। बैरिकेड तोड़ने के बाद हिंदू समूहों के प्रदर्शनकारियों पर बुधवार को दो बार लाठीचार्ज किया गया और उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया गया। इसमें छह पुलिसकर्मियों समेत दस लोग घायल हो गए थे।

## एमएसएमई और कृषि उद्यमियों को बिज़नेस मैनेजमेंट व क्षमता निर्माण का प्रशिक्षण मिलेगा

**नई दिल्ली।** क्रॉप न्यूट्रिशन कंपनीए यारा इंडिया ने भारत में यारा लीडरशिप एकेडमी ;वाईएलएद्ध के दूसरे कोहोर्ट का लॉन्च किया है। पहले कोहोर्ट को मिली अपार सफलता के बाद वाईएल, कोहोर्ट 2 का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में माइक्रो, स्मॉल एवं मीडियम एंटरप्राईज़ के नेतृत्व और बिज़नेस मैनेजमेंट की क्षमताओं में सुधार लेकर आना है। इसके मुख्य पार्टनर यूनिफायर्स सोशल वेंचर्सऔर कनेक्टेड टेक्नोलॉजीज़ एलएलपी हैं। इस अभियान के बारे में संजीव कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर साउथ एशिया ने कहा कि यारा में हम एक ऐसे भविष्य की कल्पना करते हैं, जिसमें कृषि न केवल उत्पादक बनेए बल्कि मजबूत और समानतापूर्ण भी हो।

## मंत्री की बेटी शरद पवार की पार्टी में शामिल पिता के खिलाफ लड़ सकती हैं विस चुनाव

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता धर्मराव बाबा आत्राम की बेटी भाग्यश्री आत्राम उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा रोकने की बार-बार कोशिशों के बावजूद बृहस्पतिवार को राकांपा-शरदचंद्र पवार में शामिल हो गईं।राकांपा-एसपी की राज्य इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल और पार्टी नेता अनिल देशमुख गढ़चिरौली जिले के अहेरी में आयोजित उस समारोह में मौजूद थे, जिसमें भागयश्री विपक्षी दल में शामिल हुईं।इस घटनाक्रम के बाद ऐसी अटकलें लगाई जा रही है कि नवंबर में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों में भाग्यश्री और उनके पिता के बीच चुनावी टक्कर हो सकती है।धर्मराव अहेरी से ही विधायक हैं।भाग्यश्री ने कहा कि जब उनके पिता को नक्सलियों ने अगवा कर लिया था तब शरद पवार ने ही उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की थी। उन्होंने कहा, यह (शरद पवार के प्रति) आभार व्यक्त करने का मेरा तरीका है। उन्होंने दुख जताया कि महाराष्ट्र में मूल राकांपा से अलग हुए अजित पवार गुट के शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने के बाद उनके (भाग्यश्री के) पिता ने शरद पवार का साथ छोड़ दिया था। नक्सलियों ने 1991 में धर्मराव आत्राम का अपहरण करके उन्हें बंधक बना लिया था। नक्सली जेल से अपने समर्थकों की रिहाई की मांग कर रहे थे और उस समय शरद पवार राज्य के मुख्यमंत्री थे। पाटिल ने कहा कि भाग्यश्री को अपने पिता का फैसला मंजूर नही था। उन्होने कहा, हमने पार्टी मे उनकी (भाग्यश्री) वापसी को टाल दिया, क्योंकि हम देखना चाहते थे कि क्या वह अपने फैसले पर अडिग है।

## बायो-ई3 नीति भारत में जैव-क्रांति का सूत्रपात करेगी: जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार की बायो-ई3 नीति भारत को वैश्विक जैव-अर्थव्यवस्था के अगुवा के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह पश्चिमी दुनिया में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्रांति के समान भारत में जैव क्रांति को जन्म देगी। पिछले महीने पेश की गई बायो-ई3 नीति का उद्देश्य विशेष रसायन, एंजाइम, बायो-पॉलिमर, स्मार्ट प्रोटीन, पशु चिकित्सा उत्पादों, सटीक जैव-चिकित्सा के नवाचार एवं जैव-विनिर्माण के लिए जैविक संसाधनों के टिकाऊ और कुशल उपयोग को सुगम बनाना है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सिंह ने यहां वैश्विक जैव-भारत सम्मेलन 2024 को संबोधित करते हुए कहा कि यह नीति भारत को वैश्विक जैव-अर्थव्यवस्था के अगुवा के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने वैश्विक जैव-प्रौद्योगिकी मंच को अहम बताते हुए कहा कि यह स्टार्टअप, एसएमई, बड़े उद्योगों, शोध संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय निकायों समेत विभिन्न हितधारकों को साथ लेकर आता है।

## ई वेस्ट अवेयरनेस कार्यक्रम शुरू

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन ;एआईसीटीईद्ध और ओप्पो इंडिया ने आज देश में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट जागरुकता अभियान ;ई.वेस्टद्ध के अंतर्गत रामजस कॉलेजए दिल्ली यूनिवर्सिटी में ष्जनरेशन ग्रीनष् अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की। इसके साथ ही यह कॉलेज इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहला ष्ईको.कॉन्शियस चैंपियन इंस्टीट्यूटष् बन गया है। ओप्पो इंडिया और एआईसीटीई ने कार्यक्रम के पहले चरण में भारत में कॉलेजों के युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान करके उनमें हरित कौशल को बढ़ावा दिया। इन इंटर्नशिप्स के लिए 1ए400 से ज्यादा संस्थानों के 9ए000 से ज्यादा विद्यार्थियों ने आवेदन किया थाए जिनमें से 5000 विद्यार्थियों का चयन किया गया। अब इन विद्यार्थियों को जागरुकता के सत्रोंए ई.सर्वेए ग्रीन डे जश्न के आयोजनों जैसी सस्टेनेबिलिटी की गतिविधियों में लगाया जा रहा है।

# क्षेत्रीय संपर्क योजना ने हवाई यात्रा को बना दिया समावेशी : पीएम मोदी



नई दिल्ली। (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को भारतीय नागर विमानन क्षेत्र की वृद्धि संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना उड़ान के साथ हवाई यात्रा अब समावेशी हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां नागर विमानन पर दूसरे एशिया-प्रशांत मंत्री-स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षेत्र आर्थिक वृद्धि में प्रमुख भूमिका निभाता है और इसमें तमाम नौकरियां पैदा होती हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाने चाहिए कि आसमान सभी के लिए खुला रहे और लोगों का उड़ान भरने का सपना पूरा हो सके। मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए लाई गई उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के तहत 1.4 करोड़ लोग हवाई यात्रा कर चुके हैं। इसने निम्न मध्यम वर्ग के लोगों का भी उड़ान भरने का सपना पूरा किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश का बढ़ता मध्यम वर्ग और उनसे पैदा हो रही मांग नागर विमानन क्षेत्र के लिए प्रेरक शक्ति है और उड़ान योजना ने हवाई यात्रा को समावेशी बना दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार देश को उन्नत हवाई परिवहन के लिए तैयार कर रही है और जल्द ही हवाई टैक्सी एक हकीकत बन जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में एक अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सर्किट बनाने का सुझाव दिया। बुधवार को शुरू हुए इस सम्मेलन में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के परिवहन और विमानन मंत्री, नियामकीय निकाय और उद्योग विशेषज्ञ एकत्र हुए हैं। सम्मेलन में 29 देशों के लगभग 300 प्रतिनिधि शामिल हुए।

# डोभाल ने सेंट पीटर्सबर्ग में पुतिन से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** (भाषा) यूक्रेन विवाद का समाधान खोजने के लिए नए सिरे से किए जा रहे प्रयासों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बृहस्पतिवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। यह मुलाकात सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सम्मेलन के दौरान हुई। बातचीत में पुतिन ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने वार्षिक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के कजान की यात्रा करेंगे। रूस के राष्ट्रपति ने द्विपक्षीय साझेदारी का विश्लेषण करने और भविष्योन्मुखी कार्यों पर चर्चा करने के लिए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान 22 अक्टूबर को मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक का भी प्रस्ताव रखा। रूसी मीडिया ने डोभाल के साथ बैठक में पुतिन के बयानों के हवाले से कहा, हम अपने अच्छे दोस्त मोदी का इंतजार कर रहे हैं और उन्हें शुभकामनाएं। एनएसए ने बुधवार को अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु के साथ व्यापक बातचीत की और परस्पर हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। समझा जाता है कि 23 अगस्त को कीव में मोदी की यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ हुई बातचीत का मुद्दा भी दोनों एनएसए के बीच बातचीत में आया। रूस में भारतीय दूतावास ने डोभाल और शोइगु के बीच बातचीत पर कहा, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। डोभाल की रूस यात्रा मोदी द्वारा यूक्रेन की राजधानी कीव की उच्चस्तरीय यात्रा करने के ढाई सप्ताह बाद हुई है। जेलेंस्की के साथ अपनी बातचीत में मोदी ने कहा था कि यूक्रेन और रूस दोनों को युद्ध को समाप्त करने के लिए बिना समय बर्बाद किए एक साथ बैठना चाहिए और भारत इस क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत संघर्ष की शुरुआत से ही शांति के पक्ष में रहा है और वह संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए व्यक्तिगत रूप से भी योगदान देना चाहेंगे। मोदी की यूक्रेन की लगभग नौ घंटे की यात्रा, 1991 में उस देश की स्वतंत्रता के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। यह मास्को में पुतिन के साथ उनकी शिखर वार्ता के छह सप्ताह बाद हुई। पिछले कुछ दिन में रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता को आगे बढ़ाने में भारत की संभावित भूमिका को लेकर मांग उठी है क्योंकि नई दिल्ली के दोनों देशों के साथ अच्छे संबंध हैं।

## अगले दशक में दुनिया की आर्थिक वृद्धि में 20 प्रतिशत का योगदान देगा भारतः अमिताभ कांत

**नई दिल्ली।** (भाषा) जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा है कि अगले दशक में दुनिया की कुल वृद्धि में 20 प्रतिशत योगदान भारत का होगा। इसका प्रमुख कारण यह है कि देश वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। ांत ने यहां आइमा के सम्मेलन में कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा, अगले तीन साल में, हम जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। एक ऐसी दुनिया में जो वृद्धि के लिए आकांक्षी है...दूसरी तरफ भारत वृद्धि को गति देने वाली एक बहुत ही मजबूत शक्ति के रूप में उभरा है। कांत ने कहा कि अगले दशक में दुनिया की कुल वृद्धि में 20 प्रतिशत का योगदान भारत का होगा। उन्होंने कहा, आज हम जो देख रहे हैं वह हमारी आर्थिक स्थिति में पीढ़ियों में एक बार होने वाला बदलाव है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने निकले डीएम, हाल जाना

**उरई (जालौन)।** गुरुवार को विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने जनपद की कोंच तहसील क्षेत्र के सलैया बुजुर्ग बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील कोंच के संभावित बाढ़ प्रभावित ग्राम सलैया बुजुर्ग का भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से स्थिति की जानकारी ली। तो वहीं सदर उप जिलाधिकारी ने बेतवा नदी किनारे बसे सिकरी व्यास नाव से पहुंची जहां पर उन्होंने ग्रामीणों से बाढ़ की स्थिति में बारे में जानकारी लेकर स्वयं भी नदी में बढ़ रहे पानी से ग्रामीणों को दूर रखने की सीख भी दी।जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ को देखते हुए पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था व एसडीआरएफ टीम तैनात कर दी गई है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर बाढ़ प्रभावितों को सुगमता से सुरक्षित स्थल पर बनाई गई राहत शिविर उच्च प्राथमिक विद्यालय में विस्थापित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए, राहत शिविर पर आवश्यकता अनुसार चिकित्सा टीम तैनात कर दी जाए तथा यहां प्रयाप्त मात्रा में सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रहें, आवश्यकतानुसार लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं का सुगमता से पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गांव के प्रभावित व्यक्तियों को राहत शिविर में पहुंचा जा रहा है उनके खाने-पीने का इंतजाम की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। पशुओं को भी सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है उनके समुचित व्यवस्था जैसे भूसा, चारा, घास आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहें।



## यमुना का जलस्तर चौथी बार लगातार बढ़ने से प्रशासन अलर्ट

कालपी (जालौन)। यमुना नदी के जलस्तर में दो दिनों में 2 मीटर की वृद्धि हुई है। बाढ़ से सड़क का रपटा डूब जाने के कारण मगरौल-पड़री मार्ग में आवागमन लगातार तीसरे भी ठप्प रहा। संभावित बाढ़ की संभावनाओं को मद्देनजर रखते हुए उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने यमुना नदी के तटवर्ती स्थानों का निरीक्षण कर नागरिकों को सतर्कता बनाये रखने का सुझाव दिया है। केन्द्रीय जल आयोग केंद्र कालपी के प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि 10 सितम्बर को यमुना नदी का कालपी में जल स्तर 101.66 मी दर्ज किया गया था। 11 सितंबर को जलस्तर 103.400 मीटर पर पहुंच गया था। जबकि जलस्तर बढ़ जाने से यमुना नदी कालपी में जलस्तर 103.10 मीटर मीटर पर पहुंच गया है। खतरे का लाल निशान 108 मीटर पर अंकित है इस दृष्टिकोण से साढ़े पौने 5 मीटर खतरे के निशान से नीचे यमुना नदी कालपी में वह रही है। यमुना नदी के जलस्तर में 2-3 सेमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ोत्तरी हो रही है।

## भारत, चीन ने नागर विमानन सहयोग सीधी उड़ानें बहाल करने पर चर्चा की: नायडू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि भारत और चीन ने नागर विमानन क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की है। हालांकि, कुछ घंटों बाद ही उन्होंने बिना कोई स्पष्टीकरण दिए इस पोस्ट को हटा दिया। उन्होंने इसपर कोई संशोधित पोस्ट भी नहीं डाला। नायडू, नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनम और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी में नागर विमानन पर एशिया प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के अवसर पर चीन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।नायडू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सोंग झियोंग के नेतृत्व में एक चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ शिष्टाचार बैठक की।मंत्री ने कहा कि बैठक में दोनों देशों के बीच नागर विमानन सहयोग को और मजबूत करने, विशेष रूप से दोनों देशों के बीच अनुसूचित यात्री उड़ानों को शीघ्र बहाल करने के संबंध में विचारों के आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# रूस, यूक्रेन की सहमति से ही वार्ता संभव : जयशंकर

भाषा। जिनेवा

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत उन कुछ देशों में शामिल है जो युद्ध के मैदान के बाहर समाधान खोजने के लिए रूस और यूक्रेन दोनों के साथ बात करने की क्षमता रखते हैं, लेकिन जोर दिया कि बातचीत तभी हो सकती है जब दोनों पक्षों की सहमति हो।स्विट्जरलैंड के इस शहर में थिंकटैंक जिनेवा सेंटर फॉर सिक्योरिटी पॉलिसी में दूत जीन-डेविड लेविट के साथ एक संवाद में जयशंकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की रूस और यूक्रेन की यात्रा, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की, के बारे में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने युद्ध के मैदान के बाहर समाधान खोजने के भारत के घोषित रुख को दोहराया। इस पर विस्तार से चर्चा करने के बाद, जयशंकर ने कहा, हम सैन्य समाधान नहीं प्राप्त करने जा रहे हैंअ इसका कूटनीतिक और बातचीत के माध्यम से समाधान होना चाहिए और कहा कि बातचीत की शर्तें तय करना पक्षों पर निर्भर है। रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति पर चर्चा करने के पश्चिम के एकतरफा प्रयासों का परोक्ष संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा, आप जानते हैं, वार्ता एक पक्ष और उसके सभी समर्थकों के एकसाथ आने से नहीं हो सकती।



## विदेश मंत्री ने जिनेवा में गांधी को श्रद्धांजलि दी

**जिनेवा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को यहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करके स्विट्जरलैंड की अपनी दो दिवसीय यात्रा शुरू की। जयशंकर तीन देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण के तहत जर्मनी से यहां पहुंचे। इस यात्रा के दौरान वह सऊदी अरब भी गए थे। उन्होने एक्स पर एक पोस्ट मे कहा, महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करके जिनेवा की अपनी यात्रा की शुरुआत की। ध्रुवीकरण और टकराव की इस दुनिया मे, बापू (महात्मा गांधी) का सद्भाव और शांति का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। जिनेवा मे बड़ी संख्या मे संयुक्त राष्ट्र निकायो और अंतरराष्ट्रीय संगठनो के कार्यालय स्थित है। अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर उन अंतरराष्ट्रीय संगठनो के प्रमुखो और प्रतिनिधियो से मुलाकात करेंगे।

## ब्रिक्स की आवश्यकता के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने पूछा : जी7 क्यों?

**जिनेवा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को इस तर्क को खारिज कर दिया कि ब्रिक्स नामक एक और क्लब की कोई आवश्यकता नही है, और कहा कि वह समूह को लेकर विकसित दुनिया मे असुरक्षा से आहत है। यहां विचारक संस्था (थिंक टैंक) ग्लोबल सेंटर फॉर सिक्योरिटी पॉलिसी मे राजदूत जीन-डेविड लेविट के साथ बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि अगर जी-20 के रहते जी-7 का अस्तित्व रह सकता है, तो कोई कारण नही है कि ब्रिक्स का अस्तित्व न हो।वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद मे 27 प्रतिशत का योगदान देने वाले ब्रिक्स की स्थापना ब्राजील, रूस, भारत और चीन द्वारा की गई थी। बाद मे दक्षिण अफ्रीका इसमे शामिल हो गया, और जनवरी 2024 मे पांच नए देश - ईरान, सऊदी अरब, मिस्र, यूएई और इथियोपिया - इस समूह मे शामिल हुए।

# भारत के पनडुब्बी रोधी अभियानों में इस्तेमाल होने वाला उपकरण सोनोबॉय बेचेगा अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका ने** भारत को 5 . 28 करोड़ अमेरिकी डॉलर कीमत में हाई-एल्टिट्यूड एंटी-सबमरीन वारफेयर (एचएएएसडब्ल्यू) उपकरण बेचने का फैसला किया है, जिससे पनडुब्बी रोधी अभियानों में भारत की क्षमता बढ़ने की उम्मीद है। सोनोबॉय नामक इस उपकरण को विमान से हवा में छोड़ा जा सकता है। इसमें इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सेंसर लगे होते हैं। इन सेंसर का इस्तेमाल करके पानी के नीचे होने वाली आवाजों को कहीं दूर लगे प्रोसेसर तक पहुंचाया जाता है। ए प्रभावी और किफायती पनडुब्बी रोधी उपकरण (एएसडब्ल्यू) हैं, जिनका उपयोग लड़ाकू विमानों से किया जा सकता है। शस्त्र निर्यात नियंत्रण



अधिनियम के अनुसार, अमेरिकी संसद के पास बिक्री की समीक्षा करने के लिए 30 दिन हैं। संसद की अधिसूचना के अनुसार, भारत ने एएनाएसएसक्यू-53ओ हाई एल्टीट्यूड एंटी-सबमरीन वारफेयर (एचएएएसडब्ल्यू) सोनोबॉयअ एएनाएसएसक्यू-62एफ एचएएएसडब्ल्यू सोनोबॉयअ और एएनाएसएसक्यू-36 सोनोबॉय खरीदने का अनुरोध किया था। इनकी कुल अनुमानित कीमत 5.28 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। अधिसूचना में कहा गया है कि इस प्रस्तावित बिक्री से अमेरिका-भारत सामरिक संबंधों को मजबूती मिलेगी और एक प्रमुख रक्षा साझेदार (भारत) की सुरक्षा में सुधार होगा, जो हिंद-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्रों में राजनीतिक स्थिरता, शांति व आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बना हुआ है। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 23 अगस्त को भारत को एंटी-सबमरीन वारफेयर सोनोबॉय और संबंधित उपकरण बेचने को मंजूरी दी थी, जिनकी अनुमानित कीमत 5.28 करोड़ अमेरिकी डॉलर है।

## अमेरिका के लॉस एंजिलिस में भूकंप के झटके

**लॉस एंजिलिस।**अमेरिका के लॉस एंजिलिस मे बृहस्पतिवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने मालिबू से सात किलोमीटर उत्तर में केंद्रित 4.7 तीव्रता के भूकंप की जानकारी दी। यूएसजीएस ने कहा कि भूकंप का केंद्र जमीन से 11 किलोमीटर नीचे था। ऑरेंज काउंटी मे 72 किलोमीटर दूर तक झटके महसूस किए गए। कैलिफोर्निया के गवर्नर ऑफिस ऑफ इमरजेंसी सर्विसेज ने बताया कि वह स्थिति पर नजर बनाए हुए है और किसी भी तरह के नुकसान का पता लगाया जा रहा है। इस साल इस क्षेत्र मे कई भूकंप आए है। अगस्त मे लॉस एंजिलिस क्षेत्र से लेकर सैन डिएगो तक 4.4 तीव्रता के भूकंप महसूस किए गए थे।

## वीवो का नवाचार पर जोर

ग्लोबल। इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने वीवो टी3 सीरीज में अपना लेटेस्ट एडिशन वीवो टी3 अल्ट्रा 5जी लॉन्च किया। टी3 अल्ट्रा 5जी वीवो द्वारा अल्ट्रा सीरीज में पहला स्मार्टफोन है और यह सीरीज टी पोर्टफोलियो में सबसे प्रीमियम स्मार्टफोन होगा। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए वीवो इंडिया के ऑनलाइन बिजनेस हेड पंकज गांधी ने कहा कि भारत में वीवो टी3 अल्ट्रा 5जी लाते हुए हमें खुशी हो रही है। यह स्मार्टफोन हमारेअल्ट्रा सीरीज़ का डेब्यू है जो उन्नत प्रदर्शन, इमेजिंग क्षमताओं और टिकाऊपन का संतुलन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अल्ट्रा 5जी दो ट्रेंडी रंगों फ्रॉस्ट ग्रीन और लूनर ग्रे में उपलब्ध होगा और इसकी कीमत 8जीबी, 128जीबी वैरिएंट के लिए 31999 रूपये सभी करों सहित 8जीबी ̣ 256जीबी वैरिएंट के लिए 33999 रूपये सभी करों सहित और 12जीबी ̣ 256जीबी वैरिएंट के लिए 35999 रूपये ;सभी करों सहितद्ध होगी।

## अमेरिका : फिल्म निर्माता हार्वे वेनस्टेन पर यौन अपराध के अतिरिक्त आरोप तय

**न्यूयॉर्क।** फिल्म निर्माता हार्वे वेनस्टेन पर न्यूयॉर्क में दोबारा सुनवाई से पहले यौन अपराध के अतिरिक्त आरोप तय किए गए है। मैनहट्टन के अभियोजक ने बृहस्पतिवार को अदालती सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि वेनस्टेन के खिलाफ अगली सुनवाई तक अभियोग पत्र सीलबंद रहेगा, जो 18 सितंबर को निर्धारित है। वेनस्टेन (72) सोमवार को मैनहट्टन अस्पताल मे हुई आपातकालीन हृदय शल्य चिकित्सा से उबर रहे है और बृहस्पतिवार की सुनवाई मे उपस्थित नही थे। मैनहट्टन जिले के अटॉर्नी एल्विन ब्रैग के कार्यालय ने एक अदालती सुनवाई मे खुलासा किया कि अभियोजको ने वेनस्टेन के खिलाफ यौन अपराधो से जुड़े तीन अतिरिक्त आरोपो के साक्ष्य ग्रैंड जूरी के समक्ष प्रस्तुत करना शुरू कर दिया है।

## पाकिस्तान : पुलिसकर्मी ने ईशनिंदा के संदिग्ध की थाने में गोली मारकर हत्या की

**क्वेटा (पाकिस्तान)।** दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान के क्वेटा शहर मे बृहस्पतिवार को एक थाने मे पुलिसकर्मी ने ईशनिंदा के आरोपी की गोली मारकर हत्या कर दी। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। मारे गए व्यक्ति की पहचान सैयद खान के रूप मे हुई है। अधिकारियो ने बताया कि पुलिस ने व्यक्ति को उग्र भीड़ से बचाया था और उसे अपने साथ ले गई थी। उसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। लोगो का दावा था कि व्यक्ति ने पैगंबर मोहम्मद का अपमान किया है। पुलिस अधिकारी मोहम्मद खुर्म के अनुसार, गोलीबारी मे शामिल अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। खुर्म ने विस्तृत जानकारी नही दी। पाकिस्तान मे पुलिस हिरासत मे संदिग्धो की मौत के मामले आम तौर पर सामने नही आते है जबकि महज अफवाहो के आधार पर ईशनिंदा के आरोप वहां आम बात है और अक्सर इसकी वजह से दंगे भड़क उठते है। ऐसे मामलो मे संदिग्ध भीड़ के हाथो मौत के शिकार भी हो जाते है।

# उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागी : दक्षिण कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को समुद्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक दिन पहले ही दुश्मनों के साथ लड़ाई में देश की परमाणु क्षमता को पूरी तरह से तैयार रखने का संकल्प लिया था। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उसे उत्तर कोरिया की राजधानी से दागी गई मिसाइलों का पता चला जो 360 किलोमीटर की दूरी पर कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र क्षेत्र में जाकर गिरीं।



जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने अधिकारियों को जहाजों एवं विमान की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया लेकिन तत्काल किसी क्षति की कोई सूचना नहीं है। मिसाइलों ने जितनी दूरी तय की है उससे प्रतीत होता है कि इन्हें दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने के इरादे से विकसित किया गया है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने मिसाइल दागे जाने की निंदा की और उसे उकसावे वाला कृत्य बताया और कहा कि इससे कोरियाई प्रायद्वीप में शांति को गंभीर खतरा है।

# स्पेसवॉक के अंतरिक्षयान से पहली निजी स्पेसवॉक के लिए बाहर निकले अरबपति इसाकमैन

**केप केनावेरल।** अरबपति उद्योगपति जेयर्ड इसाकमैन बृहस्पतिवार को पहली निजी स्पेसवॉक के लिए निजी अंतरिक्ष यान स्पेसएक्स से निकले। इसाकमैन और उनके दल ने हैच खुलने से पहले अपने कैप्सूल का दबाव कम होने तक इंतजार किया। इसाकमैन बाहर निकले और अब तक स्पेसवॉक करने वाले कुछ एक लोगों में शामिल हो गए। इनमें अब तक एक दर्जन देशों के केवल पेशेवर अंतरिक्ष यात्री शामिल थे इसाकमैन ने कहा, घर वापस जाकर, हम सभी के पास करने के लिए बहुत काम है। लेकिन यहां से, यह निश्चित रूप से एक आदर्श दुनिया की तरह दिखता है। इसाकमैन ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ मिलकर पांच दिन की यह अंतरिक्ष यात्रा प्रायोजित की है जिसका मुख्य उद्देश्य व्यावसायिक स्पेसवॉक या अंतरिक्ष में चहलकदमी है। कठोर निर्वात से खुद को बचाने के लिए यान में सवार चारों लोगों ने स्पेसएक्स के नए स्पेसवॉकिंग सूट पहने। उन्होंने मंगलवार को फ्लोरिडा से उड़ान भरी थी। पहले इसाकमैन ने करीब 15 मिनट तक कैप्सूल के बाहर चहलकदमी की जिसके बाद स्पेसएक्स की इंजीनियर सारा गिलिस बाहर निकलीं।

## क्विक न्यूज

## बिहार में कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अभियान पर आधारित बीबीसी की फिल्म

**लंदन।** बीबीसी की एक नई डॉक्यूमेंट्री एक भारतीय पत्रकार के वीडियो पर आधारित है जिसमे उनके गृह राज्य बिहार मे कन्या भ्रूण हत्या की समस्या तथा इसके खिलाफ जमीनी स्तर पर चलाए जा रहे अभियान को दिखाया गया है। यह इस सप्ताह रिलीज की जाएगी। अमिताभ पराशर की द मिडवाइफ्स कन्फेशन को शनिवार से दो भागो मे ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) समाचार चैनल पर प्रसारित किया जाएगा। यह उन दाइयों के अभूतपूर्व फुटेज पर आधारित है, जिन्होने वर्षो से कटिहार और उसके आसपास के क्षेत्रो मे घरेलू प्रसव मे सहायता की है। यह भ्रूण हत्या के परेशान करने वाले इतिहास को दर्शाती है और यह भी बताती है कि कैसे उन्ही दाइयों के साथ काम करते हुए अनिला कुमार के अभियान ने इस समस्या से निपटने में मदद की। पराशर ने सिरो देवी नामक एक दाई से पूछा, हत्याओ का असली कारण क्या है? उन्होने कहा, असली कारण दहेज है। कोई और कारण नही है। लड़को को उच्च माना जाता है, और लड़कियो को निम्न माना जाता है। इस डॉक्यूमेंट्री का फिल्मांकन, निर्माण और निर्देशन पिछले दो वर्षो मे बीबीसी वर्ल्ड सर्विस की वैश्विक डॉक्यूमेंट्री शाखा बीबीसी आई इन्वेस्टिगेशन्स के लिए पत्रकारो और फिल्म निर्माताओ की एक टीम द्वारा किया गया है।

## एक्सेल एआई में 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर देगा

नई दिल्ली। अग्रणी ग्लोबल वेंचर कैपिटल फर्म, एक्सेल ने आज एक्सेल ऐटम्स 4.0 लॉन्च करने की घोषणा की। यह इसके प्री-सीड स्केलिंग प्रोग्राम का चौथा संस्करण है। पिछले तीन संस्करणों की सफलता के आधार पर इस प्रोग्राम को संस्थापकों की 0 से 1 तक की यात्रा को आसान बनाने के लिए डिजाईन किया गया है। एक्सेल ऐटम्स 4.0 प्री-सीड स्टार्टआपस की दो श्रेणियों (1) 'भारत' के लिए निर्माण करने वाले और (2) एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का आकर्षक ऐप्लिकेशन है। एक्सेल के लिए 'भारत' का अर्थ टियर-2, टियर-3 और भारत के ग्रामीण इलाकों में फैले मध्यम आय वर्ग के परिवारों से है। एक्सेल ऐटम्स 4.0 तीन महीने का एक हाइब्रिड प्रोग्राम है। आइडिया के स्टेज वाली एवं प्रि-प्रोडक्ट कंपनियों सहित, प्री-सीड स्टेज वाले स्टार्टअप्स इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने योग्य हैं। चयनित स्टार्टअप कंपनियों को इक्विटी या कंवर्टिबल नोट के माध्यम से 1 मिलियन यूएस डॉलर तक की वित्तीय मदद और एक्सेल के नेटवर्क पार्टनरों से 5 मिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के ऐक्सेस अनुलाभ मिलेंगे। एक्सेल ऐटम्स 4.0 में संस्थापकों को भी एक्सेल की वैश्विक कम्युनिटी तक पहुँच प्राप्त होगी। इस कम्युनिटी में 200 से अधिक संस्थापक, मार्गदर्शक और संभावित ग्राहक शामिल हैं। एक्सेल के पार्टनर, आनंद डेनियल ने कहा कि, भारत के जबरदस्त अवसर हैं और हमें इस अवसर से ढेरों बिलियन डॉलर क्षमता वाले स्टार्टअप्स के उभरने की उम्मीद है।

## ब्रिटेन के पहले पगड़ीधारी सिख सांसद धेसी को रक्षा समिति का अध्यक्ष चुना गया

**लंदन।** ब्रिटेन के पहले पगड़ीधारी सिख सांसद तनमनजीत सिंह धेसी को नई संसद की रक्षा समिति का अध्यक्ष चुना गया है। धेसी को मतदान के बाद बुधवार को चुना गया। स्लो क्षेत्र से लेबर सांसद को 563 वैध वोटो मे से 320 वोट मिले। उनके प्रतिद्वंद्वी लेबर सांसद डेरेक ट्विग को 243 वोट मिले। धेसी ने कहा, मुझे रक्षा समिति का अध्यक्ष चुने जाने पर खुशी है। मै सदन के अपने सहयोगियो को मुझ पर भरोसा जताने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होने कहा, देश और विदेश मे हम जिन खतरो का सामना कर रहे है वे पैमाने और जटिलता, दोनो ही लिहाज से बढ़ रहे है। रक्षा समिति के अध्यक्ष के रूप मे मै यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करूंगा कि हमारा देश इन चुनौतियो का सामना कर सके। मै सशस्त्र बलो के कर्मियो और वरिष्ठो (बहादुर लोग जो हमारी सुरक्षा और संरक्षा मे अमूल्य योगदान देते है) के लिए संसद मे आवाज बुलंद करूंगा। धेसी को बधाई देते हुए पूर्व भारतीय सांसद तरलोचन सिंह (जो संक्षिप्त दौरे के तहत फिलहाल ब्रिटेन मे है) ने कहा, धेसी का सेना, नौसेना, वायुसेना से संबंधित प्रतिष्ठित संसदीय समिति का अध्यक्ष चुना जाना पूर्व के दो संसदीय कार्यकाल मे उनकी भूमिका को सम्मान देना है।

## लंदन के नथिंग ने नेटवर्क का किया विस्तार

**केएनपी।** लंदन का कंज्यूमर टेक ब्रांड नथिंग में देश का सबसे तेजी से बढ़ता फोन ब्रांड है। नथिंग ने भारत में अपने तेजी से बढ़ती ग्राहकों की संख्या को देखत हुए अपने सर्विस सेंटर नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की है। 2024 की पहली छमाही में 567प्रतिशत की ग्रोथ के साथ नथिंग भारत का सबसे तेजी से बढ़ने वाला स्मार्टफोन ब्रांड बन गया है। अपनी मजबूत उपस्थिति को देखते हुए नथिंग इंडिया अब पूरे देश में कस्टमर सपोर्ट की पहुंच बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। नथिंग इंडिया के मार्केटिंग हेड प्रणय राव ने कहा नथिंग इंडिया ग्राहकों को बेजोड़ कस्टमर सर्विस प्रदान करने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। हमारे सर्विस सेंटर का विस्तार ग्राहक संतुष्टि को लेकर हमारी प्रतिबद्धता और भारतीय बाजार में हमारी जोरदार ग्रोथ का प्रमाण है। हम अपने सर्विस सेंटर के एक मजबूत नेटवर्क और विस्तृत पिकअप एवं ड्रॉप सेवा के साथ ग्राहकों को बेहतरीन सपोर्ट प्रदान करते हैं। हमारे इन प्रयासों से ग्राहकों को एक निर्बाध और कुशल सर्विस का लाभ मिलता है।अक्टूबर महीने में नथिंग इंडिया हैदराबाद और चेन्नई में दो और एक्सक्लूसिव सर्विस सेंटर की शुरुआत करने जा रही है। इन दो नए सर्विस सेंटर के साथ देश भर में नथिंग के एक्सक्लूसिव सेंटर की संख्या तीन से बढ़कर पांच हो जाएगी। वहीं कोचीन, अहमदाबाद और लखनऊ में जल्द ही नए प्रायोरिटी डेस्क की शुरुआत होने वाली है।

## ईरान ने चार देशों के राजनयिकों को तलब किया

**तेहरान।** ईरान की सरकार ने बृहस्पतिवार को ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और नीदरलैंड के राजनयिकों को उनके उन आरोपों पर तलब किया जिसमें कहा गया है कि तेहरान ने यूक्रेन के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए रूस को कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों की आपूर्ति की थी। राज्य संचालित आईआरएनए समाचार एजेंसी ने बताया कि देश के विदेश मंत्रालय ने आरोपों की कड़ी निंदा करने के लिए गुरुवार को दूतों को अलग से बुलाया। सरकार समाचार एजेंसी आईआरएनए ने कहा कि देश के विदेश मंत्रालय ने आरोपों की कड़ी निंदा करने के लिए बृहस्पतिवार को दूतों को तलब किया। आईआरएनए ने कहा कि मंत्रालय ने ईरान के खिलाफ संयुक्त बयान जारी करने के लिए ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की निंदा की और इसे अपरंपरागत और गैर-रचनात्मक बयान करार दिया।

# बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया अस्पताल में भर्ती

भाषा। ढाका

**बांग्लादेश की** पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को बुधवार देर रात एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। समाचारपत्र ढाका ट्रिब्यून ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्य सैरुल कबीर खान के हवाले से बताया कि पार्टी अध्यक्ष (79) को उनके आवास गुलशन से बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात करीब ।:40 बजे एवरकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिया के फिजिशियन ए.जेड.एम. जाहिद हुसैन ने कहा कि चिकित्सकों ने पूर्व प्रधानमंत्री की कई जांच कराने की सलाह दी है। अस्पताल में भर्ती होने के बाद उन्हें एक निजी कक्ष में



पहुंचाया गया है। हुसैन ने कहा, जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही उनके आगे के इलाज के बारे में फैसला किया जाएगा। खालिदा जिया इसी अस्पताल में 45 दिन तक इलाज कराने के बाद 21 अगस्त को घर लौटी थीं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री जिया पिछले पांच साल से नजरबंद थीं,राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के आदेश के बाद छह अगस्त को उन्हें रिहा किया गया था। बीएनपी की अध्यक्ष लंबे समय से विभिन्न बीमारियों से जूझ रही हैं। उन्हें लीवर सिरोसिस , गठिया, मधुमेह तथा गुर्दे, फेफड़े, हृदय और आंखों से संबंधित बीमारियां हैं। चिकित्सकों ने 23 जून को उन्हें पेसमेकर लगाया था। पेसमेकर एक उपकरण है जिसका उपयोग अनियमित हृदय गति को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।नवंबर 2021 में लीवर सिरोसिस का पता चलने के बाद से ही जिया के चिकित्सक उन्हें विदेश भेजने की सिफारिश कर रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री को इस महीने की शुरुआत में पांच अलग-अलग मामलों में बरी कर दिया गया था, जिनमें से एक मामला नकली जन्मदिन मनाने और दूसरा युद्ध के अपराधियों का समर्थन करने के आरोप में दर्ज किया गया था। बीएनपी की अध्यक्ष खालिदा जिया मार्च 1991 से मार्च 1996 तक और फिर जून 2001 से अक्टूबर 2006 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रही हैं।

## नाइजीरिया में बाढ़ से 30 लोगों की मौत, लाखों लोग विस्थापित

**अबुजा (नाइजीरिया)।** उत्तर-पूर्व नाइजीरिया में भीषण बाढ़ के कारण 30 लोगों की मौत हो गई और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगलवार को बोर्नो राज्य में एक प्रमुख बांध के टूटने से भीषण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसकी वजह से निवासियों को अपने अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थान पर शरण लेनी पड़ी। यही बांध 30 साल पहले भी टूटा था। राज्य सरकार ने कहा कि असामान्य रूप से भारी बारिश के कारण बांध में क्षमता के मुताबिक पर्याप्त पानी भर गया था। नाइजीरिया में दो वर्ष पहले भी भीषण आई थी जिसमें 600 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। राज्य पुलिस के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि बोर्नो राज्य की राजधानी मैदुगुरी का करीब 15 प्रतिशत हिस्सा जलमग्न है।

# दुबई के रिसॉर्ट्स और होटल्स का बढ़ रहा है आकषर्ण

**दुबई।** दुबई अपनी भव्यता के लिए प्रसिद्ध है, और इसके शीर्ष रिसॉर्ट और होटल इस भव्यता का उदाहरण हैं। महलनुमा डिज़ाइन से लेकर प्राचीन समुद्र तटों तक, प्रत्येक स्थान भव्यता और असाधारण सेवा का एक अलग मिश्रण प्रदान करता है, जो इस जीवंत शहर में एक अविस्मरणीय अनुभव सुनिश्चित करता है। चाहे आप एक शांत रेगिस्तानी पलायन की तलाश में हों या एक ग्लैमरस समुद्र तट रिट्रीट की, दुबई के तमाम लक्ज़री आवास अत्यधिक विलासिता का वादा करते हैं। 2004 से एक रेगिस्तानी रत्न, बाब अल शम्स हरे-भरे बगीचों और अरब वास्तुकला के बीच परिवार के अनुकूल मनोरंजन प्रदान करता है। हाल ही में पुनर्निर्मित, यह अब अपने मूल आकर्षण को बनाए रखते हुए एक ताज़ा, आधुनिक डिज़ाइन पेश करता है। रिसॉर्ट में रेत के नज़ारों वाले शानदार स्विमिंग पूल, भूमध्यसागरीय ज़ाला और रुफटॉप अनवा सहित नए भोजन स्थल और रेगिस्तान के रोमांच के लिए एक लैंड रोवर डिस्कवरीज है। 2023 गोल्ड लिस्ट में शामिल, जुमेरा अल कसर एक ऐसा महल है जो अरब की विलासिता का प्रतीक है। जुमेरा के मल्टी-रिसॉर्ट एन्क्लेव में बसा यह रिट्रीट अरब के स्तंभों और मशराबिया जालीदार काम से सजे हॉलवे प्रदान करता है। ताड़ के पेड़ों से सजे परिदृश्य और दुबई के क्षितिज के नज़ारे वाले कमरे एक शाही अनुभव देते हैं। एक शांत नखलिस्तान, यह रीडर्स चॉइस अवार्ड विजेता हर मोड़ पर विलासिता प्रदान करता है, शानदार पूल से लेकर बोस से सुसज्जित कमरे तक। एक्वा डि पर्मा उत्पादों से भरे विशाल बाथरूम, शानदार माहौल को और भी बेहतर बनाते हैं। फाइव पाम जुमेराह एक शानदार बीचफ्रंट सेटिंग में जीवंत ऊर्जा और आराम का मिश्रण है। छत पर बने स्पा पूल में हाइड्रोथेरेपी जेट उपलब्ध हैं, जबकि खाने के विकल्पों में सिंक में इतालवी अल-फ्रेस्को से लेकर द पेंटहाउस में स्काईलाइन के नज़ारों वाली सुशी तक शामिल हैं। पार्क हयात डच और जर्मन पर्यटकों से लेकर स्थानीय लोगों तक, दुनिया भर से विविध लोगों को आकर्षित करता है। कमरे आधुनिक अरब लहजे के साथ अल्ट्रा-सॉफ्ट गद्दे और व्यक्तिगत नींद के लिए तकिया मेनू का मिश्रण हैं। बाथरूम बुलगारी टॉयलेटरीज़, एक स्टैंडिंग शॉवर और एक अलग बाथटब से सुसज्जित हैं। इटैलियन डिज़ाइन की एक उत्कृष्ट कृति, बुलगारी रिज़ॉर्ट दुबई अतिसूक्ष्मवाद को उच्च-स्तरीय विलासिता के साथ मिश्रित करती है। यह निजी द्वीप रिट्रीट मरीना और यॉट क्लब से दुबई के क्षितिज के शानदार दृश्य प्रस्तुत करता है।

## इमरान के मामले की सैन्य अदालत में संभावित सुनवाई पर पाकिस्तान सरकार से स्पष्टीकरण मांगा गया

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के एक उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को सरकार से जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से जुड़े मामले की सैन्य अदालत में संभावित सुनवाई को लेकर जारी अनिश्चितता पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय नौ मई, 2023 की हिंसा में खान की संलिप्तता को लेकर खान की संभावित सैन्य हिरासत और मुकदमे को रोकने के लिए दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इमरान की की गिरफ्तारी के बाद उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थकों ने कथित तौर पर नौ मई, 2023 को सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था।

# आतंकवाद में बदलाव : मुकाबला करने के लिए तैयार हैं?

भाषा। मिलानो (इटली)

**जब अल-कायदा** सदस्यों ने 11 सितंबर 2001 को न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में वाणिज्यिक विमानों से टक्कर मारी थी तब दुनिया के सामने यह स्पष्ट हो गया था कि आतंकवादी कौन हैं। लेकिन, 23 साल बाद भी वास्तविकता यह है कि आतंकवादियों का कोई एक प्रकार नहीं है। चूंकि विश्व भर में सुरक्षा बल सभी प्रकार के समूहों से उत्पन्न खतरों से जूझ रहे हैं, इसलिए प्रतिद्वंद्वी कौन है, इस पर सहमति अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। आतंकवाद की एक प्रभावी परिभाषा जरूरी है ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए परिचालन नियम तैयार किए जा सकें तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति और युद्ध, मित्रों और शत्रुओं तथा खतरे के परिदृश्यों के साझा परिप्रेक्ष्य के आधार पर संयुक्त प्रयासों



को सुविधाजनक बनाया जा सके। अच्छाई, बुराई और आतंकवादी- कोई शख्स अपनी गतिविधियों के कारण आतंकवादी कहलाता है, न कि अपने विश्वासों के कारण, तथा उसकी गतिविधियों के कारण ही उस पर मुकदमा चलाया जाता है। अच्छाई और बुराई के सैद्धांतिक स्तर पर आतंकवाद को लेकर चर्चा करना निरर्थक है। भले ही हम सभी इस बात पर सहमत हों कि आतंकवाद बुराई की अभिव्यक्ति है, लेकिन इस बात पर सहमति नहीं बन सकती कि आतंकवादी कौन हैं। अच्छाई और बुराई को भूलकर, आतंकवाद के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करना, इसके प्रभावों को रोकना जिन्हें हम स्वीकार नहीं कर सकते। आतंकवाद को परिभाषित करना- 11 सितंबर 2001 के हमले के दस साल बाद, अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र (आईसीसीटी) के प्रतिष्ठित फेलो और आतंकवाद अनुसंधान पहल (टीआरआई) के निदेशक एलेक्स पी. शिमड ने 21वीं सदी में आतंकवाद की वैज्ञानिक परिभाषा पर पहुंचने के लिए दर्जनों विशेषज्ञों की राय ली। इसके परिणामस्वरूप विशेषताओं की एक लंबी सूची सामने आई है, जिनमें आतंकित के विषय पर बल दिया गया है और इसमें संचार को आतंकवाद के एक विशिष्ट तत्व के रूप में पहचाना गया है, तथा नागरिक लक्ष्यों के प्रति अंधाधुंध हिंसा का प्रयोग किया गया है। परिभाषाओं की इतनी अधिकता के कारण आतंकवाद के खतरों का मुकाबला करने के लिए एक सामान्य परिचालन परिप्रेक्ष्य तैयार करना मुश्किल हो जाता है। दुर्भाग्यवश,आतंकवाद की बहुत सी परिभाषाएं, विश्व में इस घटना के अनुभव को संदर्भित करती हैं जो अब अस्तित्व में नहीं है।

# नेतन्याहू ने शांति के बजाय युद्ध को क्यों चुना?

भाषा। सिडनी

**विरोध प्रदर्शन** जैसे-जैसे बढ़ रहे हैं बेंजामिन नेतन्याहू सत्ता पर काबिज होने की कोशिश कर रहे हैं और यह नुकसान की परवाह किए बिना अपने राजनीतिक और कानूनी भविष्य को आकार देने की एक चाल प्रतीत होती है। युद्ध से थके और क्रोधित हजारों इजराइली सप्ताह दर सप्ताह सड़कों पर उतर रहे हैं और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से समझौता करने तथा सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद बंधक बनाए गए बंधकों (बचे हुए) को वापस लाने की मांग कर रहे हैं। उनकी मांगों पर कोई जवाब नहीं मिला है। इन विशाल सार्वजनिक प्रदर्शनों में 18 महीनों में सबसे बड़ी राष्ट्रव्यापी हड़ताल भी शामिल है। हमास के साथ किसी भी समझौते के लिए नई शर्तें तथा युद्ध



को दूसरे वर्ष में भी जारी रखने की प्रतिबद्धताएं सामने आई हैं। 750,000 से अधिक प्रदर्शनकारियों द्वारा इस्तीफे और युद्ध की समाप्ति की मांग के बावजूद भविष्य के लिए नेतन्याहू की एकमात्र योजना सत्ता पर काबिज रहना और हमास के खिलाफ लड़ाई जारी रखना ही प्रतीत होती है। विरोध प्रदर्शन की शुरुआत कैसे हुई? सितंबर की शुरुआत में गाजा में छह और इजरायली बंधकों के मृत पाए जाने के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग यह है कि नेतन्याहू, हमास के साथ युद्ध विराम पर हस्ताक्षर करें जिससे सात अक्टूबर 2023 के हमलों के बाद से बंदी बनाए गए शेष इजराइली नागरिकों की रिहाई हो सके। बढ़ते सार्वजनिक असंतोष के बावजूद नेतन्याहू ने किसी भी युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है तथा किसी भी संभावित समझौते में नई शर्तें जोड़ना जारी रखा है। नवीनतम विवाद इजरायल की इस जिद पर है कि वह फिलाडेल्फी कॉरिडोर में अपनी स्थाई सैन्य उपस्थिति बनाए रखे। फिलाडेल्फी कॉरिडोर गाजा पट्टी और मिस्र के बीच की सीमा पर स्थित भूमि की एक पट्टी है। हमास ऐसी किसी भी शर्त को मानने से इनकार करता है तथा मांग करता है कि सभी इजराइली सैनिकों को गाजा पट्टी खाली कर देनी चाहिए।

# मोदी से मिले पैरालंपियन, चेहरे खिले

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने गुरुवार को यहां अपने आवास पर भारत के पैरालंपियन खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें हाल ही में संपन्न पेरिस खेलों में रिकॉर्ड 29 पदक जीतने के लिए बधाई दी। खेल मंत्रालय द्वारा साझा किए गए 43 सेकेंड के वीडियो में प्रधानमंत्री को पैरालंपियन पदक विजेताओं को बधाई देते और उनसे बात करते हुए देखा जा सकता है। इस बातचीत के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के प्रमुख देवेंद्र झाझड़िया भी मौजूद थे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में लगातार दूसरा पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाली निशानेबाज अवनि लेखरा और पैरालंपिक पदक जीते वाले भारत के पहले जूडो खिलाड़ी दृष्टिबाधित कपिल परमार उन लोगों में शामिल थे जिन्हें प्रधानमंत्री के साथ तस्वीर खिंचवाते देखा गया। परमार को प्रधानमंत्री मोदी से अपने पदक पर हस्ताक्षर करवाते देखा गया। भारत ने पैरालंपिक खेलों में 29 पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें अभूतपूर्व सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं।पेरिस खेलों में भारत के 84 सदस्यीय दल ने हिस्सा लिया और तीन साल पहले तोक्यो खेलों में हासिल किए गए 19 पदकों के पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया। इन खेलों के दौरान भारत ने पहली बार एथलेटिक्स की ट्रैक स्पर्धाओं में पदक जीतने के अलावा तीरंदाजी में पहली बार स्वर्ण (हरविंदर सिंह के माध्यम से) पदक जीता। स्वदेश लौटने पर पैरालंपिक खिलाड़ियों को सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है और खेल मंत्री मांडविया ने स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख रुपए, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख रुपए और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 30 लाख रुपए का पुरस्कार दिया। राकेश कुमार के साथ मिलकर कांस्य पदक जीतने वाली बिना हाथ वाली तीरंदाज शीतल देवी जैसे मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 22.5 लाख रुपए की राशि मिली।

### पैरालंपिक पदक विजेताओं ने पीएम से मुलाकात की



### पीसीआई प्रमुख झाझड़िया ने कहा, अगले पैरालंपिक में 40 से 50 पदक जीतेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने बृहस्पतिवार को भरोसा जताया कि देश अगले पैरालंपिक में अपने पदकों की संख्या को बेहतर करेगा और लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में 40 से 50 पदक जीतेगा। इंडियन ऑयल कारपोरेशन और पीसीआई द्वारा यहां आयोजित सम्मान समारोह में झाझड़िया ने कहा, हमारे पैरा खिलाड़ियों को दिए गए समर्थन के लिए मैं सभी का धन्यवाद देना चाहता हूं। यह सम्मान समारोह उन्हे खेलो के अगले सत्र मे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होने कहा, मुझे विश्वास है कि यहां से हम लॉस एंजिल्स 2028 मे अपने प्रदर्शन मे सुधार ही करेंगे। मै खिलाड़ियों की ओर से सभी से वादा करता हूं कि हम खेलो के अगले सत्र मे कम से कम 40 से 50 पदक जीतेंगे। इस मौके पर केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और इंडियन ऑयल के मार्केटिंग निदेशक सतीश कुमार भी मौजूद थे। खडसे ने कहा, मै आज यह कहना चाहती हूं कि आपको ईश्वर का एक विशेष उपहार मिला है जिसकी बदौलत आप इतनी आगे तक पहुंच पाए है

## मानेपल्ली वियतनाम में क्वार्टर में, हांगकांग में भारतीय चुनौती समाप्त

**हो ची मिन्ह सिटी।** तरुण मानेपल्ली ने बृहस्पतिवार को यहां वियतनाम सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में दो भारतीय जोड़ियों के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तरूण ने फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ को 21-7 23-21 से हराया और वह टूर्नामेंट के एकल वर्ग में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं।मिश्रित युगल में सतीश कुमार क-रुणाकरन और आद्या वरियथ की शीर्ष वरीय जोड़ी ने चेन चेंग कुआन और हुंग यू ऐन की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ 21-18 21-11 से आसान जीत दर्ज की।ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की छठी वरीय जोड़ी को भी बोक्का नवनीत और रितिका ठाकर की हमवतन जोड़ी को 21-9 21-7 से हराने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा।पुरुष एकल में भरत राघव को चीन के वैंग झेंग शिंग के खिलाफ 12-21 18-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि आलाप मिश्रा ने सिंगापुर के जिया वेई जोएल कोह को कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अंततः 14-21 22-20 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# दलीप ट्रॉफी : इशान किशन ने शतक के साथ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यादगार वापसी की

भाषा। अनंतपुर

**इशान किशन** ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक साल से भी अधिक समय बाद जोरदार वापसी करते हुए शतक जड़ा जिससे भारत सी ने बृहस्पतिवार को यहां दलीप ट्रॉफी मैच में भारत बी के खिलाफ पांच विकेट पर 357 रन बनाए। किशन ने 126 गेंद में 14 चौकों और तीन छक्कों से 111 रन की पारी खेली। भारत सी ने इससे पहले अच्छी शुरुआत के बाद सलामी बल्लेबाजों रजत पाटीदार (40) और बी साई सुदर्शन (43) के विकेट जल्दी-जल्दी गंवाए जिससे उसका स्कोर दो विकेट पर 97 रन हो गया। किशन ने इस मुकाबले के साथ अपनी फिटनेस भी साबित की। वह शुरुआत में भारत डी टीम में थे लेकिन ग्रोइन की चोट के कारण दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में नहीं खेल पाए। किशन के विकल्प के तौर पर संजू सैमसन को भारत डी टीम में शामिल किया गया था जिसके बाद किशन को सी टीम में जगह मिली। मैच की शुरुआत में ही भारत सी को झटका



लगा जब कप्तान रुतुराज गायकवाड़ सिर्फ दो गेंद का सामना करने के बाद टखने की चोट के कारण वापस लौट गए।गायकवाड़ की फिटनेस को लेकर चिंताएं हालांकि इस समय दूर हो गई जब वह किशन के आउट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे। दिन का खेल खत्म होने पर गायकवाड़ 50 गेंद में सात चौकों और दो छक्कों से 46 रन बनाकर खेल रहे थे। मानव सुतार आठ रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं।दिन हालांकि किशन के नाम रहा जिन्होंने खेल के लंबे प्रारूप में यादगार वापसी की। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने तमिलनाडु में हाल में संपन्न बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश के खिलाफ पहले दौर में झारखंड की जीत के दौरान भी शतक जड़ा था।

### मुलानी शतक के करीब, भारत ए के स्टंप तक आठ विकेट पर 288 रन

**अनंतपुर।** गेंदबाजी आल राउंडर शम्स मुलानी (नाबाद 88 रन) अपने पहले प्रथम श्रेणी शतक के करीब पहुंच गए और उनकी पारी की बदौलत भारत ए ने बृहस्पतिवार को भारत डी के खिलाफ दलीप ट्रॉफी मैच के पहले दिन मुश्किल स्थिति से उबरते हुए स्टंप तक आठ विकेट पर 288 रन बना लिए। मुलानी ने मुंबई के साथी तनुष कोटियान (53 रन, 80 गेंद) के साथ मिलकर 91 रन की भागीदारी निभाई जिससे पहले सत्र में 93 रन तक पांच विकेट गंवाने वाली भारत ए उबरने में सफल रही। कुमार कुशाग्र (28 रन) ने भी मुलानी का अच्छा साथ निभाया जिन्होंने अभी तक अपनी नाबाद पारी में आठ चौके और तीन छक्के जड़ दिए हैं।

### उप्र, उत्तराखंड, महाराष्ट्र जूनियर राष्ट्रीय हॉकी में जीते

**जालंधर।** उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र ने बृहस्पतिवार को यहां 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के चौथे दिन जीत दर्ज की। इसके अलावा मणिपुर, झारखंड और बिहार ने भी अपने मुकाबले जीते।उत्तराखंड ने दिन के पहले मैच में छत्तीसगढ़ को 7-5 से हराया जबकि उत्तर प्रदेश ने पुडुचेरी को 6-1 से शिकस्त दी।महाराष्ट्र ने एकतरफा मुकाबले में गोवा को 17-1 से रौंदा। मणिपुर ने हिमाचल प्रदेश को 2-0 से शिकस्त दी जबकि झारखंड ने बंगाल को 5-1 से हराया।दिन के अंतिम मैच मे बिहार ने तेलंगाना को 3-1 से मात दी।

### पीएसपीबी, आरएसपीबी, एसएससीबी और एफसीआई सेमीफाइनल

**पुणे।** गत चैंपियन पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी), सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी), रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने बृहस्पतिवार को यहां अपने मुकाबले जीतकर चौथी हॉकी इंडिया अंतर विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मे जगह बनाई। दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में पीएसपीबी ने एकतरफा मुकाबले में स्टील प्लांट खेल बोर्ड को 6-2 से हराया जबकि एसएससीबी ने भारतीय नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) को करीबी मुकाबले मे 2-1 से शिकस्त दी। पिछले साल के उप विजेता आरएसपीबी को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को 3-2 से हराने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी जबकि एएफसी आई ने भी कड़े मुकाबले मे पंजाब नेशनल बैंक को 2-1 से हराया।

### विधात्री ने छह शॉट से बढ़त बनाई, बारिश के कारण राउंड हुआ नौ होल का

**नई दिल्ली।** विधात्री उर्स ने बृहस्पतिवार को यहां महिला प्रो गोल्फ टूर के 11वे चरण के दूसरे दौर मे अपनी कुल बढ़त तीन शॉट से बढ़ाकर छह शॉट कर ली।पर खराब मौसम के कारण दूसरे दौर को नौ होल का कर दिया गया। विधात्री ने भारी बारिश और गीले कोर्स के कारण निर्धारित समय से दो घंटे बाद अपना राउंड शुरू किया। उन्होने पहले होल मे बोगी की लेकिन दूसरे, पाचवे और सातवे मे बर्डी लगाकर दो अंडर 34 का कार्ड बनाया जिससे 27 होल मे उनका कुल स्कोर सात अंडर 101 हो गयौ।

### इस्लाम की जगह जाकिर अली बांग्लादेश टीम में

**ढाका।** बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ इस महीने के आखिर मे होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए चोटिल तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज जाकिर अली को टीम मे शामिल किया है। शरीफुल पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट से ग्रोइन की चोट से जूझ रहे है। जाकिर ने बांग्लादेश के लिए 17 टी20 मैच खेले है। उन्होंने 49 प्रथम श्रेणी मैचो मे 41 . 47 की औसत से 2862 रन बनाए है। दो मैचो की यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है।

### खेल मंत्री ने पेस से मुलाकात कर खेलों के भविष्य पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय खेलों के भविष्य तथा ओलंपिक और पैरालंपिक मे देश के प्रदर्शन में सुधार के लिए रणनीति पर चर्चा के लिए बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम मे शामिल लिएंडर पेस से मुलाकात की। आज महान ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर से मुलाकात शानदार रही। उन्हे टेनिस हॉल ऑफ फेम मे शामिल किए जाने के लिए बधाई भी दी।

# भारत ने लगाया जीत का चौका

## एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी : कोरिया को 3-1 से हराया

भाषा। हुलुनबुइर (चीन)

**कप्तान** हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैम्पियन भारत ने बृहस्पतिवार को कोरिया को 3-1 से हराकर हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में लगातार चौथी जीत दर्ज की। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने चीन को 3-0 से, जापान को 5- 0 और मलेशिया को 8-1 से हराया था। सेमीफाइनल में जगह बना चुकी भारतीय टीम अब शनिवार को आखिरी लीग मैच में पाकिस्तान से खेलेगी। छह टीमों के टूर्नामेंट में शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो सोमवार को खेला जाएगा जबकि फाइनल मंगलवार को होगा। भारत ने शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए पहले ही



हरमनप्रीत के दो गोल

क्वार्टर में दो गोल की बढत बना ली। मलेशिया के खिलाफ दो गोल करने वाले अराइजीत सिंह हुंडल ने आठवें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद विश्व के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में शुमार हरमनप्रीत ने नौवें और 43वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए। कोरिया के लिए एकमात्र गोल 30वें मिनट में जिहुन यांग ने पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। भारत ने एक बार फिर आक्रामक शुरूआत की और सुखजीत सिंह के पास पर अराइजीत ने पहला गोल दागा। इसके एक मिनट बाद ही मलेशिया के खिलाफ हैट्रिक लगाने वाले राजकुमार पाल ने भारत को पेनल्टी कॉर्नर दिलाया जिस पर हरमनप्रीत ने गोल किया। भारत के रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने प्रभावी प्रदर्शन किया और दूसरे क्वार्टर में कोरिया को गोल नहीं करने दिया। दूसरे क्वार्टर में कोरिया ने भारतीय गोल पर कई हमले बोले और आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर यांग ने गोल दाग दिया।

# अफगानिस्तान न्यूजीलैंड टेस्ट के चौथे दिन का खेल धुला

भाषा। ग्रेटर नोएडा



**बारिश के कारण** अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन का खेल धुल गया। दोनों टीमों के बीच टॉस सुबह नौ बजे होना था लेकिन भारी बारिश के कारण चौथे दिन भी खेल रद्द करना पड़ा। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा , अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड टीमों के बीच चौथे दिन का खेल लगातार बारिश के कारण नहीं हो सकेगा। इसमें कहा गया , स्टेडियम का मुआयना करके कल सुबह खेल आठ बजे शुरू करने के बारे में फैसला लिया जाएगा। पिछले चार दिन में इस मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी है। पहले दो दिन आउटफील्ड गीली थी जिससे अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी के लिए इस मैदान की तैयारी पर भी सवाल उठे हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अभी तक सात ही मैच ऐसे हुए हैं जो एक भी गेंद फेंके बिना रद्द किए गए हों। न्यूजीलैंड टीम का 1998 में डुनेडिन टेस्ट भी बारिश के कारण इसी तरह रद्द हुआ था। अफगानिस्तान इस मैच की मेजबान है जिसे शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिलता। आईसीसी से 2017 में टेस्ट टीम का दर्जा मिलने के बाद यह उसका दसवां टेस्ट है। यह टेस्ट आईसीसी विश्व चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं है।

## क्विक न्यूज

### भारत के पास डेविस कप में स्वीडन को पहली बार हराने का सुनहरा मौका

**स्टॉकहोम।** भारत के शीर्ष खिलाड़ी भले ही नही खेल रहे हो लेकिन डेविस कप टीम के पास 14 सितंबर से शुरू हो रहे विश्व ग्रुप वन मुकाबले मे स्वीडन पर पहली जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका है। भारत ने डेविस कप के इतिहास मे कभी स्वीडन को हराया नही है। भारतीय टीम अपने सर्वश्रेष्ठ एकल और युगल खिलाड़ी सुमित नागल और युकी भांबरी के बिना यहां पहुंची है जो अलग अलग कारणो से बाहर हैं। इसके बावजूद भारत का पलड़ा भारी हो सकता है क्योंकि स्वीडन की टीम उतनी मजबूत नही है। घरेलू हालात और मध्यम रफ्तार के कोर्ट का फायदा स्वीडन को मिल सकता है क्योंकि भारत को तेज रफ्तार कोर्ट अधिक रास आता है। पहले दिन रामकुमार रामनाथन पर नजरें होंगी। दूसरे एकल मे निकी पूनाचा और एन श्रीराम बालाजी में से किसी को उतारा जा सकता है। पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी एक विकल्प है लेकिन इस महत्वपूर्ण मुकाबले मे उन्हे उतारे जाने की संभावना कम ही है क्योंकि उनके पास अनुभव की कमी है। कप्तान रोहित राजपाल युगल विशेषज्ञ बालाजी को एकल मे उतार सकते है जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रासकोर्ट पर भी एकल मुकाबला खेला था।

**विराट कोहली ने क्रिकेट को बदलने में बड़ी भूमिका निभाईः रिकी पोंटिंग**

साउथम्पटन। ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिग ने भारत मे टेस्ट क्रिकेट मे क्रांति लाने मे पूर्व कप्तान विराट कोहली की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि देश के बल्लेबाज अब बड़े मंच से नही डरते और इसका सबूत विदेशो मे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियो मे उनकी सफलता है। पोंटिग ने पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के योगदान की भी सराहना की जिन्होंने जून मे भारत को टी20 विश्व कप खिताब दिलाने के बाद यह पद छोड़ दिया था। पोंटिग ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, कोहली की कप्तानी की शुरुआत की बात करें तो उन्होने क्रिकेट को बदलने मे बड़ी भूमिका निभाई और राहुल द्रविड़ ने पिछले चार साल मे इसे जारी रखा। कोहली जैसे खिलाड़ी का टीम पर प्रभाव बहुत शानदार होगा और उनके पास स्टार खिलाड़ी है। भारतीय टीम कोहली की कप्तानी मे ऑस्ट्रेलिया मे टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी थी। इसके अलावा टीम ने अन्य स्थानो पर भी कुछ यादगार जीत दर्ज की। कोहली ने कप्तानी मे अपनी आक्रामकता से सभी को यह विश्वास दिलाया कि भारतीय टीम विदेशो मे भी जीत सकती है और जब वह टीम मे नही थे तब भी उनका आत्मविश्वास टीम पर हावी रहा। ऑस्ट्रेलिया मे 2020-21 मे पिछली टेस्ट श्रृंखला के दौरान कोहली अपनी बेटी वामिका के जन्म के कारण पहले मैच के बाद भारत रवाना हो गए थे। लेकिन अजिंक्य रहाणे की कप्तानी मे भारत ने चोट और मुख्य खिलाड़ियों की अनुपस्थिति से जूझते हुए श्रृंखला मे 2-1 से ऐतिहासिक जीत हासिल की।

### टीपीएल में छठे सत्र में पदार्पण करेंगे बोपन्ना

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और अनुभवी युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना दिसंबर मे यहां होने वाले टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के आगामी सत्र मे पदार्पण करेंगे।दुनिया के छठे नंबर के युगल खिलाड़ी 44 वर्षीय बोपन्ना ने मेलबर्न मे मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर सत्र का शुरुआती ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था।युगल मे दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी बोपन्ना ने कहा, मै टेनिस प्रीमियर लीग का हिस्सा बनने को लेकर रोमांचित हूं, विशेषकर इसके 25 अंक के प्रारूप के कारण। यह साल का अंत करने का शानदार तरीका है। तीन ओलंपिक मे भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले बोपन्ना ने 2017 मे कनाडा की गैब्रिएल दाब्रोवस्की के साथ मिलकर फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीता था।

### हेड की पारी से आस्ट्रेलिया ने पहले टी20 में इंग्लैंड को हराया

**साउथम्पटन।** ट्रेविस हेड के 19 गेंद मे अर्धशतक के दम पर आस्ट्रेलिया ने तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के उद्घाटन मैच मे इंग्लैंड को 28 रन से हरा दिया। आस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर तीन गेंद बाकी रहते 179 रन पर आउट हो गई। पावरप्ले मे आस्ट्रेलिया ने 86 रन बनाए थे और दस ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 118 रन था। एक समय लग रहा था कि आस्ट्रेलिया 200 का आंकड़ा पार करेगा। हेड ने 19 गेंद मे अर्धशतक जमाते हुए 59 रन बनाए जिसमे आठ चौके और चार छक्के थे। इंग्लैड को चोटिल कप्तान जोस बटलर की कमी खली। उसने चार विकेट 52 रन पर गंवा दिए। इसके बाद लियाम लिविंगस्टोन (37) और सैम कुरेन (18) ने वापसी की कोशिश करते हुए पांचवे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। इंग्लैड ने इसके बाद दस गेंद के भीतर तीन विकेट गंवा दिए जिससे स्कोर सात विकेट पर 113 रन हो गया। पूरी टीम चार गेंद बाकी रहते 151 रन पर आउट हो गई। बाकी दो मैच कार्डिफ मे शुक्रवार को और मैनचेस्टर मे रविवार को खेले जाएंगे। इसके बाद पांच मैचों की वनडे श्रृंखला होगी।

### भाकर को आराम, आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में दो स्पर्धाओं में उतरेगी रिदम

नई दिल्ली। रिदम सांगवान सत्र के आखिरी आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल मे दो स्पर्धाओ मे उतरने वाली अकेली भारतीय होंगी जबकि दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक के बाद तीन महीने का ब्रेक दिया गया है।भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बृहस्पतिवार को 23 सदस्ईय भारतीय टीम की घोषणा की। टूर्नामेंट राइफल, पिस्टल और शॉटगन वर्ग मे कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर 13 से 18 अक्टूबर तक खेला जाएगा। टीम मे पेरिस ओलंपिक खेलने वाले नौ सदस्य शामिल है। मनु ने पेरिस ओलंपिक मे महिलाओ की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग मे कांस्य पदक जीता था। एनआरएआई महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा , हमने आईएसएसएफ विश्व कप के लिए मजबूत टीम उतारी है। पेरिस ओलंपिक के बाद टीम से अपेक्षाएं काफी बढी है।

### दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन भारत ने नौ स्वर्ण जीते

**चेन्नई।**भारतीय दल ने दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को पदकों की झड़ी लगाकर नौ स्वर्ण सहित 19 पदक हासिल किए।चैंपियनशिप के पहले दिन तीन स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत के कुल स्वर्ण पदकों की संख्या 12 हो गई है। भारतीयों ने दिन का पहला स्वर्ण महिलाओं की चक्का फेंक में अनीशा की बदौलत जीता जिन्होने 49.91 मीटर की दूरी तक चक्का फेंका और 2018 मे ए बाजवा के 48.60 मीटर के पिछले मीट रिकॉर्ड मे सुधार किया। इस बीच अमानत कंबोज ने 48.38 मीटर के साथ रजत जीता जबकि श्रीलंका की जेएच गौरांगनी ने 37.95 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। नीरू पातक ने महिलाओं की 400 मीटर मे 54.50 सेकेंड का समय लेकर भारत के लिए नौवां स्वर्ण जीता। उनकी हमवतन सैंड्रा मोल साबू ने 54.82 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता जबकि लंका की के. तक्षिमा नुहांसा ने 55.27 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

## शतरंज ओलंपियाड में भारत की शानदार शुरुआत, प्रज्ञानानंदा और वैशाली चमके



**बुडापेस्ट।** भारतीय पुरूष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड में शानदार शुरुआत करते हुए मोरक्को को 4 . 0 से हराया जबकि महिला टीम ने जमैका पर 3.5 .0.5 से जीत दर्ज की। विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने पहले दौर से ब्रेक लिया है। आर प्रज्ञानानंदा ने शुरूआत करते हुए तिसिर मोहम्मद को हराया। विदित गुजराती, अर्जुन एरिगेसी और पी हरिकृष्णा ने भी अपने अपने मुकाबले जीते। महिला वर्ग में आर वैशाली और तानिया सचदेव ने पहले टाइम कंट्रोल में ही जीत दर्ज कर ली जबकि दिव्या देशमुख को जीत के लिए पसीना बहाना पड़ा। वहीं वंतिका अग्रवाल ने ड्रॉ खेला। अन्य मुकाबलों में अमेरिका ने पनामा को 3.5 . 0.5 से हराया। ओपन वर्ग में 99 टीमों ने जीत के साथ शुरूआत करके दो दो अंक बनाए। प्रज्ञानानंदा ने मोरक्को के मोहम्मद को मात दी जबकि गुजराती ने ओखिर मेहदी पियरे को हराया। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज एरिगेसी ने भी जाक एलबिलिया के खिलाफ अपना मुकाबला मजबूती से जीता। हरिकृष्णा को अनस मोसियाद ने चुनौती दी लेकिन खेल की उनकी गहरी समझ प्रतिद्वंद्वी पर भारी पड़ी। पुरूष टीम अगले दौर में आइसलैंड से खेलेगी। महिला वर्ग में वैशाली को एडानी क्लार्क के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए कोई दिक्कत नहीं आई।

# पीटी उषा ने खेल संहिता के उल्लंघन के बाद कोषाध्यक्ष को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने देश में खेल की इस शीर्ष खेल संस्था के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के चुनाव से राष्ट्रीय खेल संहिता के उल्लंघन की शिकायत के बाद उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उषा ने 10 तारीख को लिखे पत्र में यादव को 24 सितंबर तक जवाब देने को कहा है।यादव को पत्र में उषा ने लिखा, मैं आपका ध्यान उस औपचारिक शिकायत की ओर आकर्षित करने के लिए आपको पत्र लिख रही हूं जो पिछले चुनाव में कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने की आपकी पात्रता से जुड़ी है और हाल में भारतीय ओलंपिक संघ को मिली है। पत्र में कहा गया, शिकायतकर्ता ने माननीय उच्च न्यायालय के एक फैसले का हवाला दिया है, जो शिकायतकर्ता के अनुसार चुनाव लड़ने की आपकी पात्रता के बारे में चिंता पैदा करता है।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने डब्ल्यूएफआई के लिए तदर्थ समिति के पुनर्गठन पर आईओए से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से पूछा कि वह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के कामकाज को चलाने के लिए तदर्थ समिति के पुनर्गठन के उसके आदेश के अनुसरण मे उठाए गए कदमों के बारे मे बताए। अदालत ने अनुभवी पहलवानो बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर यह निर्देश दिया जिसमे महासंघ के पदाधिकारियो के चुनाव के लिए दिसंबर मे हुए चुनावो को रद्द करने और उन्हे अवैध घोषित करने की मांग की गई थी। अदालत ने केंद्र सरकार और आईओए को पहलवानो की याचिका पर जवाब दाखिल करने का अंतिम अवसर भी दिया। ए पहलवान पिछले साल जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन मे सबसे आगे थे जिसमे सात महिला पहलवानो के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप मे डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग की गई थी।

# परंपरागत खेलों में स्कूली बच्चों ने दिखाया उत्साह

## सेंट टेरेसा कॉलेज चैंपियन



**लखनऊ।** महानगर स्थित हार्नर कॉलेज में आयोजित डॉ.सुरेन्द्र सिंह परम्परागत खेल महोत्सव के दूसरे संस्करण में स्कूली बच्चों ने सिकड़ी, गुट्टक, कंचे, पोशम्पा, घोड़ा जमाल खाए में खूब उत्साह दिखाया। हार्नर कॉलेज एवं उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में हॉर्नर कॉलेज के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित खेल महोत्सव के दौरान कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई। इसमें सेंट टेरेसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने बेहतरीन खेल दिखाया और 27 अंक के साथ विजेता होने का गौरव हासिल किया। वहीं गुरुकुल अकादमी ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन एक अंक से पिछड़ गयी और 26 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय दीप सिंह (रिटायर्ड आईएएस) ने पुरस्कार वितरित किए। समापन समारोह की अध्यक्षता हॉर्नर कॉलेज की प्रिंसिपल डा.माला मेहरा ने की। अंत में उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव एके सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आज इस खेल महोत्सव के दौरान सिकड़ी, गुट्टक, कंचे, पोशम्पा, घोड़ा जमाल खाए, पंजा कुश्ती एवम सतौलिया जैसे परंपरागत खेलों की स्पर्धाएं हुई। इसमें से कई बच्चे दूसरी बार हिस्सा ले रहे थे । वहीं कई बच्चे इन परंपरागत खेलों में पहली बार हाथ आजमा रहे थे, जिनमें एक अलग ही रोमांच दिख रहा था। इस दौरान घोड़ा जमाल खाएं की स्पर्धा हुई जिसमें बच्चे रूमाल लेकर गोल-गोल घूमते है और किसी के पीछे रुमाल रखकर भाग जाते है और बोलते जाते है- घोड़ा जमाल खाएं , पीछे देखो मार खाएं। इस स्पर्धा में प्राइमरी वर्ग में सीएमएस गोमतीनगर के वेदांत पहले, मदर ब्लेस पब्लिक स्कूल के ताजरियन अली दूसरे एवं हार्नर कॉलेज के अणर्व आनंद व सेंट रोज स्कूल की आलिमा मंसूर तीसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा के प्री प्राइमरी वर्ग में सेंट टेरेसा के उजैन जाफरी पहले, सीएमएस गोमतीनगर की सानवी दूसरे व अमाइकस एकेडमी की तृषा सिंह तीसरे स्थान पर रहे। वहीं स्कूली बच्चों ने कंचे खेलने का भी भरपूर लुत्फ उठाया। इस स्पर्धा के जूनियर वर्ग में अमाइकस एकेडमी के करन कुमार पहले, वरदान इंटरनेशनल के हमजा सिद्दीकी दूसरे व कॅरियर कान्वेंट के आतिफ अहमद तीसरे जबकि सीनियर वर्ग में हॉर्नर कॉलेज के ऋषि कश्यप पहले, मदर ब्लेस स्कूल के मो.मुतय्यब दूसरे व सीएमएस स्टेशन रोड के अर्श आलम तीसरे स्थान पर रहे।

### यूपी जंप रोप एसोसिएशन के अध्यक्ष बने संजय सिंह



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जंप रोप एसोसिएशन की सलाना मीटिंग संजय सिंह की अध्यक्षता तथा रमेंद्र सिंह के निरीक्षण में आयोजित की गई। जिसकी जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश जंप रोप एसोसिएशन के प्रमुख सचिव असलम वारसी ने बताया कि इस मीटिंग का उद्देश प्रदेश में जंप रोप खेल को बढ़ावा देना तथा नए सदस्यों का चुनाव करना है। इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोगो ने हिस्सा लिया जिनमे बाराबंकी,अयोध्या,सुल्तानपुर, आजमगढ़, बलिया, बनारस, हरदोई,जौनपुर, सीतापुर,लखीमपुर,बहराइच,चंदौली,कानपुर शामिल रहे। इस मीटिंग में निम्नलिखित लोगो को विभिन्न पदो के लिए मनोनीत किया गया-. डा. जयंत चौधरी - मेंटोर , तोसीफ़ अहमद लारी - चेयरमैन, संजय कुमार सिंह - अध्यक्ष, अरविंद कुमार सिंह - प्रमुख उपाध्यक्ष ,शरीफ तारा - उपाध्यक्ष,असलम वारसी - प्रमुख सचिव,मुशाहिद खान - सयुक्त सचिव, अनुज कुमार - सयुक्त सचिव , घनश्याम - सयुक्त सचिव, रमेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष।

### चोपड़ा और साबले डायमंड लीग सत्र फाइनल में भारतीय चुनौती पेश करेंगे

**ब्रसेल्स।** भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा और स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबिले शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे डायमंड लीग सत्र के फाइनल में दुनिया के दिग्गज खिलाड़ियों के सामने भारत की चुनौती पेश करेंगे। पहली बार डायमंड लीग फाइनल दो दिन में होगा जिसमें ओलंपिक पदक विजेताओं समेत दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी 32 स्पर्धाओं में उतरेंगे। पोल वॉल्ट रिकार्डधारी अर्मांड डु प्लांटिस , अमेरिकी फर्राटा धाविका शा कारी रिचर्डसन और बाधा दौड़ स्टार सिडनी मैकलागलिन लेवरोन इसमें नजर आएंगे। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी 3000 मीटर स्टीपलचेस खिलाड़ी साबले पेरिस ओलंपिक में 11वें स्थान पर रहे थे। वह पहली बार डायमंड लीग सत्र के फाइनल में उतरेंगे और उनकी स्पर्धा शुक्रवार को है। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण के बाद पेरिस में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा शनिवार को उतरेंगे तो जीत के साथ सत्र का समापन करना चाहेंगे। डायमंड लीग फाइनल में पहली बार दो भारतीय खिलाड़ी भाग लेंगे। साबिले डायमंड लीग तालिका में 14वें स्थान पर रहे जिनके तीन अंक हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा ( उ.प्र. )-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।